निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• 20 मार्च 2025 गुरुवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 295 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1351 : दिल्ली के सुल्तान मोहम्मद बिन तुगलक की मृत्यु हुई।
1602 : यूनाइटेड डच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई।
1977 : प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी लोकसभा चुनाव में पराजित हुई।
1982 : फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
2010 : गौरैया नाम के चिड़िया को बचाने के लिए पहली बार 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया गया।
2003 : इराक पर अमेरिका ने हमला शुरू किया।

आधी आबादी को हमारी सरकार दे रही बड़ा सम्मान : हेमंत सोरेन

बंशीधर महोत्सव में शामिल हुए सीएम, गढ़वा को दिया 182 करोड़ से अधिक का तोहफा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गढ़वा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को गढ़वा जिले को 182 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात दी। उन्होंने 182 करोड़ 73 लाख 08 हजार रुपए की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। बंशीधर महोत्सव के मौके पर उन्होंने बड़ा तोहफा दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने बंशीधर महोत्सव का पैमाना बढ़ाने का संकल्प लिया है। अब यह महोत्सव राजकीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। बाबा बंशीधर का आशीर्वाद आप सभी पर बना रहे। इस महोत्सव को इस सरकार ने राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया था। आनेवाले वर्षों में गढ़वा को सरकार कई विकास योजनाओं का तोहफा देगी। इससे पहले हेमंत सोरेन ने गढ़वा के श्री बंशीधर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-





अर्चना कर झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार राज्य के गांव-गांव की सरकार है। राज्य की आधी आबादी को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए देश में पहली बार सबसे अधिक सम्मान देने का कार्य किया गया है। चुनाव के समय जो वादा उन्होंने किया था, वह सरकार बनने के बाद तुरंत पूरा किया। कुछ लोग उनके कार्यों में अड़ंगा डाल कर उन्हें परेशान करते रहते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पलामू में भयंकर गर्मी थी, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं थी। 1200 करोड़ की कनहर परियोजना से यहां के किसानों के खेतों में सिंचाई का काम होगा। 2013-14 में पलामू को बिजली से जोड़ने का काम किया। पलामू में ही दुबीयाखांड़ मेले को उनकी सरकार ने राजकीय महोत्सव का दर्ज़ा दिया। धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल बनाने की योजना बन रही है। आनेवाले समय में विकास की गति सौ गुनी बढ़ेगी। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जल्द शुरू कर समस्याओं का निदान किया जाएगा।

अमित शाह से मिले राज्यपाल भेंट की राजभवन पत्रिका



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने झारखंड की विकास योजनाओं और विधि-व्यवस्था पर उनसे विस्तृत चर्चा की। राजभवन (रांची) द्वारा प्रकाशित 'राजभवन पत्रिका' की प्रति राज्यपाल ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 की अवधि में राजभवन की विभिन्न गतिविधियों, महत्वपूर्ण आयोजनों और पहलों का संकलन है। इसके प्रधान संपादक राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भेंट की गयी राजभवन पत्रिका में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार द्वारा आम लोगों से संवाद, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जनकल्याण को साकार करने से संबंधित गतिविधियों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों और विद्यालयों का भ्रमण कर शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं का आकलन किया है तथा छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वे उच्च शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। अन्य राज्यों से आने वाले आगंतुकों को झारखंड की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने और जनजातीय समाज के उत्थान एवं सशक्तीकरण के लिए विशेष पहल करने के लिए तत्पर रहते हैं। पत्रिका में इन सभी का जिक्र किया गया है। यह पत्रिका राज्यपाल की कार्यशैली और झारखंड के विकास की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता दिखाती है।

देश के 1337 स्टेशनों को बनाया जा रहा अत्याधुनिक : रेल मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के खड़गपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक बनाया जा रहा है। इस संबंध में लोकसभा सांसद जून मलिया द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि इस स्टेशन के विकास कार्यों के लिए निविदाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं। अब तक प्लेटफॉर्म की सतह और शेल्टर में सुधार का काम पूरा हो चुका है, जबकि नए स्टेशन भवन, प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने, परिसंचारी क्षेत्र को सुधारने आदि के कार्य जारी हैं। मंत्री ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के विकास की दीर्घकालिक योजना बनाई गई है। इसके तहत स्टेशन तक पहुंच, साफ-सफाई, फ्री वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए 'वन स्टेशन, वन प्रोडक्ट' कियोस्क, आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज और व्यापारिक बैठकों के लिए विशेष स्थान जैसी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इस योजना के तहत पूरे देश में 1337 स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है, जिनमें पश्चिम बंगाल के 101 स्टेशन शामिल हैं। इनमें हावड़ा, सियालदह, न्यू जलपाईगुड़ी, बर्दवान, अलीपुरद्वार, मालदा टाउन, दुर्गापुर, आसनसोल, दार्जिलिंग और खड़गपुर सहित प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। रेलवे मंत्री ने बताया कि रेलवे स्टेशनों के विकास और आधुनिकीकरण के लिए बजट आवंटन जोनवार किया जाता है, न कि स्टेशन या राज्यवार। पश्चिम बंगाल के चार जोन- पूर्व रेलवे, उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे, दक्षिण-पूर्व रेलवे और मेट्रो रेलवे के लिए 2024-25 में 1,450 करोड़ रुपये का संशोधित बजट आवंटित किया गया है। रेलवे स्टेशनों के उन्नयन और आधुनिकीकरण के कार्य में कई तकनीकी और प्रशासनिक चुनौतियां आती हैं। इनमें यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा, उपयोगिताओं का स्थानांतरण, हवाईअड्डा और अग्नि सुरक्षा मंजूरी जैसी प्रक्रियाएं शामिल हैं, जिससे परियोजना की समय-सीमा निर्धारित करना संभव नहीं है। हालांकि, सरकार चरणबद्ध तरीके से इन परियोजनाओं को आगे बढ़ा रही है ताकि यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकें।

सस्ती बिजली देने के लिए बिहार सरकार प्रतिबद्ध : उर्जा मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। ऊर्जा विभाग ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विद्युत उत्पादन, संचरण और वितरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ऊर्जा विभाग की ओर से 13,484.3517 करोड़ रुपए की अनुदान मांग विधानसभा में प्रस्तुत की गई। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं के सहयोग से वितरण कंपनियों ने 15,109 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड राजस्व संग्रहण किया, जिससे 1,274 करोड़ रुपए का लाभ दर्ज किया गया। इससे वर्तमान वित्तीय वर्ष में उपभोक्ताओं के बिजली दरों में प्रति यूनिट 15 पैसे की कमी आई। राज्य सरकार लोगों को सस्ती बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्युत वितरण के क्षेत्र में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री विद्युत सहायता योजना के तहत विद्युत उपभोक्ताओं के लिए इस वित्तीय वर्ष में 15,343 करोड़ का अनुदान दिया गया, जिससे सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को बिजली दरों में राहत मिली। किसानों के लिए सिंचाई बिजली दर मात्र 55 पैसे प्रति यूनिट कर दी गई है, जिससे डीजल पंप की तुलना में 10 गुना सस्ती सिंचाई संभव हो रही है। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के तहत अब तक 5.81 लाख किसानों को बिजली कनेक्शन दिया जा चुका है, जबकि शेष किसानों को सितंबर 2026 तक कनेक्शन देने का लक्ष्य है। आरडीएसएस योजना के तहत 2274 कृषि फीडरों का निर्माण पूरा कर लिया गया है, जिससे किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। बिहार स्मार्ट प्री-पेड मीटर अधिष्ठापन में देश में अग्रणी है। अब तक 62 लाख से अधिक स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाए जा चुके हैं, जिससे उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत पर अधिक नियंत्रण मिल रहा है। अपने बेहतर प्रबंधन एवं कार्यक्षमता की बदौलत एग्रीगेट टेक्निकल एवं कमर्शियल लॉस 2005 में 59.24 प्रतिशत से घटकर 2025 में अब तक 19.94 प्रतिशत हो गई है। अपने बजट भाषण में ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य में वर्तमान में बरौनी, कांटी, बाढ़, नबीनगर, कहलगांव सहित विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों की कुल स्थापित क्षमता 8,850 मेगावाट है। बाढ़ ताप विद्युत परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की एक नई इकाई इस वर्ष से उत्पादन शुरू करेगी, जबकि बक्सर (चौसा) में 1,320 मेगावाट की ताप विद्युत परियोजना 2025-26 में क्रियान्वित होगी। भागलपुर के पीरपैंती में 2,400 मेगावाट की ताप विद्युत परियोजना को स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे यह राज्य की सबसे बड़ी निजी निवेश वाली परियोजना बनेगी।

भूमि सर्वे सेटलमेंट का मामला विधानसभा सत्र में छाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

टुण्डी (धनबाद)। धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड के ग्राम खेशमी मौजा का पुनः भूमि सर्वे सेटलमेंट कर रैयतों को नया नक्शा उपलब्ध कराने का मामला बुधवार को छाया रहा। विधानसभा सत्र के दौरान शून्यकाल में मामला को उठाते हुए झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह सतारूढ़ दल के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलते हुए अविलंब भूमि सर्वे सेटलमेंट कर नया नक्शा उपलब्ध कराने का मांग किया तथा राजगंज धावाचीता बोलाईटांड़ मार्ग को जोड़ने वाला एक मात्र जोरियां में अवस्थित पुलिया एवं पथ का मरम्मति कार्य जो जनहित में अति आवश्यक है अविलंब संज्ञान में लेते हुए जोरिया पर पुलिया को विस्तार करते हुए चार स्तंभों का पुल निर्माण कार्य का मामला उठाया। साथ ही झारखंड आंदोलनकारियों को उचित एवं समय पर मुआवजा देने का मांग किया। बताया जाता है कि टुण्डी विधायक मथुरा



प्रसाद महतो विधानसभा की कार्यवाही के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र टुण्डी के कई महत्वाकांक्षी योजनाएं धरातल पर पूर्णरूपेण उतारने की लिए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर लगातार छाए रहे एवं टुण्डी की पूर्ण विकास कैसे हो इसपर लगातार अपडेट रहे।

एक करोड़ की डकैती में दो आरोपित गिरफ्तार

पटना (नबिटा ब्यूरो)। कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रत्न कॉम्प्लेक्स के निजी प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर में हुई 1 करोड़ की लूट में पुलिस ने सभी आरोपितों की पहचान कर ली है। एसपी सदर अभिनव ने बताया कि 'अब तक दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कुछ और संदिग्धों को पकड़ा गया है। उनसे भी पूछताछ की जा रही है। पटना के बोरिंग रोड, कंकड़बाग, अथमलगोला, बख्तियारपुर समेत 12 से अधिक जगहों पर छापेमारी चल रही है। सेल की भी पूरी टीम लगी हुई है। 1 और संदिग्ध से पूछताछ जारी है। गिरफ्तारी की पुष्टि कंकड़बाग के थानेदार नीरज ठाकुर ने की है।

हजारीबाग और रामगढ़ में रेलवे लाइन दोहरीकरण को गति, डीपीआर तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार तेजी से कार्य कर रही है। हजारीबाग और रामगढ़ में रेलवे ट्रैक दोहरीकरण की योजना को आगे बढ़ाते हुए कोडरमा-हजारीबाग-अरिगड़ा (133 किमी) खंड के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है, जिसकी अनुमानित लागत 2887.11 करोड़ रू. है। इसके साथ ही मुरी-बरकाकाना-रामगढ़ (58 किमी) खंड के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) को भी मंजूरी दी गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद मनीष जायसवाल के सवाल के जवाब में बताया कि रेलवे परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से मंजूरी दी जाती है। इन परियोजनाओं के लिए नीति आयोग, वित्त मंत्रालय सहित विभिन्न विभागों की स्वीकृति आवश्यक होती है। अनुमोदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही समय-सीमा तय की जा सकेगी।

झारखंड में रेलवे विस्तार को नया बल

झारखंड में रेलवे की 32 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिनकी कुल लंबाई 3070 किमी और अनुमानित लागत 52,885 करोड़ रू. है। इनमें से 744 किमी रेलवे लाइन का कार्य पूरा कर लिया गया है और 15,986 करोड़ रू. खर्च किए जा चुके हैं। वर्ष 2024-25 में रेलवे के लिए 7302 करोड़ रू. का बजट आवंटित किया गया है, जो 2009-14 की तुलना में 16 गुना अधिक है।

नई रेल परियोजनाओं को प्राथमिकता

रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे परियोजनाएं सामाजिक-आर्थिक विकास, पर्यटन, धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी और यातायात बढ़ोतरी को ध्यान में रखकर स्वीकृत की जाती हैं। राज्य में रेलवे परियोजनाओं की गति तेज करने के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विभिन्न एजेंसियों से अनुमोदन प्रक्रिया जल्द पूरी करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

एटीएम से 6.17 लाख रुपए की लूट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। हजारीबाग जिले के बरही के बरसोत में जीटी रोड के किनारे भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से 6.17 लाख रुपए की लूट हुई है। अपराधियों ने मनोज कुमार मणिलाल के मकान में स्थित एसबीआई एटीएम को मंगलवार की रात लूटा। 5-6 अपराधियों ने शटर तोड़कर 6.17 लाख रुपए लूट लिये। काले रंग की स्कॉर्पियो में रात के 1:37 बजे आये अपराधियों ने अपना चेहरा ढक लिया था। अपराधियों ने सबसे पहले शटर को काटा और केबिन के अंदर दाखिल हुए। अंदर लगे 3 सीसीटीवी कैमरे को काले रंग का स्प्रे मारकर बेकाम कर दिया। इसके बाद एटीएम मशीन के कैश कैबिनेट को तोड़ा और उसमें रखी सारी रकम निकाल ली। सुबह घटना की सूचना मिलने पर बरही डीएसपी अजीत कुमार विमल और हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एसपी ने अपराधियों का पता लगाने के लिए पुलिस को सक्रिय कर दिया है। फॉरेंसिक टीम ने फिंगर प्रिंट्स ले लिये हैं।

सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार का एक और केस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। एंटी करप्शन ब्यूरो ने आप नेता और पूर्व विधायक सत्येंद्र जैन के खिलाफ दिल्ली में 571 करोड़ रुपए के सीसीटीवी प्रोजेक्ट घोटाले में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया है। जॉइंट कमिशनर और एसीबी चीफ मधुर वर्मा के मुताबिक, सत्येंद्र जैन ने दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने में देरी के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड पर लगाए गए 16 करोड़ रुपए के जुर्माने को मनमाने ढंग से माफ कर दिया। इसके बदले जैन ने 7 करोड़ रुपए की रिश्वत ली थी। सीसीटीवी प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कंपनी ने कैमरे इंस्टॉल करने में गड़बड़ी की थी। प्रोजेक्ट खत्म होने तक ज्यादातर कैमरे खराब पाए गए थे। सत्येंद्र जैन इस प्रोजेक्ट के नोडल ऑफिसर थे। जांच के दौरान एक अधिकारी ने गड़बड़ी की शिकायत की, जिससे आरोपों की पुष्टि हुई।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

किशनगंज बस टर्मिनल का ठेका 1.99 करोड़ में मिला

■ हबीबुर रहमान ने लगाई सबसे ऊंची बोली, 7 और स्थानों के ठेके भी हुए आवंटित



किशनगंज, एजेंसी। किशनगंज के वीर कुंवर सिंह बस टर्मिनल की नीलामी में हबीबुर रहमान ने 1 करोड़ 99 लाख रुपए की सबसे ऊंची बोली लगाकर ठेका हासिल किया। नगर परिषद ने विभिन्न स्थानों के लिए नीलामी प्रक्रिया पूरी की। मोहम्मद मुस्तकीम को होर्डिंग और विज्ञापन का एक साल का ठेका 3 लाख 70 हजार रुपए में मिला। आलमगंज हाट का वार्षिक ठेका जमाल अहमद अंसारी ने 6 लाख 32 हजार रुपए में लिया।रहमत खान ने दो ठेके हासिल किए। माधव नगर सब्जी मंडी का ठेका 11 लाख 58 हजार रुपए में और माधव नगर मांस-मछली हाट का ठेका 3 लाख 50 हजार रुपए में उनके नाम हुआ। डी मार्केट सब्जी मंडी का वार्षिक ठेका मोहम्मद अशरफ रहमानी को 9 लाख 25 हजार रुपए में मिला। अब्दुल बारी ने भी दो ठेके हासिल किए। उन्होंने डे मार्केट मांस-मछली हाट का ठेका 5 लाख 51 हजार रुपए में और न्यायालय परिसर के सामने साइकिल-मोटरसाइकिल पार्किंग का ठेका 9 लाख 20 हजार 500 रुपए में लिया। नीलामी के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी प्रवीण कुमार और नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मई से शुरू होगी चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति

■ विधानसभा में शिक्षा मंत्री ने की घोषणा



पटना, एजेंसी। बिहार में चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया मई से शुरू होगी. बीपीएससी के माध्यम से शिक्षकों की बहाली होगी. तीसरे चरण में खाली रह गए पदों को भी चौथे चरण (टीआर ई-4) की नियुक्ति में शामिल किया जाएगा. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने मंगलवार को विधानसभी में इसकी घोषणा की है. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा में प्रश्न काल के दौरान विधायक अरुण कुमार के सवाल पर यह जानकारी दी. उन्होंने तीसरे चरण की नियुक्ति में बीपीएससी के सप्लीमेंट्री रिजल्ट को लेकर बताया कि तीसरे चरण की नियुक्ति के तहत सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने पर तत्काल कोई विचार नहीं है. विधायक अरुण कुमार ने पद खाली रह जाने को लेकर सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग की थी. टीआरई-3 में 60000 से अधिक शिक्षक पास हुए थे, लेकिन नई जगह पर नियुक्ति के कारण उनका स्थान रिक्त हो गया है. पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दी थी. शिक्षक संघ के तरफ से भी लगातार मांग हो रही थी कि तीसरे चरण में खाली पड़े पदों पर सप्लीमेंट्री रिजल्ट निकाला जाए. अभ्यर्थियों की तरफ से प्रदर्शन भी हो रहे हैं लेकिन शिक्षा मंत्री ने एक तरह से साफ कर दिया कि अब सप्लीमेंट्री रिजल्ट नहीं होगा. चौथे चरण में जो बहाली होगी, उसी में तीसरे चरण के खाली पदों को भी शामिल किया जाएगा. वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधान परिषद में शिक्षकों के बकाए वेतन भुगतान को लेकर कहा कि सात दिनों में शिक्षकों को वेतन दे दिया जाएगा. विधान परिषद में संजीव कुमार सिंह सहित कई सदस्यों ने सरकार का ध्यान आर्टिस्ट कराया था और उसके बाद ही इस पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सरकार की तरफ से आश्वासन दिया. बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले 12 लाख नौकरी देने का वादा नीतीश सरकार की तरफ से किया गया है. 9 लाख से अधिक नौकरी दे देने की बात कही जा रही है. इसमें सबसे अधिक 5 लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की गई है और चौथे चरण में भी बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति करने की तैयारी है. इसमें दिव्यांग बच्चों के लिए भी शिक्षक की नियुक्ति होगी.

बिहार कांग्रेस में बड़ा बदलाव, अखिलेश सिंह की जगह विधायक राजेश कुमार बने नए प्रदेश अध्यक्ष

पटना, एजेंसी। जिसकी चर्चा पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही थी उसपर आखिरकार मुहर लग गया है. बिहार कांग्रेस अध्यक्ष के पद से अखिलेश सिंह को हटा दिया गया है. उनकी जगह विधायक राजेश कुमार को नया अध्यक्ष बनाया गया है. इस बाबत कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल की तरफ से पत्र भी जारी कर दिया गया है.



कौन हैं राजेश राम

राजेश कुमार उर्फ राजेश राम औरंगाबाद के कुटुंबा से विधायक हैं. उन्होंने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है. दलित समुदाय से होने के साथ-साथ इनकी एक बड़ी खासियत ये भी है कि ये गुटबाजी से दूर रहते हैं.

कहीं लालू ये ज्यादा नजदीकी तो नहीं पड़ी भारी!

अखिलेश सिंह को लेकर पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा हो रही थी. खासकर आरजेडी से उनकी निकटता को लेकर पार्टी में दो फाड़ दिखाई पड़ रहे थे. यही नहीं जब बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु पटना आए थे तो उन्होंने काफी सख्त संदेश भी दिया था.

कन्हैया से पहले दूरी फिर नजदीकी..!

यही नहीं जब कन्हैया कुमार और उल्लावरु प्रेस कांफ्रेस करने पहुंचे थे तो अखिलेश सिंह मौजूद नहीं थे. हालांकि पलान रोको नौकरी दो यात्रा जब शुरू हुई तो वह जरूर कन्हैया कुमार के साथ नजर आए थे.

राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष बनाने के पीछे मंशा : ये तो हर कोई जानता है कि बिहार में जाति वाली राजनीति होती रही है. पिछले दोनों प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा और अखिलेश प्रसाद सिंह दोनों अपर कास्ट से आते हैं. जबकि राजेश राम दलित समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं. ऐसे में दलितों को ध्यान में रखकर कांग्रेस ने यह पासा फेंका है.

क्या कन्हैया से दूरी अखिलेश को पड़ा भारी ! : सवाल उठता है कि क्या कन्हैया कुमार से अखिलेश सिंह की दूरी उनपर भारी पड़ गई. क्या कांग्रेस का यह मानना है कि अखिलेश सिंह के मुकाबले कन्हैया कुमार भूमिहार में ज्यादा प्रभावी होंगे. वैसे कन्हैया कुमार दिल्ली से बैटिंग करते हैं. ऐसे में दिल्ली वालों ने शायद उनपर ज्यादा भरोसा जताया है.

एआईसीसी की आज हुई थी अहम बैठक : बता दें कि आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में एआईसीसी के सभी महासचिवों और प्रभारियों के साथ बैठक हुई. इस बैठक में नेता विपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद रहे. अहमदाबाद में होने वाले एआईसीसी सत्र के बारे में चर्चा की गई. 8 अप्रैल को अहमदाबाद में ही सीडब्ल्यूसी की बैठक होगी और 9 अप्रैल को एआईसीसी सत्र होगा.

रोहतास में ताबड़तोड़ छापेमारी, 18 गिरफ्तार, कैश-शराब की बोतलें और हथियार बरामद



रोहतास, एजेंसी। बिहार के सासाराम के तकिया मोहल्ले में जमीन विवाद को लेकर हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने घटना में शामिल 18 लोगों को गिरफ्तार किया है. दअरसल, पूरी रात चली छापामारी में तलाशी के दौरान अपराधियों के पास से दो पिस्टल, 24 जिंदा कारतूस, साढ़े सात लाख रुपए से अधिक नगद, 16 मोबाइल फोन और शराब की बोतल भी बरामद हुई है.

रोहतास में 18 लोग गिरफ्तार: दरअसल, सोमवार की शाम को रिहायशी इलाके में दो पक्षों में जमकर फायरिंग हुई थी. जिसके बाद दहशत फैल गया था. एसपी रौशन कुमार ने खुद छापेमारी कर इन सभी को गिरफ्तार किया. इस दौरान एसपी खुद हाथ में पिस्तौल लेकर दौड़ते नजर आए थे. एसपी ने बताया कि 15 लोगों को जहां तकिया से गिरफ्तार किया गया. वहीं तीन लोग एक स्कॉर्पियो गाड़ी से भगाने के फिराक में थे. जिसे रोहतास-कैमूर के बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया है. रोहतास एसपी रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि बनारसी प्रसाद सिंह एवं चंद्रशेखर कुमार सिंह के बीच जमीन के खरीद बिक्री का कोई पुराना मामला है. इसी मामले में पहले यह लोग एक होटल में एकत्र हुए तथा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत की गई थी, लेकिन इसी दौरान विवाद बढ़ गया और गुस्से में आकर तकिया मोहल्ले में फायरिंग कर दी. एसपी ने बताया कि विधि व्यवस्था खराब करने की कोशिश की गई. जिसके उपरांत नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची तथा छानबीन करते हुए हथियार, कारतूस, नगदी, शराब आदि बरामद किया एवं इस उपद्रव में शामिल 18 लोगों को गिरफ्तार कर लिया.

मुजफ्फरपुर में सिलेंडर विस्फोट ! रेलवे ट्रैक के किनारे बस्ती में लगी आग, कई झोपड़ी जलकर राख

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। बिहार में लगातार आगजनी की घटनाएं हो रही हैं. चूल्हे की चिंगारी, शॉर्ट सर्किट और तेज हवा के कारण रोजाना 2-3 अग्निकांड की खबरें सामने आ रही हैं. ताजा मामला मुजफ्फरपुर में रेलवे ट्रैक के किनारे स्थित झुग्गी बस्ती से सामने आया है. यहां पर एक भीषण अग्निकांड हुआ, जिसमें लगभग कई झोपड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गए. बताया जा रहा है कि खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आई चिंगारी से ब्लास्ट होने के कारण यह घटना हुई.

मुजफ्फरपुर में आग: इस अग्निकांड से इलाके में अफरा-तफरी मच गई. अगलगी की घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दो सिलेंडर फटने से आग तेजी से फैल गई जिससे कई झोपड़ियां जलकर राख हो गईं. घटना के दौरान ट्रैक से कोई ट्रेन नहीं गुजरी और न ही किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना है. इस घटना के बाद झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों में डर का माहौल है. प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है.



कैसे लगी आग?: स्थानीय लोगों ने बताया कि आग पहले रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में लगी और फिर बस्ती तक पहुंच गई. कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि किसी ने बीड़ी पीकर झाड़ियों में फेंक दी थी जिससे आग लगी और तेज हवा के कारण यह तेजी से फैल गई. हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि सिलेंडर फटने से यह आग लगी.

फायर ब्रिगेड ने संभाला मोर्चा: घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. इस दौरान लाखों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है.

पटना में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरा बच्चा, कंपनी पर 5.5 करोड़ का जुर्माना

पटना, एजेंसी। गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए केंद्र सरकार ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट की शुरुआत की है. गंगा में शहर का पानी दूषित न जाए इसके लिए अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाया जा रहा है. लेकिन नमामि गंगे प्रोजेक्ट के काम में लगे कंपनियों की लापरवाही से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है. पटना के राजीव नगर में इसी प्रोजेक्ट के तहत किए गए गड्ढे में ई-रिक्शा गिर जाने से एक बच्चा बुरी तरीके से घायल हो गया.

गड्ढे में गिरा बच्चा

राजीव नगर में पिछले कई महीने से नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत काम चल रहा है. पटना के राजीव नगर रोड नंबर 23 में नमामि गंगे प्रोजेक्ट



के तहत पाइप बिछाने का काम चल रहा है. पाइप बिछाने के लिए कई दिनों से गड्ढा करके छोड़ दिया गया था. मंगलवार को इसी गड्ढे में एक ई रिक्शा गिर गयी जिसमें शानू नाम का एक बच्चा बुरी तरीके से घायल हो गया. स्थानीय लोगों ने बच्चों को निकाल कर निजी अस्पताल में भर्ती कराया.

कंपनी पर 5.5 करोड़ का जुर्माना: नमामि गंगे प्रोजेक्ट के गड्ढे में ई रिक्शा गिर जाने की सूचना मिलने के बाद जांच के क्रम में पाया गया कि कंपनी की लापरवाही से लोगों की परेशानी बढ़ी है. बुडको के एचडी अनिमेष कुमार पाराशर ने काम में लापरवाही को देखते हुए कंपनी पर 5.5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया. सही समय पर काम पूरा नहीं करने को लेकर अब बुडको को इस कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करने की तैयारी कर रही है.

वीए टेक वाबाग लिमिटेड को मिला है काम

राजीव नगर के इलाके में एटीपी के कनेक्शन के लिए वीए टेक वाबाग लिमिटेड को पाइपलाइन विस्तार करने का काम मिला हुआ है. नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत एक महीने से राजीव नगर रोड नंबर 23 में करीब 20 फीट गड्ढा करके छोड़ दिया गया था, जिसमें पानी जमा होने के कारण स्थानीय लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. राजीव नगर के रहने वाले नवीन कुमार का कहना है कि लोगों की परेशानी को देखते हुए कई बार ठेकेदारों को बार-बार आग्रह किया गया था कि जल्द इस काम को खत्म करें.

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से आया मुख्यमंत्री नीतीश को न्योता बिहार का कैसे किया विकास इस पर देंगे ज्ञान



पटना , एजेंसी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यूएस के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने न्योता आया है. आमंत्रण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अप्रैल महीने में ऑनलाइन संवाद करने का समय मांगा गया है. जदयू के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने इसकी पुष्टि की है.

हार्वर्ड से आया मुख्यमंत्री नीतीश को न्योता :

जदयू सांसद ने कहा कि हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में सीएम नीतीश कुमार से बिहार के विकास और उनके विजन पर चर्चा की जाएगी. संजय झा ने बताया कि इस चर्चा में अगले दस साल के लिए बिहार के विकास की दिशा और सीएम नीतीश का विजन प्रमुख मुद्दा होगा. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री यह भी बताएंगे कि किस तरह बिहार एक समय में बीमारू राज्य था और किस तरह से विकास किया गया. आज देश के सबसे तेज गति से विकास करने वालों में बिहार है. खासतौर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर, गवर्नेंस और आर्थिक विकास को लेकर चर्चा की जाएगी. यह पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है.

मुख्यमंत्री को मिला आमंत्रण : मुख्यमंत्री सचिवालय ने भी इसकी पुष्टि की है. इस बाबत एक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई है. इसमें कहा गया है कि हार्वर्ड केनेडी स्कूल में भारतीय छात्र समुदाय को संबोधित करने के लिये मुख्यमंत्री को आमंत्रण मिला है.

अगले दशक के लिये बिहार का विजन

हार्वर्ड केनेडी स्कूल के कानून एवं नीति छात्र समूह और भारतीय छात्र समुदाय की ओर से, विशेष रूप से बिहार के छात्रों द्वारा ऑनलाइन चर्चा में शामिल होने के लिये बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आमंत्रित किया गया है. अगले दशक के लिये बिहार का विजन शिक्षित, समृद्ध और सक्षम विषय पर यह ऑनलाइन चर्चा आयोजित की जायेगी.

आज बिहार इमर्जिंग ग्रोथ का हब

आमंत्रण पत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कहा गया है कि आपके नेतृत्व में आज बिहार इमर्जिंग ग्रोथ का हब बन गया है. सुशासन, आर्थिक विकास, शिक्षा और बुनियादी ढांचे में हुये बदलाव ने राज्य की तस्वीर बदल दी है. बिहार का यह बदलता स्वरूप नीति निर्माताओं और वैश्विक विद्वानों के लिये एक महत्वपूर्ण केस स्टडी है.

अप्रैल में ऑनलाइन चर्चा

आनेवाले दशक में बिहार की प्रगति को लेकर तैयार रोड मैप पर आपका विजन और मार्गदर्शन जानने के लिये हमलोग उत्सुक हैं. यह चर्चा छात्रों, संकाय और शोधकर्ताओं के लिए बिहार के विकास मॉडल, चुनौतियों और भविष्य की महत्वाकांक्षाओं को जानने-समझने के लिये उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी. आमंत्रण पत्र में नीतीश कुमार से अप्रैल में ऑनलाइन चर्चा में शामिल होकर मार्गदर्शन देने हेतु समय की मांग की गयी है.



पटना-पूर्णिया का सफर 3 घंटे में, एक्सप्रेसवे बनाने के लिए 250 गांवों में जमीन का होगा अधिग्रहण

पटना, एजेंसी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पटना पूर्णिया एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके बाद भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू किया जा सकेगा. अधिसूचना के अनुसार पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे के लिए 6 जिलों के 29 प्रखंडों में 250 से अधिक गांवों में भूमि अधिग्रहित की जाएगी. 281.95 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के निर्माण पर 18042.114 करोड़ की राशि खर्च होगी.

सीमांचल के विकास को गति मिलेगी: पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को धरातल पर उतारने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है, अधिसूचना जारी के बाद परियोजना का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सकेगा. उन्होंने कहा कि सरकार पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे के कार्य को ससमय पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है. पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे न केवल बिहार के सड़क नेटवर्क को मजबूत करेगा, बल्कि सीमांचल क्षेत्र के विकास को भी नई गति देगा.

281.95 किमी लंबा एक्सप्रेसवे: कुल 281.95 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे बिहार की सबसे महत्वाकांक्षी सड़क विकास परियोजनाओं में से एक है. यह एनएच-22 के मीरनगर (वैशाली) से प्रारंभ होकर समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा एवं मधेपुरा जिलों से गुजरते हुए एनएच-27 (ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर) के चंद भट्ठी (पूर्णिया) तक जाएगा. इसका निर्माण हरित क्षेत्र मार्गरेखन पर आधारित होगा, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहेगा.

6 जिलों में होगा भूमि अधिग्रहण: पटना पूर्णिया एक्सप्रेसवे के लिए वैशाली के 6, समस्तीपुर के 8, दरभंगा के 2, सहरसा के 5, मधेपुरा के 2 एवं पूर्णिया के 6 प्रखंडों में भूमि अधिग्रहित की जाएगी. परियोजना के अंतर्गत 21 वृहद पुल, 140 लघु पुल, 11 रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी), 21 इंटरचेंज एवं 322 बीयूपी/एलबीयूपी का निर्माण किया जाएगा. 6-लेन चौड़े इस एक्सप्रेसवे की कुल अनुमानित लागत 18,042.14 करोड़ रुपये होगी.

3 घंटे में होगा पूर्णिया से पटना का सफर: वर्तमान में पटना से पूर्णिया पहुंचने के लिए दो मुख्य मार्ग हैं. मुजफ्फरपुर से एनएच-22 और एनएच-27 के जरिए जो लगभग 8:30 घंटे लेता है. वहीं दूसरा मार्ग एनएच-31 और एनएच-231 के जरिए कोरहा (कटिहार) से होकर जाता है, जो लगभग 7 घंटे का समय लेता है. नए एक्सप्रेसवे के पूर्ण होने के बाद पटना से पूर्णिया तक की यात्रा का समय केवल 3 घंटे रह जाएगा.

मुंबई से फॉरच्यूनर और थार की हुई थी चोरी, बिहार में बरामद

बक्सर, एजेंसी। महाराष्ट्र से चोरी हुई पांच लग्जरी गाड़ियों को बिहार के बक्सर बरामद किया गया है. महाराष्ट्र पुलिस ने बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव में छापेमारी कर इन वाहनों को जब्त किया. यह कार्रवाई बक्सर के औद्योगिक थाना पुलिस के संयुक्त सहयोग से की गई. इस मामले में पुलिस ने अभिषेक सिंह के घर के बाहर खड़ी संदिग्ध गाड़ियों को जब्त कर उन्हें गिरफ्तार किया. बक्सर पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने बताया कि महाराष्ट्र में थार जैसी लग्जरी गाड़ी की चोरी हुई थी. वाहन ट्रैकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ये गाड़ी बक्सर जिले के मंझरिया गांव में छिपाकर रखी गई है. सुराग के आधार पर महाराष्ट्र पुलिस ने बक्सर पुलिस से संपर्क किया. इसके बाद दोनों पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से छापेमारी की और अभिषेक सिंह के यहां से चोरी की गई थार के साथ साथ चार अन्य लक्जरी गाड़ियां भी बरामद कर हुई.

सारण का बड़ा शराब कारोबारी गिरफ्तार, पुलिस पर हमला करने के आरोप में 3 और धराए



सारण, एजेंसी। बिहार के सारण में पुलिस को बड़ा सफलता मिली है. सारण पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए एक बड़े शराब माफिया को गिरफ्तार किया है. इसका नेटवर्क पांच राज्यों में फैला हुआ था.

सारण से बड़ा शराब कारोबारी गिरफ्तार: एसपी शिखर चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर तरैया थाना द्वारा एक 22 चक्का हाइवा और एक चक्किया गाड़ी पकड़ी गई है. इसमें लगभग 6 हजार 48 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है. इस मामले में तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. इसमें एक अभियुक्त गुड्डु तिवारी बहुत बड़ा स्प्रिट कारोबारी रहा है. इसपर दर्जनों कांड दर्ज है. इसकी भी गिरफ्तारी हुई थी.

बड़ा शराब कारोबारी है शंभू पटेल

एसपी ने बताया कि शंभू पटेल की गिरफ्तारी बहुत बड़ी सफलता है. बड़े शराब कारोबारी की लिस्ट में जिले में यह टॉप 5 में शामिल है. गिरफ्तार अभियुक्तों में शंभू पटेल, पिता-बिगन प्रसाद, ग्राम गोपालबाड़ी, थाना-मशरक, जिला-सारण का रहने वाला है. वहीं रोहित कुमार, पिता-शंभू पटेल, ग्राम गोपालबाड़ी, थाना-मशरक, जिला-सारण, हरेन्द्र प्रसाद यादव उर्फ बंटी यादव, पिता-जगरनाथ प्रसाद यादव, ग्राम-गोपालबाड़ी, थाना-मशरक, जिला-सारण, शंकर प्रसाद, पिता स्व0 बिगन प्रसाद, ग्राम गोपालबाड़ी, थाना-मशरक, जिला-सारण का रहने वाला है.

शंभू पटेल का आपराधिक इतिहास

शराब माफिया शंभू पटेल का आपराधिक इतिहास रहा है. उसके खिलाफ मशरख थाने में कई मामले दर्ज हैं. कुख्यात शराब माफिया शंभू पटेल को गिरफ्तार करने में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा, अंचल पुलिस निरीक्षक, मशरक, थानाध्यक्ष, मशरक, तरैया, इसुआपुर, पानापुर थाना और थाना के अन्य कर्मी शामिल रहे है.

बिहार में शराबबंदी

बिहार में शराबबंदी 5 अप्रैल 2016 को लागू की गई थी, जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया. शराबबंदी के इस कदम का उद्देश्य शराब के नशे से जुड़ी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं को समाप्त करना था, जैसे कि घरेलू हिंसा, सड़क हादसे, और बेरोजगारी.

अभियुक्त को छुड़ाने का प्रयास

शंभू पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है. उक्त अभियुक्त के गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के परिजनों एवं अन्य सहयोगियों द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को छुड़वाने का प्रयास किया गया और जबरन धक्का मुक्की की गयी. इस संबंध में 06 नामजद और 10-15 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध मशरक थाना कांड संख्या 112/25, दिनांक 17.03.25, धारा 191(2)/190/126(2)/115(2)/118(1)/132/352/351(2) (3) बि0एन0एस0 दर्ज कर 04 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया.

पटना पुलिस में बड़ा फेरबदल, 44 अफसरों का तबादला

पटना, एजेंसी। मंगलवार को पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने जिले में 44 पुलिस पदाधिकारियों को ट्रांसफर कर दिया है. इसके साथ ही 25 थानेदारों को भी बदल दिया गया है. राजेश कुमार को गांधी मैदान और प्रभात कुमार को एसके पुरी थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है. पटना पुलिस में फेरबदल के तहत कंकड़बाग थानेदार नीरज ठाकुर को ट्रैफिक थाना बाईपास का थानाध्यक्ष बनाया है. राजीव नगर के थानेदार अमित कुमार को पटना पुलिस लाइन में पदस्थापित किया गया है. प्रभात कुमार को श्रीकृष्णापुरी का थानेदार बनाया गया है. मुकेश कुमार को कंकड़बाग की कमान सौंपी गई है.

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 19-03-2025 22:09 Page 1

महाबोधि मंदिर में धार्मिक पुस्तक से छेड़छाड़, रोष

जांच में पहुंचे डीएम व एसएसपी, दो गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। गया के बोधगया स्थित विश्वधरोहर महाबोधि मंदिर में एक धार्मिक पुस्तक से मंगलवार को छेड़छाड़ किया गया। पुस्तक के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। यह घटना से जिला प्रशासन के कान खड़े हो गए। आनन-फानन में जिला मुख्यालय से आलाधिकारी पहुंचे। सीसीटीवी में कैद तस्वीरों को बारिकी से जांच की गई। तस्वीरों के जांच के बाद वरीय अधिकारी के निर्देश पर दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार युवकों को बोधगया थाना के हवाले कर दिया गया। जहां पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार दोनों युवक उत्तर प्रदेश के चंदौली व भदोई का रहने वाला है।

पुलिस ने गिरफ्तार युवकों का नाम का खुलासा नहीं किया है, लेकिन गिरफ्तार युवकों का तार बोधगया में आंदोलन से जुड़ा है। इसकी भी पुलिस बारिकी जांच कर रही है।

जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि महाबोधि मंदिर परिसर में धार्मिक पुस्तक को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस मामले में मंदिर की सुरक्षा की जांच करने के लिए गए थे डीएम ने कहा कि पुस्तक के क्षति पहुंचाने मामले में उत्तर प्रदेश के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। मंदिर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। यहां सुरक्षा कारणों से सीसीटीवी बढ़ाया जा रहा है।

वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार, जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, समादेष्टा, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल-03 के साथ बोधगया मंदिर परिसर पहुंचे।

मंदिर के अंदर और बाहरी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं,पर्यटकों को और बेहतर सुरक्षा एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए किए गए।

प्रबंध सहित सभी पहलुओं का गहन निरीक्षण किया। सुरक्षा प्रोटोकाल का अक्षरशह पालन हो। तत्पश्चात उन्होंने सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। जांचोपरांत सीसीटीवी कैमरा बढ़ाया जाएगा। मंदिर की सुरक्षा में लगे जवान पूरी तरह मुस्तैद है।

जमीन विवाद में देवर-भाभी को मारी गोली

सासाराम । सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मदैनी में पायलट बाबा आश्रम के नजदीक जमीन के झगड़े में देवर-भाभी को गोली मारकर घायल कर दिया गया। घायल वीरेंद्र चौधरी तथा बेबी देवी को इलाज के लिए सासाराम के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस दौरान हुई मारपीट में तीन अन्य लोग भी घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल लाया गया है। वारदात के बारे में बताया जाता है कि इन लोगों की जमीन मदैनी मौजा में है। इस जमीन को लेकर विवाद है। घायल वीरेंद्र चौधरी तथा उसके भाई धर्मेंद्र चौधरी का परिवार फिलहाल नोएडा व फरीदाबाद में रहता है। पुरानी जमीन के विवाद में यह लोग सासाराम पहुंचे थे।

बताया जा रहा है कि जैसे ही यह लोग अपने जमीन पर पहुंचे, मारपीट और फायरिंग शुरू हो गई। जिसमें गोली लगने से वीरेंद्र चौधरी तथा उसकी भाभी बेबी देवी घायल हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची। वारदात के बाद आरोपी पक्ष फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

चुनाव से पहले कांग्रेस ने बढ़ायी राजद की टेंशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद से डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह की विदाई और राजेश कुमार की नियुक्ति का सीधा संदेश यह जा रहा है कि पार्टी अब राजद के साथ बराबरी की हैसियत में बात करेगी। नए प्रभारी अल्लावरु ने दो मार्च को पटना में घोषणा की थी कि कांग्रेस किसी की 'बी टीम' नहीं है। पार्टी जनता की 'ए टीम' बनकर चुनाव लड़ेगी।

अल्लावरु के इस दावे के बाद कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने दो बड़े निर्णय किए। पहले कन्हैया कुमार को बेरोजगारी के मुद्दे पर अलख जगाने के लिए जनता के बीच भेज दिया। दूसरा-प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को बदल दिया। केंद्रीय नेतृत्व के ये निर्णय उन कांग्रेसियों को उत्साहित कर रहे हैं, जो यह मानकर शिथिल हो गए थे कि राजद कृपा से ही उनका भला हो सकता है।

वैसे, कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक अजीत शर्मा ने पांच मार्च को ही संकेत दे दिया था कि पार्टी राजद की हर हां में हां नहीं मिलाने जा रही है। शर्मा ने कहा था- महागठबंधन के विधायक ही मुख्यमंत्री का चयन करेंगे। यह राजद की उस घोषणा के विरूद्ध है, जिसमें कहा जाता है कि तेजस्वी यादव ही महागठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे।

कृष्णा अल्लावरु कांग्रेस के पहले ऐसे प्रभारी हैं, जिन्होंने अब तक बिहार यात्रा में लालू प्रसाद से मिलना जरूरी नहीं समझा। टेलीफोन पर भी दोनों की बातचीत नहीं हुई है।

एआईसीसी के पूर्व सदस्य किशोर कुमार झा कहते हैं कि बराबरी से बातचीत करने का तात्पर्य यह है कि कांग्रेस लालू प्रसाद को बताएगी हम एक दूसरे पर कृपा नहीं कर रहे हैं। सम्मान के साथ सहयोग की भावना ही दोनों के लिए लाभकारी है। वैसे आम कांग्रेसियों को नेतृत्व की मंशा की भनक पहले लग गई थी।

अल्लावरु को प्रभारी बनाने के बाद कन्हैया कुमार को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी देकर नेतृत्व ने यह भी संकेत था कि कांग्रेस लालू प्रसाद की सुविधाओं का ध्यान रख कर नहीं चलेगी। कन्हैया और तेजस्वी यादव ने कभी मंच साझा नहीं किया। कन्हैया को बिहार से लोकसभा का उम्मीदवार नहीं बनाया गया। इसे भी लालू प्रसाद की इच्छा का सम्मान बताया गया था।

कांग्रेस इस राज्य में अपने पुराने जनाधार-अनुसूचित जाति, सवर्ण और मुस्लिम को फिर से जोड़ने का प्रयास कर रही है। विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान हैं। विधान परिषद में पार्टी का नेतृत्व मदन मोहन झा कर रहे हैं।

अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति के विधायक को दिया गया है, लेकिन कांग्रेस की सफलता इस बात पर आश्रित है कि नए प्रदेश अध्यक्ष को आम कांग्रेसियों का कितना समर्थन मिल पाता है। डॉ. अखिलेश सिंह या कोई दूसरे अध्यक्ष, हर कोई इस मलाल के साथ विदा होता है कि उन्हें अपने ही लोगों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिला।

फिर से मौसम के करवट लेने की संभावना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सुपौल। बिहार में मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। इस बार मौसम विभाग ने आंधी-बारिश की संभावना जताई है। दरअसल, होली के बाद शनिवार से मौसम तुरंत-तुरंत बदलता रहा। शनिवार की सुबह कुहासे भरी थी। इसके बाद दिनभर तेज धूप रही। रविवार की सुबह भी घने कुहासा वाली ही थी। कुहासा इतना घना था कि पत्तों से पानी की बूंद की तरह टपक रहा था। कुहासा समाप्त होने के बाद आसमान में बादल छाए नजर आने लगे। कुछ देर बाद मेघ की गर्जन के साथ बूंदाबांदी होने लगी। फिर पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे। सोमवार से मौसम अपनी रंगत में आ गया। अब फिर बदलाव की संभावना जताई गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम विज्ञान केंद्र अनिसाबाद के अनुसार, पूर्वोत्तर असम और आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर ऊपरी हवा में चक्रवाती संचरण बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ दक्षिण-पूर्वी ईरान और उसके आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 3.1 और 9.6 किलोमीटर ऊपर चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जा रहा है। उपरोक्त मौसमी घटकों के संयुक्त प्रभाव से बिहार में आर्द्रता में वृद्धि होने से 20-23 मार्च की अवधि के दौरान विशेषकर पश्चिम और मध्य बिहार के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा का पूर्वानुमान है। बताया गया है कि 10-30 एमएम तक वर्षा हो सकती है। इधर, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर ने मौसम संबंधी पूर्वानुमान जारी किया है। उसके मुताबिक 22 और 23 मार्च को आंधी और बिजली, तूफान की संभावना जताई गई है।

बाजार गयी युवती लापता

गया। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र से 18 वर्षीय युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर युवती के परिजनों ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को युवती परिजनों को बोलकर घर से बाजार के लिए निकली थी। लेकिन वह समय पर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। युवती की मां ने बताया कि उनकी बेटी का किसी से कोई विवाद नहीं था और वह पढ़ाई में भी काफी अच्छी थी। उन्होंने आशंका जताई है कि उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामशिला पहाड़ी पर रहने वाले दिनेश प्रसाद के बेटे विक्की कुमार ने हमारी बेटी का अपहरण किया है, क्योंकि वह अपराधी है। वह कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है।

प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या,बदमाश भागे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के भगवानपुर यादव नगर के पताही इलाके में प्रॉपर्टी डीलर राजकिशोर चौधरी की गोली मार कर हत्या कर दी गई। घटना मंगलवार की देर रात की है। वारदात को अंजाम देकर बदमाश भाग निकले।

सूचना मिलने के बाद सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच की। छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

बदमाशों द्वारा मोबाइल भी लूट लिया गया है। जब प्रोपर्टी डीलर घर नहीं पहुंचे तो स्वजन चिंतित हो गए। इसके बाद खोजबीन में निकले। इसी क्रम में देर रात रास्ते में खून से लथपथ हालत में वह मिले।

इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सदर थानाध्यक्ष अस्मित कुमार मौके पर पहुंचकर जांच की। प्रारंभिक जांच में आपसी विवाद व रंजिश में हत्या की बात सामने आई है।

बताया जा रहा कि पहले भी उनपर गोलीबारी की गई थी। पुलिस का कहना है कि मोबाइल का काल डिटेल निकालकर जांच की जा रही है।

फिलहाल स्वजन की ओर से बयान दर्ज नहीं कराया गया है। पुलिस का कहना है कि बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



नगर एसडीपीओ टू विनीता सिन्हा ने प्रारंभिक जांच के बाद कहा कि अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या की गई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र के जगदंबा नगर इलाके में मंगलवार को क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। इसमें तीन लोग घायल हो गए। इस दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग कर दी गई, लेकिन गोली किसी को नहीं लगी। घटना के बाद इलाके में गहमागहमी बन गई।

सूचना मिलने के बाद अहियापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच की। घायलों को इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है। छानबीन के दौरान पुलिस ने मौके से एक खोखा जब्त की है। अहियापुर थानाध्यक्ष रोहन कुमार ने बताया कि क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में मारपीट की घटना हुई है। इस दौरान फायरिंग भी की गई है।

रिश्वत लेते सर्वे कानूनगो हुआ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सुपौल। बिहार में निगरानी विभाग लगातार भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में त्रिवेणीगंज के जमीन सर्वे कानूनगो विकास कुमार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने पांच हजार रुपये घूस लेते बुधवार को रंगे हाथ धर दबोचा। निगरानी के डीएसपी सुजीत कुमार सागर के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने यह कार्रवाई की।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के डीएसपी सुजीत कुमार सागर ने बताया कि कानूनगो विकास कुमार प्रखंड क्षेत्र के महेशुआ निवासी अनुपम कुमार से सर्वे में जमीन के रकबा से संबंधित कार्य के नाम पर घूस की मांग कर रहा था। इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की थी। डीएसपी ने कहा कि निगरानी की टीम सत्यापन और गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया और बुधवार को त्रिवेणीगंज प्रखंड के गुड़िया पंचायत सरकार भवन में कानूनगो शिकायतकर्ता से पांच हजार रुपये घूस ले रहा था तभी निगरानी की टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में निगरानी कांड संख्या 12/2025 दर्ज कर गिरफ्तार कानूनगो को पटना ले जाया जाएगा।

मामले को लेकर परिवादी ने बताया कि सर्वे का काम चल रहा है। दो-तीन साल पूर्व जब प्लॉट पर वेरिफिकेशन के लिए अमीन गए हुए थे तो वहीं से दिक्कत हो रही है। हाल के दिनों में सर्वेयर ने घूस नहीं देने के कारण मेरे पिता द्वारा खरीदी गई जमीन का रकबा कम करके भेज दिया। उसी को ठीक करने के लिए कानूनगो विकास कुमार के पास गए थे, तो इन्होंने दस हजार रुपये घूस मांगी थी, जबकि यह जब वेरिफिकेशन के लिए वहां गए थे तो सभी बात धरातल पर सत्य पाई गई थी। इसके बावजूद भी इनके द्वारा घूस मांगी गई थी।

काफी कहने के बाद पांच हजार रुपये पर काम करने के लिए कानूनगो तैयार हुए तो इसकी शिकायत हमने निगरानी से की थी। हालांकि, त्रिवेणीगंज में निगरानी की कार्रवाई कोई नई बात नहीं है। इससे पूर्व भी पांच अधिकारी निगरानी के हत्थे चढ़ चुके हैं।

उग्र महिलाओं ने थाने में पुलिसकर्मियों से की हाथापाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खिजरसराय। बिहार के गया जिले में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब गिरफ्तारी के विरोध में उग्र हुई महिलाओं की भीड़ ने खिजरसराय थाने में घुसकर पुलिसकर्मियों से हाथापाई कर दी। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिसकर्मी अपनी जान बचाने के लिए थाना भवन के भीतर भाग खड़े हुए। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट भी की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लेकर जिला पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है।

घटना की पुष्टि कर गया के एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए लोगों में एक पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। साथ ही अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस छापामारी कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, मामला खिजरसराय थाना क्षेत्र के केनी गांव से जुड़ा है। होली के दिन यानी 15 मार्च को विनोद सिंह अपने भाई से मिलने गया था, जहां कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। इस संबंध में थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी मामले में कार्रवाई कर खिजरसराय थाना पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी की खबर मिलते ही गांव की कई महिलाएं इकट्ठी होकर खिजरसराय थाना पहुंच गईं। जैसे ही थाने का गेट खुला, महिलाएं अंदर घुस गईं और पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की और हाथापाई शुरू कर दी। भीड़ इतनी अधिक थी कि थाने में तैनात दारोगा और अन्य पुलिसकर्मी खुद को बचाने के लिए भीतर भाग गए। वहीं, महिला पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए किसी तरह उग्र महिलाओं को खदेड़ा।

घटना के बाद पूरे थाना परिसर में हड़कंप मच गया। इस दौरान महिलाओं की आक्रामकता को देखते हुए गेट बंद कर दिया गया, जिससे भीड़ और उग्र हो गई। हालांकि बाद में महिला पुलिसकर्मियों और अन्य पुलिस बल की मदद से स्थिति पर काबू पाया गया। इसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी ने बताया कि जिले में पिछले दो महीनों में पुलिस पर हमले की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इन मामलों में अब तक 40 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, जबकि पुलिस के बढ़ते दबिश के चलते 90 से अधिक आरोपी अदालत में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिसकर्मियों पर हमला किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

खेत से युवक की लाश बरामद

लगाये जा रहे तरह-तरह के कयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जिले में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला मटिहानी थाना क्षेत्र का है, जहां एक युवक की हत्या कर उसका शव मक्के के खेत में फेंक दिया गया।

शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रामदीरी चौधरी पट्टी निवासी दीपक कुमार उर्फ चिप्पू के रूप में हुई है। परिजन इस हत्या को साजिश बता रहे हैं और इसे गैंगवार का परिणाम मान रहे हैं।

परिजनों के मुताबिक, 16 मार्च की रात दो अज्ञात व्यक्ति दीपक के घर आए थे। उन्होंने दीपक को किसी बहाने से बाहर बुलाया और साथ ले गए। इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः बुधवार की सुबह रामदीरी चौधरी पट्टी टोला स्थित मक्के के खेत में एक शव मिलने की खबर आई। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो शव दीपक का निकला।

घटना की सूचना मिलते ही मटिहानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। साथ ही फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया, ताकि वैज्ञानिक तरीके से सबूत जुटाए जा सकें। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक दीपक कुमार उर्फ चिप्पू का आपराधिक इतिहास रहा है। वह रंगदारी मांगने, अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर मामलों में शामिल था। ऐसे में पुलिस इस हत्या को गैंगवार या पुरानी रंजिश का परिणाम मान रही है। हालांकि सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार खुद मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने मटिहानी थाना पुलिस और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-01) सुबोध कुमार को निर्देश दिया कि मामले की तह तक जाएं और जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार करें।

दुकान बंद कर घर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने रौंदा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। वैशाली जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा महुआ-पातेपुर मार्ग स्थित मजहराबाद गांव के पास हुआ, जहां एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान हरलोचनपुर थाना क्षेत्र के मौदह बुजुर्ग गांव निवासी 48 वर्षीय शेखर ठाकुर के रूप में हुई है। वह पातेपुर के गनौर चौक पर अपनी स्टील वर्क की दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, शेखर ठाकुर मंगलवार की रात करीब आठ बजे अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह मजहराबाद गांव के पास पहुंचे, एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शेखर ठाकुर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचते ही घायल अवस्था में पड़े युवक को स्थानीय लोगों की मदद से पातेपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी। जैसे ही परिजन पीएचसी पहुंचे, अपने प्रियजन को मृत अवस्था में देखकर उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही पातेपुर थानाध्यक्ष शिवेंद्र नारायण सिंह पुलिस टीम के साथ पीएचसी पहुंचे और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान करने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

सड़क हादसे में दो जख्मी

हाजीपुर। वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र के मलंग स्थान स्थित सीमेंट गोदाम के पास मंगलवार देर शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार दोनों युवक घोड़परास से टकरा गए, जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सराय थाना क्षेत्र के पौड़ा मदनपुर गांव निवासी 19 वर्षीय किशुन कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, किशुन कुमार अपने चचेरे भाई धीरज कुमार के साथ सराय बाजार से हाट कर मंगलवार शाम करीब सात बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान सराय-पौड़ा मार्ग पर मलंग स्थान स्थित सीमेंट गोदाम के पास अचानक एक घोड़परास ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने युवकों को घायल अवस्था में तड़पते देखा और तुरंत स्थानीय लोगों व परिजनों को सूचना दी।

आठ वर्षों से फरार इनामी महिला अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। गया में आठ साल से फरार चल रही पचास हजार रुपए की इनामी महिला अपराधी को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को इस महिला अपराधी की लंबे समय से तलाश थी, जो हत्याकांड के मामले में वांछित थी।

गया पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर अतरी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर आरोपी महिला खुशबू कुमारी को गिरफ्तारी कर लिया गया।

इस संबंध में अतरी थाना की पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला आठ साल पूर्व निमचक बथानी थाना क्षेत्र के टुल्की बिगहा गांव में एक महिला की दो अपराधियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। उस दौरान हत्या कांड में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। लेकिन आरोपी महिला खुशबू कुमारी फरार हो गई थी। उसके बाद आरोपी महिला की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पायी थी। गिरफ्तारी के लिए बिहार पुलिस ने आरोपी महिला पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। वह लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रही थी।

पुलिस का कहना है कि आरोपी महिला अतरी थाना के कतलपुरा गांव में देखी गई। उसके बाद अतरी थाना की पुलिस ने योजना बनाकर छापेमारी करने कतलपुरा गांव पहुंची तो महिला सिपाही को देखकर भागने लगी। महिला पुलिस ने दौड़ कर आरोपी महिला खुशबू कुमारी को पकड़ लिया। फिलहाल पुलिस अब आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इतने वर्षों तक उसने कहां-कहां पनाह ली थी। किन-किन लोगों ने उसकी मदद की थी। हालांकि पुलिस पुछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मालूम हो कि निमचक बथानी थाना में 6 दिसंबर 2017 को पीड़ित उपेंद्र कुमार ने पत्नी की हत्या का मामला दर्ज कराया था। उन्होंने कहा कि पूर्व से चली आ रही विवाद के कारण दो लोगों के साथ मिलकर आरोपी खुशबू कुमारी ने मेरी पत्नी की हत्या की है। थाने की पुलिस ने भादवि की धारा 302/34 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

बिहार दिवस और अधिक भव्यता से मनाने का लिया गया निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार दिवस इस वर्ष और भी अधिक भव्यता और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया जाएगा। 22 मार्च से 26 मार्च तक चलने वाले इस पांच दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया जाएगा। राजधानी पटना के विभिन्न प्रतिष्ठित स्थलों पर इस दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें महिला सशक्तिकरण थीम पर आधारित नाटकोत्सव मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा।

इस वर्ष बिहार दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रेमचंद रंगशाला विशेष केंद्र बनेगा। जहां महिला थीम पर आधारित पांच अलग-अलग नाटकों का मंचन किया जाएगा। इन सभी नाटकों की विशेषता यह होगी कि इनके मुख्य पात्र महिलाएं होंगी, जो नारी शक्ति, आत्मनिर्भरता और सामाजिक चेतना की कहानियों को मंच पर जीवंत करेंगी। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी समाज में जागरूकता का संदेश दिया जाएगा।

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की ओर से गांधी मैदान में विभागीय योजनाओं, उपलब्धियों और

महिला सशक्तिकरण पर आधारित नाटकों का होगा मंचन

सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। आमजन को सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी इन स्टॉल के माध्यम से सहज रूप से उपलब्ध होगी। सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ सृजनात्मक प्रतिभाओं को भी मंच देने का प्रयास किया गया है। ललित कला भवन में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें पटना के विभिन्न स्कूलों के विशेष बच्चों की भागीदारी होगी। साथ ही पारंपरिक पटना कलम शैली पर आधारित विशेष कार्यशाला भी दर्शकों को बिहार की कलात्मक विरासत से रूबरू कराएगी।

बिहार दिवस के आयोजन को यादगार बनाने के लिए संगीत प्रेमियों के लिए भी शानदार प्रस्तुतियों की व्यवस्था की गई है। इस उत्सव में मशहूर गायक अभिजीत भट्टाचार्य, सलमान अली, रितिक राज और प्रतिभा सिंह बघेल अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इन संगीतमय शामों में पारंपरिक लोकसंगीत से लेकर आधुनिक धुनों तक का संगम देखने को मिलेगा। इस भव्य आयोजन की रंगत और अधिक बढ़ाने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन गांधी मैदान, श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, रवींद्र भवन और प्रेमचंद रंगशाला में किया जाएगा। हर स्थल पर अलग-अलग कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है, जिससे बिहार की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाया जा सके।

फंदे से लटका मिला शिक्षक का शव

किशनगंज। जिले के पौआखाली थाना क्षेत्र से एक संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। सरकारी स्कूल में कार्यरत शिक्षक जुगल कुमार गणेश का शव उनके घर में फंदे से लटका मिला, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना भोलमारा ग्राम पंचायत के सरायकुड़ी तेली बस्ती की है, जहां सोमवार की सुबह इस दुखद खबर से लोग स्तब्ध रह गए। जानकारी के मुताबिक, जुगल कुमार गणेश किशनगंज जिले के दूधओंटी ग्राम पंचायत स्थित एनपीएस प्राथमिक विद्यालय खाड़ीबस्ती में नियोजित शिक्षक थे।

तीन शिक्षक हुए गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। बीपीएससी की परीक्षा में पास हुए तीन फर्जी अभ्यर्थियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से काउंसलिंग के दौरान की गई है। फर्जी शिक्षकों की गिरफ्तार होने के बाद शिक्षकों के बीच हड़कंप मच गया।

घटना के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि आज बेगूसराय में ळफए 3 की नियुक्ति के लिए शिक्षकों का काउंसलिंग किया जा रहा था। तीनों अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। इन पर आरोप है कि ये लोग फर्जी तरीके से बिहार का आधार कार्ड बनवाकर यहां आरक्षण का लाभ लेकर नियुक्ति पाना चाहते थे। काउंसलिंग के दौरान जब उन लोगों के शैक्षणिक प्रमाणपत्र के साथ-साथ जब इनके आधार कार्ड की जांच की गई तो पाया गया कि इनलोगों ने आधार कार्ड के साथ छेड़-छाड़ कर के अपना पता बदल दिया था।

पूर्व रेलवे

सं. ओ/एसी/टी/210 और 211/24-25 (खुली), दिनांक 18.03.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-210-24-25, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए खुली निविदा-वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन एमटीपीएस प्राइवेट साइडिंग में विभिन्न गर्डर ब्रिजों पर सुदृढ़ीकरण, सुरक्षा एवं अन्य सहायक कार्य (पार्टी की लागत पर कार्य का निष्पादन रेलवे द्वारा किया जाएगा)। **निविदा मूल्य :** रु. 3,52,94,209.54, **बयाना राशि :** रु. 3,26,500/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-211-24-25, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए खुली निविदा-आसनसोल मंडल:-आसनसोल-खाना शाखा में कालीपहाड़ी-दामोदर के बीच ब्रिज नं. 2डीके का रीगर्डरिंग एवं अन्य सहायक कार्य । **निविदा मूल्य :** रु. 2,11,82,316.08, **बयाना राशि :** रु. 2,55,900/- **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 11.04.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। ASN-379/2024-25

निवि

संक्षिप्त समाचार

पति-पत्नी को कभी लड़ना नहीं चाहिए

अमेठी , एजेंसी। जीवन में सत्य आचरण करने वाला व्यक्ति उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है। माता-पिता का आदर करना और उनकी सेवा करना ही सच्ची सेवा है। कितनी ही विपरीत परिस्थितियां क्यों न आ जाएं, जीवन में सत्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। ये बातें अमेठी कस्बे के मैरिज लॉन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवाचक सुभाष शांडिल्य महाराज ने कहीं।

प्रवाचक ने कहा कि सबसे पहले भगवान श्रीहरि विष्णु की नाभि से कमल के फूल पर बैठे ब्रह्माजी की उत्पत्ति हुई और भगवान श्रीहरि विष्णु के आदेश के अनुसार ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना की। उन्होंने मनु और शतरूपा की उत्पत्ति की। मनु और शतरूपा से पांच संतानें दो पुत्र और तीन कन्या हुईं। एक दैत्य पृथ्वी को पातालपुरी ले गया और पृथ्वी को वापस लाने के लिए भगवान श्रीहरि विष्णु ने वाराह अवतार लिया।

प्रवाचक ने कहा कि प्रभु की शरण में जो भी आता है, उसका कल्याण होता है। कहा कि पति-पत्नी को कभी भी लड़ना नहीं चाहिए। दोनों ही जीवन के दो पहिए हैं, दोनों को मिलजुल कर जीवन को आगे बढ़ाना चाहिए। कहा कि कई लोग बुढ़ापे में माता-पिता को वृद्ध आश्रम में छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों को अनेक जन्मों में घोर दुख भोगने पड़ते हैं। गलती करने के बाद क्षमा मांगना मनुष्य का गुण है। दूसरे की गलती को बिना द्वेष के क्षमा करने वाला मनुष्य महात्मा होता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

99 लाख से दुरुस्त कराया जाएगा संपर्क मार्ग

अमेठी , एजेंसी। जर्जर सड़क पर आवागमन कर रहे ग्रामीणों की परेशानी जल्द दूर होगी। 99 लाख रुपये से नरौली-शीतला का पुरवा संपर्क मार्ग की मरम्मत के प्रस्ताव को शासन से मंजूरी मिल गई है।

दयालापुर-बरोलिया संपर्क मार्ग को गुवावां होते हुए टांडा-बांदा हाईवे को जोड़ने वाले करीब तीन किलोमीटर लंबे नरौली-शीतला का पुरवा संपर्क मार्ग की निर्माण के बाद से मरम्मत नहीं होने से इन दिनों बदहाल हो गया है। वाहनों के आवागमन व जलभराव से मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन करीब 50 हजार राहगीर आवागमन करते हैं।

इससे आए दिन लोग गिरकर चोटिल होते रहते हैं। ऐसे में लोगों की परेशानी व मार्ग के जर्जर होने की सूचना पर लोक निर्माण विभाग ने सर्वे करवाते हुए मार्ग के नवनिर्माण के लिए 99 लाख रुपये का अनुमानित आगणन तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन ने प्रस्ताव मंजूर करने के साथ आगणन राशि को वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए जारी कर दिया है।

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण प्रांतीय खंड शैलेंद्र कुमार ने बताया कि ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया गतिमान है। ठेकेदार का चयन होने के बाद अवर अभियंता की निगरानी में निर्धारित समय सीमा दो माह में मानक के अनुसार निर्माण कार्य पूरा करते हुए लोगों को आवागमन में सुविधा दी जाएगी।

मेडिकल कॉलेज में बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग बनेगा

कानपुर , एजेंसी। प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में पहला बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में शुरू होगा। इसमें बर्न रोगियों का इलाज होगा, साथ ही त्वचा और बाल प्रत्यारोपण, त्वचा की लेजर सर्जरी, टेढ़े-मेढ़े अंग दुरुस्त करने, चेहरे से गैर जरूरी रोम, धाग-धब्बे, मस्से आदि हटाने समेत विभिन्न सुविधाएं रोगियों को मिलने लगेंगी। नया विभाग इसी साल से शुरू हो जाएगा। इसमें त्वचा बैंक का प्रस्ताव भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही सुपर स्पेशियलिटी एमसीएच की डिग्री भी मिलेगी। मंडल समेत आसपास के 17 जिलों के रोगियों को इससे लाभ मिलेगा। हैलट परिसर स्थित नए बर्न वार्ड भवन में प्लास्टिक सर्जरी विभाग चालू किया जाएगा। विभाग के लिए कुल 96 स्टाफ के पद शासन ने स्वीकृत कर दिए हैं। इसके अलावा प्लास्टिक सर्जरी में प्रोफेसर डॉ. प्रेम शंकर और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रशांत लूथरा पहले से नियुक्त हैं। डॉ. शंकर ने बताया कि विभाग इसी साल चालू कर दिया जाएगा। बर्न वार्ड का भवन काम पूरा होते ही हैलट प्रबंधन को हैंड ओवर हो जाएगा। इसके बाद काम शुरू हो जाएगा। इसमें बर्न के रोगियों के इलाज के साथ ही प्लास्टिक सर्जरी से जुड़ी और भी विशेषज्ञताओं पर कार्य किया जाएगा।

सिर, हाथ और पैर... पति की लाश के 15 टुकड़े, सीमेंट में बुरी तरह धंसे अंग



मेरठ , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यह दिल दहलाने वाली खबर जिसने भी सुनी वो ही हैरान हो गया। दरअसल, एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को बर्बरता से मार डाला। इसके बाद शव के टुकड़े किए और ड्रम में रखकर चिनाई करा दी। इसके बाद बेवफा पत्नी ने शिमला जाकर प्रेमी के साथ मौज मस्ती भी की। जब वापस आई तब पत्नी ने अपने पत्नी की हत्या की जानकारी परिवार को दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पति की लाश के टुकड़े बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने टुकड़ों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यह रूह कंपाने वाला मामला मेरठ के ब्रह्मपुरी थानाक्षेत्र के अंतर्गत इंदिरानगर मास्टर कॉलोनी में सामने आया है। जानकारी के अनुसार, लंदन से लौटे सौरभ कुमार (29) की चार मार्च की रात पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर हत्या कर दी। आरोपियों ने चार मार्च को शव के 15 टुकड़े ड्रम में रखकर उपर से चिनाई कर दी। मुस्कान अपनी पांच साल की बेटी को मायके में छोड़कर प्रेमी के साथ शिमला घूमने चली गई। वापस लौटकर मुस्कान ने अपने पिता को सौरभ की हत्या करने की जानकारी दी।

मर्चेंट नेवी में काम कर चुका था सौरभ कुमार

मंगलवार को प्रमोद कुमार और मुस्कान के साथ ब्रह्मपुरी थाने पहुंचे और पुलिस को वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर सौरभ शव को बरामद किया है। लंदन के एक मॉल में नौकरी कर रहा ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर की मास्टर कॉलोनी निवासी सौरभ कुमार (29) 24 फरवरी को अपने घर लौटा। दरअसल, 25 फरवरी को उसकी पत्नी मुस्कान (26) जन्मदिन था। इसी को मनाने के लिए वह वापस आया था, साथ ही 28 फरवरी को बेटी पीहू (5) का जन्मदिन था।

चार मार्च की रात पूरी तरह बदल गई कहानी

दोनों को धूमधाम से मनाया गया। इसके बाद चार मार्च की रात यह कहानी पूरी तरह बदल गई। पत्नी मुस्कान ने रात के समय खाने में कोई नशीली चीज मिलाकर सौरभ को बेहोश कर दिया। इसके बाद पड़ोस में ही रहने वाले अपने प्रेमी साहिल शुक्ला (28) को घर बुलाया और चाकू घोंपकर सौरभ की हत्या कर दी, फिर धारदार हथियार से शव के 15 टुकड़े किए और प्लास्टिक के ड्रम में टुकड़े डालकर डस्ट और सीमेंट से घोल बनाकर ढक्कन को सील कर दिया।

सौरभ का मुस्कान रस्तोगी से हुआ था प्रेम विवाह

सौरभ कुमार मर्चेंट नेवी में काम करता था। वह अक्सर विदेश में जाता रहता था। वर्ष 2020 में लंदन के एक मॉल में नौकरी करने लगा था। वर्ष 2016 में सौरभ का मुस्कान रस्तोगी से प्रेम विवाह हुआ था। दोनों की पांच साल की बेटी पीहू है। सौरभ पत्नी और बेटी के साथ इंदिरानगर में ओमपाल के मकान में तीन साल से किराये पर रह रहा था। पिता मुन्नालाल, भाई बबलू और मां रेनू ब्रह्मपुरी में ही अलग रह रहे हैं।

मुस्कान का परिवार भी उसी मोहल्ले में रहता है। वह अपनी बेटी को अक्सर मायके छोड़ देती थी। हालांकि वारदात के दिन पीहू घर में ही थी और और बराबर के कमरे में सो रही थी। हत्यारोपी साहिल शुक्ला सीए है और पड़ोस में ही रहता है। सौरभ नौकरी के कारण कई महीनों बाद आता था। इसी वजह से साहिल शुक्ला और मुस्कान की नजदीकियां बढ़ गईं।

पति को बेहोश कर प्रेमी को घर बुलाया

सौरभ को पत्नी मुस्कान के साहिल से संबंधों की जानकारी हुई। इस कारण कई दिनों से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद में 4 मार्च की रात मुस्कान ने सौरभ को खाने में नशीली दवा मिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद प्रेमी साहिल को घर पर बुला लिया। दोनों ने सौरभ के सीने में चाकू से ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी। इसके बाद शव के छुरे से लगभग 15 टुकड़े कर इन्हें प्लास्टिक ड्रम में भर दिया। इसी ड्रम में ऊपर से सीमेंट और डस्ट का घोल बनाकर शव के टुकड़ों को छिपा दिया।

चार मार्च को हत्या करने के बाद पांच मार्च को मुस्कान प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ शिमला घूमने चली गई। 17 मार्च को लौटने के बाद उसके परिजनों ने दामाद सौरभ के बारे में पूछा, तो मुस्कान ने सबकुछ बता दिया। इसके बाद मंगलवार को प्रमोद कुमार अपनी बेटी मुस्कान के साथ ब्रह्मपुरी थाने पहुंचे। पुलिस ने मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को गिरफ्तार कर सौरभ के शव को बरामद किया।

पुलिस के मुताबिक, मुस्कान और साहिल ने सौरभ के सीने में चाकू घोंपा और फिर शव को बाथरूम में ले जाकर छुरे से उसके 15 टुकड़े किए। शव सीमेंट में इस कदर धंसा हुआ था कि पोस्टमार्टम के लिए पूरे ड्रम को ही मोर्चरी भेजना पड़ा। पुलिस ने ड्रम तोड़कर शव निकाला, जिसमें सिर, दोनों हाथ, पैर के पंजे अलग-अलग मिले।

करीब दो साल पहले वर्ष 2023 में मुस्कान और साहिल की फोन पर चेटिंग सौरभ ने देख ली थी। जिसको लेकर दंपती में अक्सर विवाद रहने लगा। उधर, इसकी जानकारी लगने पर साहिल भी मुस्कान से शादी करने की जिद करने लगा। सौरभ ने पत्नी को तलाक नहीं दिया और लंदन में नौकरी करते रहे।

रास्ते से हटाने के लिए की सौरभ की हत्या-एसपी सिटी

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सौरभ अपनी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल के संबंधों में बाधा बन गया था। उसे रास्ते से हटाने के लिए मुस्कान और साहिल ने वारदात को अंजाम दिया। दोनों ने मिलकर बेरहमी से सौरभ की हत्या कर दी।

48 दिनों के बाद सांसद राकेश राठौर जेल से हुए रिहा, दुष्कर्म का लगा है आरोप



सीतापुर , एजेंसी। जिला कारागार में दुष्कर्म के आरोप में बंद सांसद राकेश राठौर 48 दिन बाद बुधवार सुबह 8 बजे जेल से रिहा गए। बता दें कि मंगलवार को उनकी जमानत याचिका मंजूर हो गई। इसके बाद रिहाई के लिए जेल तक परवाना पहुंचा । वह 30 जनवरी से जिला कारागार में बंद थे। हाईकोर्ट ने 11 मार्च को उनकी जमानत याचिका मंजूर की थी। हालांकि उस दिन पुलिस ने धारा 69 बढ़ा दी थी। ऐसे में सीजेएम कोर्ट में 12 मार्च को जमानत याचिका दाखिल की गई थी। मंगलवार को इस याचिका पर बहस हुई और सीजेएम ने जमानत मंजूर कर दी। जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम 6 बजे रिहाई का पत्र।मिला। जेल मैनुअल के मुताबिक बुधवार सुबह उन्हें रिहा किया गया।

17 जनवरी को दर्ज हुआ था केस

सांसद राकेश राठौर पर शहर कोतवाली में दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था। केस दर्ज होने के बाद राकेश राठौर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े। उन्हें पकड़ने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच को भी लगाया गया। इस दौरान इनके परिजनों व अन्य सहयोगियों के नम्बर भी सर्विलांस पर लगाये गए। सांसद के प्रतिनिधि वसी उल्लाह व एक अन्य को पुलिस ने हिरासत में लिया। इस सम्बंध में एक।फेसबुक पोस्ट भी उस समय सांसद के अकॉउंट से की गई। काफी उठा पटक के बाद 30 जनवरी को सांसद लोहारबाग स्थित अपने आवास पहुंचे। उसी समय शहर कोतवाली पुलिस ने उन्हें हिरासत मे ले लिया था। इसके बाद से लगातार उनकी जमानत के प्रयास होते रहे।

सांसद की एक करीबी महिला पर पीड़िता के पति ने घर आकर केस वापस लेने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इस आरोप के आधार पर सांसद व उनकी करीबी महिला पर धमकी देने का एक केस भी दर्ज हुआ था। इस मामले में भी उन्हें पूर्व में जमानत मिल चुकी है।

लाल मिर्च में सिंथेटिक रंग, दही-दूध में मिला रहे घटिया वसा



बरेली, एजेंसी। बरेली में नववर्ष और मकर संक्रांति के दौरान लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने जांच में 60 फीसदी अधोमानक और असुरक्षित मिले। लाल मिर्च, हल्दी, धनिया पाउडर, दही, तेल, नमकीन समेत 19 नमूनों में सेहत के लिए घातक तत्व की मिलावट मिली है।

खाद्य प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अधोमानक मिले खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के खिलाफ वाद दायर कराने की कवायद शुरू हो गई है। जबकि असुरक्षित खाद्य पदार्थ की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजकर कार्रवाई के लिए अनुमति मांगी गई है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के मुताबिक मार्च में अब तक 129 खाद्य पदार्थ के नमूनों की जांच रिपोर्ट मिली है। इसमें 55 खाद्य पदार्थ मानकों पर खरे रहे। जबकि एक मिस ब्रांड, 55 अधोमानक, 19 असुरक्षित मिले हैं।

बताया कि पीलीभीत बाइपास दि बियर कैफे के हेमंत सिंह से लिए दही के नमूने में विजातीय वसा यानी ट्रांस फैट की मिलावट मिली। बारादरी स्थित दरबारे खास के मेराज इस्लाम से लाल मिर्च के नमूने में सिंथेटिक रंग की मिलावट मिली।

इन विक्रेताओं के खाद्य पदार्थ मिले असुरक्षित

कालीबाड़ी के अनुज अग्रवाल के प्रतिष्ठान से लिया गया बेसन का नमूना असुरक्षित मिला है। क्रमवार रामपुर गार्डन के प्रशांत जायसवाल से मैदा, बहेड़ी के बुढ़िया कॉलोनी के सुरेश अग्रवाल से नमकीन, सुभाषनगर बाजपेयी स्वीट कॉर्नर के गौरव से काजू बर्फी, नोनबाइ गली जामा मस्जिद के नसीर से काली मिर्च सेव नमकीन, सीबीगंज बंडिया के शकील से अरहर दाल, बिशारतगंज के फरीदी स्वीट हाउस से बूंदी, चंद्रभान किराना स्टोर से साबुत हल्दी, फरीदपुर के अमर सिंह से मिक्स मिल्क, परसाखेड़ा के आशिफ खान से धनिया पाउडर, सरकड़ा के कौशल से भैंस का दूध, फरीदपुर के सगीर अहमद से सरसों का तेल, फतेहगंज पश्चिमी के तसलीन लस्सी सेंटर से दही, मौला नगर के अशरफ अली से लाल मिर्च पाउडर का नमूना लिया था। जो जांच में मानकों पर खरा नहीं मिला। हानिकारक तत्व की मिलावट मिली।

मेट्रो की लापरवाही से सड़कें हुईं जानलेवा, ढाई साल में भी नहीं बनाई मकड़ीखेड़ा रोड



कानपुर , एजेंसी। कानपुर में मेट्रो की लापरवाही शहरवासियों के लिए जानलेवा साबित होने लगी है। जूही हमीरपुर रोड के गड्ढों की वजह से ई-रिक्शा सवार केंद्रीय विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य की मौत हो गई। इससे बदतर हालत मकड़ीखेड़ा रोड की है, जिसे मेट्रो ने कई बार आश्वासन देने के बावजूद नहीं बनवाया। हमीरपुर रोड पर ही गोशाला से नौबस्ता गल्ला मंडी मार्ग पर भी जगह-जगह गड्ढों की वजह से आए दिन हादसे होते रहे हैं।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) के ट्रांसपोर्टनगर में निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन के पास स्थित मिलेट्री कैंप चौराहे से बारादेवी तक व्यस्त मार्ग में दो सौ से ज्यादा गड्ढे हैं। मेट्रो कार्य की वजह से डेढ़ साल से क्षतिग्रस्त इस मार्ग में आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। जूही हमीरपुर रोड निवासी प्रताप साहनी, शम्मी पांडेय, कुमुद, राजकुमार रावत, जीतश्याम सैनी आदि ने बताया कि मेट्रो के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई। मेट्रो के डिप्टी जीएम पीआर पंचानन मिश्रा ने इस सड़क को जल्द गड्ढामुक्त करने का आश्वासन भी दिया, पर स्थिति बदतर होती जा रही है। नवरात्र में इस मार्ग से श्रद्धालु सांग लेकर पैदल बारादेवी मंदिर जाते हैं। जवारे भी निकलते हैं। यूपीएमआरसी हमीरपुर रोड पर गोशाला से नौबस्ता गल्ला मंडी के पास तक एलिवेटेड मेट्रो के लिए निर्माण डेढ़ साल से करा रहा है। पर, इस व्यस्त मार्ग पर भी सैकड़ों गड्ढे हैं, जिनकी वजह से कई बार हादसे भी हो चुके हैं। इसी तरह मेट्रो ने निर्माणाधीन कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन के आसपास भी सुधार कार्य नहीं कराए। इस वजह से घंटाघर की तरफ से सेंट्रल स्टेशन जाने और लौटने वाले यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं। यूपीएमआरसी ने साढ़े चार साल पहले कॉरिडोर-1 के तहत आईआईटी से मोतीझील तक मेट्रो निर्माण के लिए मकड़ीखेड़ा रोड में कास्टिंग यार्ड बनाया था। वहां भारी वाहनों के आने-जाने से सड़क जर्जर हो गई है। एक से डेढ़ फीट तक के गड्ढे हैं। महापौर प्रमिला पांडेय की समीक्षा बैठक में मेट्रो के अधिकारियों ने इस सड़क को जल्द बनवाने का आश्वासन दिया था। छह महीने पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रामा डेंटल कालेज में आने की सूचना पर मेट्रो ने जीटी रोड से इस कालेज के मोड़ तक सड़क रातोंरात बना दी थी, पर वहां से आगे सड़क पर पैचवर्क भी नहीं कराया।

मादौन में बंद पड़ी पत्थर , खदान में लगी आग

ललितपुर , एजेंसी। धौर्रा के जंगलों के समीप ग्राम मादौन में बंद पड़ी पत्थर की खदान में आग लग गई। पास में गेहूं की फसल खड़ी थी, तो दूसरी ओर जंगल लगा हुआ था। जहां आग लगी थी, वहां अग्निशमन विभाग के वाहन पहुंच नहीं पा रहे थे। ललितपुर रेंज अंतर्गत ग्राम मादौन में बंद पड़ी खदान में दोपहर में अचानक तेज धुआं व लपटें उठने लगीं। अग्निशमन व पुलिस विभाग के वाहन रवाना हो गए। इलाका वन विभाग के समीप होने के कारण वन कर्मी व अधिकारी भी पहुंचे। जहां आग लगी हुई थी, वहां अग्निशमन विभाग के वाहन नहीं पहुंच पाए। किसानों व वन विभाग के कर्मचारियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि सिर्फ सूखे पत्तों में ही आग लगी थी। सूखे पेड़ों ने आग नहीं पकड़ी थी। अनुमान है कि किसी जलती तीली से आग लगी। वन विभाग ने आग पर काबू करने के बाद आसपास के इलाके में लोगों को जागरूक किया कि वे जलती हुई तीली व बीड़ी-सिगरेट वनक्षेत्र में न पिएं, न ही अन्य लोगों को जंगली इलाकों में ले जाने दें।

मुठभेड़ के बाद दो पकड़े: कुंडल लूट में डिप्टी जेलर का बेटा गिरफ्तार

आठ मार्च को जेल से छूटकर की थी वारदात

मुरादाबाद , एजेंसी। मझोला थाना क्षेत्र के मानसरोवर कॉलोनी में महिला डिप्टी जेलर के बेटे अविरल ने अपने साथी नीशू के साथ मिलकर महिला से कुंडल लूटे थे। सोमवार की देर रात सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। अविरल के पैर में गोली लगी है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने कुंडल लूटने में इस्तेमाल की गई बाइक दस दिन पहले रेलवे अस्पताल के पास से चोरी की थी।

एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि मानसरोवर कॉलोनी में रविवार सुबह खुशहालपुर वसंत विहार निवासी रागिनी ठाकुर से बाइक सवार बदमाश कुंडल लूटकर भाग गए थे। इस मामले में पुलिस और एसओजी तलाश में जुटी थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से पुलिस टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी थीं।

सोमवार की रात सिविल लाइंस क्षेत्र के रेलवे हरथला कॉलोनी में पुलिस टीम ने बाइक सवार दो बदमाशों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने बाइक मोड़ दी और भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम की ओर से भी फायरिंग की गई। जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी।

बदमाश बाइक समेत गिर गए। पुलिस ने घायल बदमाशों को दबोचने के बाद दूसरे बदमाश को भी पकड़ लिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पूछताछ में उसने अपना नाम अविरल बताया। वह सहारनपुर जनपद के देवबंद स्थित जेल परिसर में रहता है।

पुलिस का दावा है कि उसके पिता राज कुमार जेलर थे, लेकिन उनकी मृत्यु के बाद मां कल्पना को नौकरी मिल गई थी। अब वह डिप्टी जेलर हैं। बेटे की गलत आदतों की वजह से वह अपने साथ नहीं रखती हैं। दूसरा आरोपी नीशू मझोला के कांशीराम नगर का निवासी है।

पूछताछ में दोनों ने कबूला है कि 16 मार्च की सुबह उन्होंने मानसरोवर कॉलोनी में महिला से कुंडल लूटे थे। इस वारदात के लिए उन्होंने दस दिन पहले रेलवे अस्पताल के पास बाइक चोरी की थी। मंगलवार की शाम को पुलिस ने





दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

आठ मार्च को जेल से छूटा था अविरल

मूलरूप से बरेली के सुभाष नगर निवासी अविरल(30) ने स्नातक तक पढ़ाई की है। पहले उसके पिता की तैनाती मुरादाबाद में थी। इसी दौरान उसकी दोस्ती नीशू से हो गई थी। अविरल के पिता की मृत्यु के बाद उसकी मां को मृत आश्रित कोटे से नौकरी मिल गई। वह सहारनपुर में तैनात हैं। मां और परिवार के अन्य लोग देवबंद में ही रहते हैं, लेकिन अविरल का मुरादाबाद में आना जाना था।

यहां उसने चोरी की कई वारदातें की हैं। कुछ दिन पहले उसे मझोला थाने की पुलिस ने जेल भेजा था, लेकिन आठ मार्च को जेल से छूटने के बाद उसने अपने साथी नीशू (28)के साथ बाइक चोरी की। इसके बाद लूटपाट की घटना को अंजाम देने की फिराक में जुट गए थे। अविरल के खिलाफ नौ केस दर्ज हैं, जबकि नीशू के खिलाफ पांच केस दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों से बाइक, कुंडल, तमंचे, कारतूस और अन्य सामान बरामद किए हैं।

ईडी ने चार घंटे तक की लालू यादव से पूछताछ, नहीं दे पाए ठीक से जवाब

▶ पूछा-राबड़ी-मीसा को सस्ते में जमीन क्यों बेची गई ▶ रजिस्ट्री के बाद कैंडिडेट्स को नौकरी मिली, ऐसा क्यों

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव से बुधवार को इडी ने फिर पूछताछ की। लालू प्रसाद यादव को इडी ने पूछताछ के लिए पटना स्थित कार्यालय में बुलाया था। लालू यादव सुबह करीब 11 बजे अपने बड़ी बेटी सांसद मीसा भारती के साथ इडी कार्यालय पहुंचे थे। इडी के अधिकारियों ने पहले उनका हालचाल पूछा और उनको चाय-पानी, कॉफी ऑफर किया। इसके बाद इडी के अधिकारियों ने लालू यादव के सामने सवालों की लंबी सूची रख दी। इडी के अधिकारियों ने करीब चार घंटे तक लालू यादव से जमीन के बदले में नौकरी मामले से जुड़े कई सवाल पूछे। इस दौरान लालू यादव ने भी अपने अंदाज में सवालों का जवाब दिया। बताया जाता है कि करीब चार घंटे की पूछताछ के बाद इडी ने लालू यादव को घर जाने को कहा। पूछताछ खत्म होने के बाद वह 3 बजे वापस राबड़ी आवास के लिए रवाना हो गए। इडी के अधिकारियों ने लालू यादव को पूछताछ के लिए एक रूम में बिठाया था और उनसे उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर करवाए। सूत्रों के मुताबिक अधिकारियों ने लालू यादव से कुशलक्षेम पूछते हुए कहा कि आप पहले थोड़ा आराम कर लीजिए। इस पर लालू यादव ने भोजपुरी अंदाज में इडी के अधिकारियों को जवाब देते हुए कहा कि ठीक बानी। सूत्रों के अनुसार इडी के अधिकारियों ने लालू यादव से उनके पास जमीन आने के श्रोत को लेकर सवाल पूछे। सवाल नंबर 1: किशुन देव राय ने अपनी जमीन 3 हजार वर्ग फीट की जमीन मात्र 3 लाख 75 हजार रुपए में राबड़ी देवी को ही क्यों बेचा? सवाल नंबर 3: आपसे मिलने और राबड़ी देवी को जमीन मिलने के बाद ही इन तीनों को मध्य रेलवे मुंबई में ग्रुप डी के पद पर नौकरी मिली? सवाल नंबर 4: महुआबाग निवासी संजय राय ने भी अपनी 3 हजार 375 वर्ग फीट जमीन राबड़ी देवी से तीन लाख 75 हजार में क्यों बेचा? सवाल नंबर 5: राबड़ी देवी के नाम जमीन रजिस्ट्री होने के बाद संजय राय और उसके परिवार के दो सदस्य को रेलवे में नौकरी मिली ऐसा क्यों? सवाल नंबर 6: किरण देवी ने अपनी 80 हजार 905 वर्ग फीट जमीन तीन लाख सत्तर हजार में आखिर आपकी बेटी मीसा भारती को ही क्यों बेची? सवाल नंबर 7: जमीन रजिस्ट्री के बाद ही किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को सेंट्रल रेलवे मुंबई में नौकरी मिली ऐसा क्यों? सवाल नंबर 8: आपसे मिलने के बाद हजारी राय के भतीजा दिलचंद कुमार और प्रेम चंद कुमार को वेस्ट सेंट्रल रेलवे जबलपुर और साउथ ईस्टर्न रेलवे कोलकाता में नौकरी मिली ऐसा क्यों? सवाल नंबर 9: लाल बाबू राय के बेटे लाल चंद कुमार को 2006 में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे जयपुर में नौकरी मिली थी ऐसा क्यों हुआ कि लाल बाबू राय ने मई 2015 में अपनी एक हजार 360 वर्ग फीट की जमीन आपकी पत्नी राबड़ी देवी के नाम मात्र 13 लाख रुपए में कर दिया था ऐसा क्यों? सवाल नंबर 10: हृदयानंद चौधरी को आप कब से जानते है बृज नंदन राय ने अपनी तीन हजार 375 वर्ग फुट की जमीन हृदयानंद चौधरी को क्यों दिया था और वह जमीन हृदयानंद चौधरी ने ईस्ट सेंट्रल रेलवे हाजीपुर में नौकरी मिलने के बाद गिफ्ट डीड के जरिए इस जमीन को आपकी बेटी हेमा को ट्रांसफर क्यों किया था? सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान लालू यादव इडी के अधिकारियों का सवाल पूरी तरह से नहीं दे पाए। लालू यादव से पूछताछ को लेकर इडी कार्यालय के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी। इडी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। वहीं लालू यादव के इडी कार्यालय पहुंचे तो बाहर राजद समर्थकों का जमावड़ा लग गया। इडी कार्यालय के बाहर मौजूद राजद समर्थक लालू यादव के समर्थन में अपनी बात कह रहे थे। मालूम हो कि इडी ने मंगलवार को राबड़ी देवी और तेज प्रताप यादव से भी पूछताछ की थी।

अगर मैं राजनीति में नहीं होता, तो कोई मुकदमा नहीं होता : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार से इडी की पूछताछ को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र और जांच एजेंसियों पर निशाना साधा है। दिल्ली से बुधवार को पटना लौटने पर इस मामले में जब तेजस्वी यादव से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सभी टीमों का काम अब सिर्फ बिहार में है। वो बुलाते हैं, हम लोग जाते हैं। कुछ होना जाना नहीं है। तेजस्वी ने कहा 'अगर मैं राजनीति में नहीं होता,तो कोई केस नहीं होता। इससे हम लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ता। जितना ये लोग तंग करेंगे, हम उतने मजबूत होंगे।'

तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने लोकसभा का चुनाव खत्म होने के बाद कहा था कि अब भाजपा की जो टीमें हैं उनका रूख बिहार की तरफ होगा क्योंकि बिहार में विधानसभा का चुनाव होना है। इन सबसे हम लोगों को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। कोई आए और जाए, ठीक है एक कानूनी व्यवस्था बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अगर मैं राजनीति में नहीं होता, तो कोई मुकदमा नहीं होता। ये सब राजनीतिक कारणों से किया जा रहा है, लेकिन हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। अब तो हम लोग गिनती भी भूल चुके हैं कि कितनी बार मुझे, मेरे पिता लालू प्रसाद और मां को इडी और सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया होगा। किसी को याद भी है कि कितनी बार हमलोगों को बुलाया गया है। तेजस्वी ने कहा कि मुझे, मेरी मां को, मेरे परिवार को कई बार इडी और इनकम टैक्स विभाग ने बुलाया, लेकिन इससे हम घबराने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन जितना वे हमें परेशान करेंगे, हम उतने ही मजबूत होंगे और बिहार में सरकार बनाएंगे। वहीं, केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि बेगूसराय में मक्के के बीज अनुसंधान केंद्र को कर्नाटक शिफ्ट किया जा रहा है।

अवैध सम्पत्तियों की हवस में लालू प्रसाद ने अपने पूरे परिवार को बनाया गुनाहगार : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि अवैध सम्पत्तियों की हवस में लालू प्रसाद ने अपने पूरे परिवार को गुनाहगार बना दिया है। रेलवे में नौकरी के बदले कई दर्जन युवाओं और उनके परिजनों से भ्रष्टाचार के जरिए एक लाख वर्गफीट से ज्यादा जमीन हड़पने के मामले में बुधवार को सीबीआई ने लालू प्रसाद से पूछताछ की वही एक दिन पहले पटना में ही इडी ने उनकी पत्नी व पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी व पुत्र तेज प्रताप यादव से अपने दफ्तर बुला कर सवाल-जवाब किया। श्री पांडेय ने कहा कि राजद का यह आरोप बिलकुल बेबुनियाद है कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता व द्वेष में लालू परिवार को फंसाया और परेशान किया जा रहा है। केंद्र सरकार व भाजपा पर फंसाने का आरोप लगाने की जगह लालू परिवार को केंद्रीय जांच एजेंसियों व कोर्ट को अपनी बेगुनाही का सबूत देना चाहिए। श्री पांडेय ने कहा कि लालू परिवार पर भ्रष्टाचार का लगा आरोप राजनीतिक नहीं, कानूनी है। लालू परिवार को इसे कानूनी तौर पर ही लड़ना चाहिए। लैंड फॉर जॉब स्कैम के भ्रष्टाचार के मामले से ध्यान भटकाने की राजद की कोई भी कोशिश सफल नहीं होने वाली है। कानून के शिकंजे से बचने के लिए ही राजद भाजपा व केंद्र सरकार को कोस रहा है।

अपराध की योजना बनाते सात युवक पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी नगर मुख्यालय के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में अपराध की योजना बना रहे सात युवकों को मसौढ़ी पुलिस ने पांच जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा। दरअसल अवर निरीक्षक संतोष कुमार के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कराया गया है जिन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिलने पर टीचर ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में मंगलवार को तकरीबन शाम को 6:00 बजे गश्ती पुलिस की गाड़ी वहां पहुंची जहां पर पूर्व दिशा में पहले तल्ले स्थित हॉल में सभी सात युवक बैठे हुए थे जहां पुलिस को देखकर सभी युवक भागने लगे जिसे भागते हुए धर दबोचा गया जहां तलाशी के दौरान पांच जिंदा कारतूस जप्त किए गए। हालांकि पिस्टल की भी सूचना मिली थी जिसे फेंक दिया। छानबीन के दौरान नहीं मिल पाया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार सात युवकों में गौतम कुमार पुरानी बाजार, रोहित कुमार पटेल नगर, हैदरअली सोनकुकुरा, कौशल कुमार पटेल नगर, रोहित कुमार 2 सोनकुकरा, मौसम कुमार पटेल नगर, शिवम कुमार कादिरगंज नेतौल का रहने वाला है।

अंचलाधिकारियों के चलते सदन में घिर गए राजस्व मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधान परिषद में बुधवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी को बुरी तरह घेर लिया। इसके बाद संजय सरावगी को जवाब देते नहीं बन रहा था। दरअसल, विधानपरिषद में पटना जिले के दो अंचल अधिकारियों के खिलाफ आवाज उठी। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने बिहटा और संपतचक अंचल के अंचल अधिकारियों के खिलाफ सवाल उठाया। मंत्री संजय सरावगी ने जवाब दिया कि हमने डीएम पटना को पत्र भेजा है कि दोनों अंचल अधिकारियों से शो-कॉज पूछ कर अपने मंतव्य के साथ रिपोर्ट भेजें। इसके बाद विभाग समीक्षा करेगा। इससे कम समय में सरकार और क्या कार्रवाई कर सकती है? इस पर भाजपा के नवल किशोर यादव ने कहा कि मंत्री जी यह बताएं, पंद्रह दिन पहले आपको सवाल गया। आपने इन्क्वायरी सेटअप क्यों नहीं किया जब जवाब देने का समय आया उसके एक दिन पहले आपने जांच बिठाई है। आपका रिपोर्ट जिस दिन आयेगा, तब सदन में जवाब दें। हम सभापति से अनुरोध करेंगे की इस सवाल को स्थगित किया जाए जिस दिन मंत्री तय करेंगे कि हम जवाब देंगे, उस दिन इस सवाल को रखा जाय। इस पर मंत्री ने कहा कि प्रश्न को स्थगित करने का प्रश्न कहां है? हम तो स्पष्ट जवाब दे रहे हैं। नवल किशोर यादव ने सभापति से कहा कि अगर इस तरह से होते रहा तो उत्तर कबूतर की तरह उड़ जायेगा। सभापति ने राजस्व मंत्री से कहा कि जिस दिन रिपोर्ट आ जायेगा, उस दिन आप सदन को जानकारी दे देंगे।

हाइवा की टक्कर से नगर निगम सुपरवाइजर की मौत, एक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। गोपालपुर थाना क्षेत्र के पटना-मसौढ़ी मार्ग पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात हाइवा ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे नगर निगम के सुपरवाइजर दीपक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके साथी संतोष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक दीपक कुमार नगर निगम में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। मंगलवार रात वे अपने मित्र संतोष कुमार के साथ मोटरसाइकिल से बैरिया स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हाइवा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दीपक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि संतोष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

खादी मॉल में चला स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के खादी मॉल में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता को देवत्व जैसा ही महत्वपूर्ण माना था। मंदिर में जाकर पूजा करना जरूरी है। साथ ही अपने घर और शहर रूपी मंदिर को स्वच्छ रखना भी जरूरी है जहां गंदगी होती है वहां देवता भी नहीं रहना चाहते और न ही भगवान चाहते हैं कि हम मनुष्य गंदे वातावरण में रहें। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण किया। स्वच्छता सर्वेक्षण जागरूकता कार्यक्रम के दौरान खादी मॉल के प्रबंधक रमेश चौधरी, हर्ष रंजन, सुमित कुमार, कपिल देव कुमार, अनिशा कुमारी, मानस कुमारी, शशांक कुमार, राहुल कुमार, संतोष कुमार, रूही आलम, नसीमा खातून, रंजीत कुमार, रंजन कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार आदि ने सर्वेक्षण में भाग लिया और दूसरों को भी स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने दी नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश कुमार को शुभकामना, पार्टी नेताओं ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विधायक राजेश कुमार को निवर्तमान अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। प्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने शीर्ष नेतृत्व को अपने कार्यकाल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी थी उसका उन्होंने ईमानदारी से निर्वहन किया। बिहार जैसे बड़े राज्य की जिम्मेदारी मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को देना शीर्ष नेतृत्व का मेरे ऊपर भरोसा था। नए अध्यक्ष राजेश कुमार को शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में बिहार में कांग्रेस पार्टी नई बुलंदी हासिल करेगी।

आवास योजना और जॉब कार्ड के नाम पर पैसा वसूली बंद करने को लेकर दिया धरना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा और मनरेगा मजदूर सभा के बैनर तले मसौढ़ी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया जहां पर आंदोलनकारियों ने आवास योजना में नाम जोड़ने और मनरेगा में मजदूरों का जॉब कार्ड के नाम पर पैसा वसूली का जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भूमिहीनों को बासगीत पर्चा देकर आज तक दखल दहानी नहीं किया। इसके साथ मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना के तहत मिलने वाले 2 लाख की राशि से सैकड़ों लाभुक वंचित हैं। पोर्टल नही खुल पा रहे हैं। इन तमाम बिंदुओं को लेकर लाल झंडा के बैनर तले मसौढ़ी धनरूआ पुनपुन प्रखंड कार्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ। मसौढ़ी में खेग्रामस के जिला सचिव नागेश्वर पासवान ने नेतृत्व किया वहीं धनरूआ में जितेंद्र राम ने मोर्चा संभाला और चेतावनी दी कि अगर यह मांग पूरी नहीं हुई तो आने वाले 24 मार्च को विधानसभा का घेराव करेंगे। मौके पर राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार, संजय कुमार के अलावा धनरूआ में अकलू पासवान, वीरेंद्र कुमार, निरंजन वर्मा, प्रमोद यादव समेत कई अन्य लोग शामिल रहे।

वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भारत सरकार एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना, एमएसएमई मंत्रालय एवं पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र -1, मुख्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सीपीएसई स्तरीय वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के क्षेत्रीय मुख्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएसएस राव, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई- विकास कार्यालय, पटना एवं अरविन्द कुमार पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के द्वारा किया गया। उद्घाटन करते हुए अरविन्द कुमार पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक ने एमएसएमई- विकास कार्यालय, पटना के इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी एवं बिहार में एमएसएमई उद्यमों के लिए प्रचुर संभावनाओं पर बल दिया। उन्होने केंद्रीय उपक्रमों द्वारा कुल खरीदारी में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यालय के संयुक्त निदेशक, सीएसएस राव, आईईडीएस ने की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्यमियों को अपने वार्षिक खरीद नीति के तहत केंद्र सरकार के सभी उपक्रमों एवं विभागों को निर्धारित 25 प्रतिशत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से क्रय के निर्धारित लक्ष्य का वर्णन किया जिसके अंतर्गत महिला एवं एससी, एसटी उद्यमियों के लिए विशेष प्रावधान को प्रमुखता से बताया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बने रहने के लिए आज एमएसएमई को आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पावर पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र के मुख्यालय के महाप्रबंधक राजेश कुमार एवं गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस के, आशुतोष कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे एवं उन्होंने अपने उद्बोधन में पावर ग्रिड द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से क्रय की जाने वाली वस्तुओं का विवरण दिया। उन्होंने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से पावर ग्रिड के विश्वसनीय वेंडर के रूप में निबंधन होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष, उषा झा एवं लघु उद्योग भारती, बिहार चैप्टर के महासचिव सुमन शेखर, बिहार उद्योग संघ, पटना के कोषाध्यक्ष, सीए अरविन्द कुमार एवं डिक्की बिहार चैप्टर के अध्यक्ष कैप्टन सत्यप्रकाश, भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने अपने-अपने विचार रखे ।

तरकेश्वर-बिष्णुपुर रेलवे परियोजना में तेजी, 64 किमी तक कार्य पूरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में रेलवे के बुनियादी ढांचे के विस्तार को लेकर केंद्र सरकार लगातार प्रयासरत है। तरकेश्वर-बिष्णुपुर (83 किमी) नई रेलवे लाइन परियोजना के तहत अब तक 64 किमी का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो के सवाल के जवाब में बताया कि तरकेश्वर-गोगहाट (34 किमी) और बिष्णुपुर-मयोनापुर-बारोगोपीनाथपुर (30 किमी) खंड पर ट्रेन सेवा शुरू हो चुकी है। शेष गोगहाट-कामारपुकुर-बारोगोपीनाथपुर (19 किमी) खंड पर भी उपलब्ध भूमि पर तेजी से काम किया जा रहा है। बारोगोपीनाथपुर-जयरामबटी (7 किमी) खंड लगभग पूरा हो चुका है और जल्द ही जनता को समर्पित किया जाएगा। पश्चिम बंगाल में रेलवे की 43 प्रमुख परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिनकी कुल लंबाई 4479 किमी और लागत ?60,168 करोड़ है। अब तक 1655 किमी रेल मार्ग चालू हो चुका है और 20,434 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं। वर्ष 2024-25 के लिए राज्य में रेलवे परियोजनाओं को ?13,941 करोड़ का रिकॉर्ड बजट आवंटित किया गया है जो 2009-14 के मुकाबले तीन गुना अधिक है। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे तेजी से विकास कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य सरकार के सहयोग से शेष परियोजनाओं को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण कई परियोजनाओं में बाधा आ रही है।

आकाश हेल्थकेयर ने की पिंक बोन्स की घोषणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भारत के वंचित बच्चों में हड्डियों की विकृति के संकट को दूर करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में आकाश हेल्थकेयर ने अन्वका फाउंडेशन के साथ साझेदारी में 'पिंक बोन्सः डिफॉर्मिटी फ्री किड्स कॉम्यूनिटी' शुरू किया है। इस कार्यक्रम के जरिये जन्मजात और आर्थोपेडिक समस्याओं से जूझ रहे 16 वर्ष तक के बच्चों को प्रारंभिक पहचान से लेकर सर्जरी के बाद पुनर्वास तक निःशुल्क चिकित्सा देखभाल करने की जिम्मेदारी निभाने का वादा किया है। हाल ही में शुरू की गई इस पहल ने एक 9 वर्षीय बच्चे जो कभी गंभीर रूप से विकृति यानी टेढ़े-मेढ़े पैरों के कारण व्हीलचेयर तक ही सीमित था, को चलने-फिरने में योग्य बनाया। इस पहल के बाद बच्चे के जीवन में यह एक परिवर्तनकारी क्षण था। बच्चे की पैरों पर खड़े होने की यात्रा पूरे भारत में हजारों बच्चों के लिए आशा का प्रतीक है। अपने माता-पिता और आकाश हेल्थकेयर के ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के निदेशक और प्रमुख डॉ. आशीष चौधरी के बगल में खड़ी होकर मुस्कुराते हुए बच्ची ने कहा 'मुझे खुशी है कि मैं अब चलने में सक्षम हूं और कुछ महीनों के भीतर मैं अपने दोस्तों के साथ खेल पाऊंगी'। आकाश हेल्थकेयर के ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. विक्रम खन्ना ने कहा कि ये स्थितियां विशेष रूप से वंचित समुदायों के बच्चों के बीच महत्वपूर्ण शारीरिक और मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का कारण बन सकती हैं। बच्चों में हड्डियों की विकृति विभिन्न कारकों, जैसे चोट, संक्रमण या आनुवंशिक स्थितियों से उत्पन्न हो सकती है। डॉ. चौधरी ने कहा यह पहल मेरे लिए बेहद व्यक्तिगत है क्योंकि मैंने भी उस आघात का दर्द महसूस किया है।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मनाया गया अन्नप्राशन दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी एवं धनरूआ के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मंगलवार को शिशुओं को अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही शिशु के स्वजनों को शिशुओं के लिए स्तनपान के साथ अनुपूरक आहार उपयोग करने की जानकारी दी गई। सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि बाल कुपोषण को दूर करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई कि बाल कुपोषण को कम करने में अनुपूरक आहार की अहम भूमिका होती है। छह माह तक शिशु का वजन लगभग दो गुना बढ़ जाता एवं एक वर्ष पूरा होने तक वजन लगभग तीन गुना एवं लंबाई जन्म से लगभग डेढ़ गुना बढ़ जाती है। वहीं धनरूआ सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि बच्चों में दो वर्षों में तंत्रिका प्रणाली एवं मस्तिष्क विकास के साथ सभी अंगों में संरचनात्मक एवं कार्यात्मक दृष्टिकोण से बहुत तेजी से विकास होता है। इसके लिए अतिरिक्त पोषक आहार की जरूरत होती है। कार्यक्रम में सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि शिशु के लिए प्रारंभिक आहार तैयार करने के लिए घर में मौजूद मुख्य खाद्य पदार्थों का उपयोग किया जा सकता है। सूजी, गेहूं का आटा, चावल, रागा, बाजरा आदि की सहायता से पानी या दूध में दलिया बनाया जा सकता है। बच्चे के आहार में चीनी अथवा गुड़ को भी शामिल करना चाहिए क्योंकि उन्हें अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है।

एक चापाकल के सहारे डेढ़ सौ परिवार

एसडीएम ने खराब चापाकल को दुरुस्त करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मसौढ़ी। गर्मी की तपिश बढ़ते ही अब गांव-गांव में पेयजल की समस्या सामने आने लगी है। कई महादलित टोलों में चापाकल खराब पड़े हुए हैं तो कई ऐसे महादलित टोला है जहां पर आज भी मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना नल जल नसीब नहीं हुआ है। ऐसे में मसौढी प्रखंड के चरमा पंचायत स्थित वार्ड नंबर 12 में एक चापाकल के सहारे डेढ़ सौ परिवार है जहां रोजाना पानी लेने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों में रमेश मांझी ने बताया कि पिछले कई महीनों से हमारे घर के सामने चापाकल खराब पड़ा हुआ है। बनाने के लिए कई बार पंचायत के मुखिया, वार्ड को बोला गया, लेकिन आज तक चापाकल नहीं बन पाया है। नतीजन बगल की चापाकल से पूरा गांव पानी ले रहा है, वहीं पंचायत के मुखिया बलबीर चौधरी ने कहा कि खराब पड़े हुए चापाकल बनवाने के लिए कई बार पीएचडी के जेईई को फोन लगाया गया, लेकिन उसका मोबाइल बंद रहता है। ऐसे में ग्रामीणों के बीच स्थानीय प्रशासन के प्रति गुस्सा भी पनपता हुआ दिख रहा है जिसमें सुनीता देवी, आरती कुमारी, लालती देवी, गीता देवी, अरविंद माझी, मंजू देवी आदि लोगों ने सरकार से खराब पड़े हुए चापाकल को बनाने की मांग की है। हालांकि सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारी को खराब चापाकल को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा पीएचडी विभाग को मसौढ़ी प्रखंड के सभी महादलित टोलो में खराब पड़े हुए चापाकल को समय रहते दुरुस्त करने के लिए भी निर्देशित किया है।

संपादकीय

आखिर क्यों जरूरी है गौरैया संरक्षण?

छोटे आकार वाली खूबसूरत गौरैया पक्षी का जिक्र आते ही बचपन की याद आ जाती है। कभी इसका बसेरा इंसानों के घर-आंगन में हुआ करता था। लेकिन पर्यावरण को ठेंगा दिखाते हुए कंक्रीट के जगंल में तब्दील होते शहर और फिर गांव ने इन्हें हमसे दूर कर दिया है। एक वक्त हुआ करता था जब हर घर-आंगन में सूप से अनाज फटका जाता था तो फटकने के बाद गिरे अनाज को खाने, गौरैया फुर्र से आती थी और दाना खा कर फुर्र से उड़ जाती थी। हम बचपन में इस पकड़ने की कोशिश करते हुए खेला करते थे। टोकरी के नीचे चावल रख इसे फंसाते और पकड़े के बाद गौरैया पर रंग डाल कर उड़ा देते। जब दूबारा वह आती थी, तो उसे पहचान कर मेरी गौरैया कह चहकते और खुश होकर ताली बचा कर उसका स्वागत करते थे। गौरैया, गिद्ध के बाद सबसे संकट ग्रस्त पक्षी में से है। गौरैया की घटती संख्या को देखते हुए विश्व भर के विश्व के पर्यावरणविदों और बाम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी से जुड़े प्रसिद्ध पर्यावरणविद मोहम्मद ई दिलावर के प्रयास से 20 मार्च 2010 को विश्व गौरैया दिवस की घोषणा हुई ताकि संरक्षण की पहला विश्वभर में हो सकें। गौरैया छोटे पास्ता परिवार की पक्षी है। आंकडे बताते हैं कि विश्व भर में घर-आंगन में चहकने - फूदकने वाली छोटी सी प्यारी चिड़िया गौरैया की आबादी में कमी आई है। गौरैया सभी जगहों पर इंसान का अनुसरण करती हैं और जहां पर इंसान नहीं रहते हैं, वे वहां पर नहीं रह सकती हैं। बेथलहम की एक गुफा से 4,00,000 साल पुराने जीवाश्म के साक्ष्य से पता चलता है कि घरों में रहने वाले गौरैयों ने प्रारंभिक मनुष्यों के साथ अपना स्थान साझा किया था। रॉयल सोसायटी ऑफ लंदन की 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंसानों और गौरैयों के बीच का बंधन 11,000 साल पुरानी बात है । गौरैया की संख्या में कमी के पीछे कई कारण हैं जिन पर लगातार शोध हो रहे हैं। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे के कारणों में बढ़ता आवासीय संकट, आहार की कमी, खेतों में कीटनाशक का व्यापक प्रयोग, जीवनशैली में बदलाव, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, शिकार, गौरैया को बीमारी आदि को दोषी बताया जाता रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात में गौरैया की चर्चा करते हुए इसे जैव विविधता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण बताया था और लोगों से इसके संरक्षण पहल से जुडने की अपील की थी। पिछले की साल से बिहार और दिल्ली की राजकीय पक्षी गौरैया की घर वापक्षी को लेकर देश भर में व्यापक जागरूकता अभियान चल रहा है।



विश्व गौरैया दिवस 2025

मैं गौरैया संकट में

मेरे कई नाम स्पैरो, चिरैया, फुदकी, चेर, चिड़ी, चरूई...

गौरैया शब्द का उल्लेख महाभारत में भी मिलता है। हिंदी भाषा में गौरैया शब्द का उपयोग मध्यकाल में शुरू हुआ, जब संस्कृत और प्राकृत भाषाओं के शब्द हिंदी में शामिल किए गए थे। गौरैया चिड़ियाँ का नाम गौरैया पड़ने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। मसलन, रंग को देखें तो गौरैया का नाम उसके रंग से जुड़ा हो सकता है।



संजय कुमार

घर आँगन में चहकने-फुदकने वाली नन्ही चिड़ियाँ गौरैया हमसे रूठ कर कही दूर चली गई है। कई गाँव, शहर यों कहे गली मोहल्लों में अब दिखाती ही नहीं। एक समय आएगा जब इसे इंटनेट पर देख आहे भरेंगे। गौरैया को हिंदी में गौरैया कहते हैं, तो वहीं, अंग्रेजी में स्पैरो और उर्दू में चिडियां से पुकारा जाता है।

यों तो, भारत में लोकल भाषा/बोलियों में गौरैया के कई नाम है। सिंधी में झिरकी, बुन्देली में चिरैया कहते हैं। कई राज्यों में भिन्न-भिन्न नामों से पुकारा जाता है। मसलन- बिहार में गौरैया, चिरई, फुदकी, बगरो, जम्मू और कश्मीर-चेर, पंजाब-चिड़ी, पश्चिम बंगाल-चरूई, ओडिशा(उड़ीसा)- घरचटिया, गुजरातङ्क चकली, महाराष्ट्र- चिमानी, कर्नाटक- गुब्बाच्ची, आन्ध्र प्रदेश-पिच्चूका, केरल, तमिलनाडु- कूरूवी आदि नाम से पुकारा जाता हैं। गौरैया को कहीं पर गौरा और चटक भी बुलाया जाता हैं।

सवाल स्पैरो या गौरैया शब्द का तो स्पैरो शब्द का अर्थ है 'छोटी चिड़िया'। यह शब्द मध्य अंग्रेजी में 13वीं शताब्दी में प्रयोग में आया और तब से यह शब्द अंग्रेजी भाषा में प्रयोग में आ रहा है। माना जा सकता है कि स्पैरो (Sparrow) शब्द की उत्पत्ति पुरानी अंग्रेजी भाषा से हुई है। यह शब्द पुरानी अंग्रेजी में 'स्पेरव' (Sperw) है। स्पैरो शब्द का मूल स्रोत प्रोटो-जर्मनिक भाषा है, जिसमें यह शब्द 'स्पेरव' (Sperw) के रूप में आया। यह शब्द आगे प्रोटो-इंडो-यूरोपीयन भाषा से आया है, जिसमें यह शब्द 'स्पेर-' (Sper-) के रूप में आया है। स्पैरो शब्द के विकास को देखें तो साफ है - प्रोटो-इंडो-यूरोपीयन-स्पेर- (Sper-), प्रोटो-जर्मनिक-स्पेरव (Sperw), पुरानी अंग्रेजी-स्पेरव (Sperw) या स्पेरव (Sparw) और मध्य अंग्रेजी-स्पैरो (Sparrow) से तस्वीर साफ होती है कि नन्ही चिड़ियाँ का नाम स्पैरो कैसे पड़ा।



हिंदी शब्द 'गौरैया' की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से भी होती दिखती है। संस्कृत में गौरैया को 'गौर' या 'गौरिका' कहा जाता है। गौरैया शब्द का उल्लेख महाभारत में भी मिलता है। हिंदी भाषा में गौरैया शब्द का उपयोग मध्यकाल में शुरू हुआ, जब संस्कृत और प्राकृत भाषाओं के शब्द हिंदी में शामिल किए गए थे। गौरैया चिड़ियाँ का नाम गौरैया पड़ने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। मसलन, रंग को देखें तो गौरैया का नाम उसके रंग से जुड़ा हो सकता है। जैसे 'गौर' शब्द का अर्थ है 'सफेद' या 'गोरा' और गौरैया के पंखों में सफेद और भूरे रंग का मिश्रण होता है। ये मिलकर गौरैया शब्द बना। वैसे गौरैया से भी छोटी की चिड़ियाँ है जिसे स्पैरो या गौरैया नहीं कहा गया। गौरैया छोटी चिड़ियाँ जरूर है लेकिन दूसरी छोटी चिड़ियाँ से अलग है शारीरिक रूप से यह छोटी तो लेकिन मोटी है।

नन्ही चिड़ियाँ गौरैया को घरों में धार्मिक कार्यक्रमों और समारोहों में देखा जा सकता है। दीवारों पर चित्रकारी करने में फूल-पत्ती, पेड़ के साथ गौरैया चिड़ियां के चित्र उकेरे जाते हैं। कई आदिवासियों की लोक कथाओं में गौरैया चिड़ियां का वर्णन भी मिलता है। महाराष्ट्र की वर्ली व उड़ीसा की सौरा आदिवासी (रामायण और महाभारत में इसका उल्लेख सावरा के नाम से मिलता है) की लोक कलाओं में गौरैया चिड़िया के चित्र बनाने की परंपरा मिलती है। उत्तर भारत की संस्कृति में यह चिड़िया इस तरह रची बसी है कि प्रसिद्ध लेखिका महादेवी वर्मा ने कहानी गौरैया में कामना की है कि हमारे शहरी जीवन को समृद्ध करने के लिए गौरैया चिड़ियां फिर लौटेगी।

दुखद यह है कि गौरैया की आबादी में करीब 60 से 80 फीसदी की कमी आई है।

वन्यजीव पर नजर रखने वाले इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) ने घरेलू गौरैया यानि हाउस स्पैरो -पासर डोमेस्टिकस को 2016 में रेड लिस्ट ऑफ थ्रेटर्ड स्पीशीज के लिए मूल्यांकित किया गया है और घरेलू गौरैया को कम चिंताजनक के रूप में सूचीबद्ध किया गया। ऐसे में इसके संरक्षण की जवाबदेही इंसान की ही है क्योंकि इंसान ने ही इसे अपने विकास की आपाधापी में अपने से दूर कर दिया हैं।

ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 से 80 फीसदी की कमी आई है। तो वही, वन्यजीव पर नजर रखने वाले इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) ने घरेलू गौरैया यानि हाउस स्पैरो -पासर डोमेस्टिकस को 2016 में रेड लिस्ट ऑफ थ्रेटर्ड स्पीशीज के लिए मूल्यांकित किया गया है और घरेलू गौरैया को कम चिंताजनक के रूप में सूचीबद्ध किया गया। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर वन्यजीव को लाल सूचि में शामिल करता है।

कहीं विलुप्त न हो जाए लाल सूची में शामिल गौरैया ?

संजय कुमार

पक्षियों के संसार से कई पक्षी गायब हो गये हैं। कई कगार पर हैं। गिद्ध अब नहीं के बराबर दिखते हैं। कई मोहल्लों से कौआ गायब हो चुका है। घर आँगन की नन्ही चिड़ियाँ गौरैया भी अब नहीं दिखती है। कई चिड़ियों का नहीं दिखना यानि गायब हो जाना गंभीर सवाल है। देखा जाये, तो पृथ्वी पर पक्षियों की 10,000 से ज़्यादा प्रजातियाँ हैं जिसमें फ़िंच, हमिंगबर्ड, बाज और गिद्ध से लेकर सबसे छोटेङ्कबड़े पक्षी शामिल हैं। दुर्भाग्य से, उनमें से कई विलुप्त होने के कगार पर हैं। इनमें घर-आँगन में चहकने-फूदकने और चहचहाने वाली इंसान की दोस्त नन्ही गौरैया भी शामिल हो गयी है। साथ ही घरेलू गौरैया लाल सूची में भी शामिल हो चुकी है।

ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 से 80 फीसदी की कमी आई है। तो वही, वन्यजीव पर नजर रखने वाले इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) ने घरेलू गौरैया यानि हाउस स्पैरो -पासर डोमेस्टिकस को 2016 में रेड लिस्ट ऑफ थ्रेटर्ड स्पीशीज के लिए मूल्यांकित किया गया है और घरेलू गौरैया को कम चिंताजनक के रूप में सूचीबद्ध किया गया। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर वन्यजीव को लाल सूचि में शामिल करता है। लुप्तप्राय प्रजातियों की इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की रेड लिस्ट में भारतीय पक्षियों की 182 प्रजातियाँ को शामिल है। गंभीर रूप से लुप्तप्राय, संकटग्रस्त, कमज़ोर और निकट संकटग्रस्त की श्रेणियों में सूचीबद्ध हैं। ये प्रजातियाँ वैश्विक विलुप्ति के खतरे में हैं और इन प्रजातियों के व्यापार पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध है।

तेजी से जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों ने दुनिया भर में 10 लाख से अधिक वन्यजीव प्रजातियों को प्रभावित कर खतरे में डाल रखा हैं। गौरैया का हाल बेहाल है। जब भी गौरैया की चर्चा होती है तो सुनने-देखने को मिलता है कि अब गौरैया नहीं दिखती है। गायब हो गई है। इसके संरक्षण को लेकर हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मना का संरक्षण का सन्देश दिया जाता है।

जहाँ तक गौरैया सहित दूसरी चिड़ियों के विलुप्त होने की बात है तो वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन जैसे खतरों को कम करने और लुप्तप्राय-पक्षियों की रक्षा करने के लिए दुनिया भर में प्रयास चल रहे हैं। लेकिन तस्वीर बदल नहीं रही है, खतरा बढ़ता ही जा रहा है। विश्व में खतरे में पक्षियों में पीले-कलगी वाले कॉकटू, कैलिफोर्निया कोंडोर, उत्तरी गंजा आइबिस, लाल चेहरे और लंबी, घुमावदार चोंच वाला एक बड़ा काली पक्षी, कई कारकों के संयोजन के कारण खतरे में है। शोध को देखें तो अलग-अलग खतरे, अलग-अलग वन्यजीव प्रजातियों की आबादी को प्रभावित कर रहे हैं।

गौरैया के ऊपर मंडराते खतरे को देखते हुए। भारत सरकार ने घरेलू गौरैया सहित सात गौरैया प्रजाति को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-द्वद्ध में शामिल किया गया है। ताकि इसका संरक्षण हो। इसके तहत मानव जीवन को खतरे के अलावा उनका शिकार नहीं किया जा सकता। गौरैया को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए(ट्रांस्लोकेट) चीफ वाइल्ड लाइफ़ वार्डन की अनुमति जरुरी है।



बात विलुप्ति और खतरे की तो तापमान में परिवर्तन के कारण गौरैया सहित संसार भर की हर आठ में से एक पक्षी प्रजाति पर लुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। विशेषज्ञों ने इसका मुख्य कारण वैश्विक तापमान में वृद्धि और मौसम में हो रहे लगातार परिवर्तनों को बताया है। गौरैया, कौआ और मैना ऐसी चिडिया़ं है, जो इंसान के घर आंगन में घोंसला बनाकर उसके सबसे करीब रहती है, लेकिन गाँव/ शहरों के विकास, विस्तार और बदलते जीवनशैली से अब गौरैया, कौआ और मैना आदि पक्षियों के बसेरा, सुरक्षा और भोजन में कई दिक्कतें आ रही है। भवनों का शीशे से पैक होने से परेशानी बढ़ रही है। गौरैया अपनी परछाई देख लो मरती है या उड़ते हुए टकरा कर घायल हो जा रही है। बचपन की साथी और किसान मित्र गौरैया की तो वैश्विक तापमान में वृद्धि और मौसम में हो रहे लगातार परिवर्तनों से गाँव-शहरों में अब गौरैया की आबादी कम होती जा रही हैं। जहां गांव, शहर में तब्दील हो रहे हैं वहीं खेत-खलिहान, तालाब और बाग बगीचों की जगह कंकरीट के जंगल ले रहे हैं। बची-खुची हरियाली पिछले कुछ सालों में जमीन और सड़कों के चौड़ीकरण, पक्की टाइल्स और पत्थर के पार्कों में चली गई है। एक समय था जब गौरैया, कौआ और मैना जैसी चिडियां हमारे जीवन का हिस्सा थीं, लेकिन आज वे हमसे काफी दूर चली गई हैं। इंसान का रिश्ता उनसे टूट चुका है। ऐसे में पर्यावरण उनसे दोबारा रिश्ता बनाना हमारी पर्यावरण चेतना का अहम हिस्सा होना चाहिए। बेजुबान पक्षियों के लिए हम थोड़े से दाना पानी की व्यवस्था करके इन्हें लुप्त होने से बचा सकते हैं।



गौरैया सहित पक्षियों की घटती आबादी के पीछे मुख्य कारण में कृषि उपयोग में कीटनाशक का बढ़ता प्रयोग, आहार की कमी, पेड़ कटाई, प्रकृति का अतिदोहन, बढ़ता शहरीकरण, प्रदूषण, बदलता जीवनशैली, जलवायु परिवर्तन आदि हैं। प्राकृतिक आवास कृषि भूमि या भवन निर्माण में तब्दील हो रहे हैं। बाग-बगीचा और बाड़ी जहाँ फलदार पेड़ों को उजाड़ कर खेती या ईमारत खड़े कर दिए जा रहे हैं। गौरैया का हमसे दूर कर दिया है।

गौरैया सहित पक्षियों की घटती आबादी के पीछे मुख्य कारण में कृषि उपयोग में कीटनाशक का बढ़ता प्रयोग, आहार की कमी, पेड़ कटाई, प्रकृति का अतिदोहन, बढ़ता शहरीकरण, प्रदूषण, बदलता जीवनशैली, जलवायु परिवर्तन आदि हैं। प्राकृतिक आवास कृषि भूमि या भवन निर्माण में तब्दील हो रहे हैं। बाग-बगीचा और बाड़ी जहाँ फलदार पेड़ों को उजाड़ कर खेती या ईमारत खड़े कर दिए जा रहे हैं। गौरैया का हमसे दूर कर दिया है। पेड़ों और वनों की कटाई ने गौरैया सहित दूसरी चिड़ियों का आशियाना उजाड़ दिया है। एक ओर जहाँ इन्सान के घर के आसपास पेड़ों पर गौरैया बैठती है तो वहीं दो-तिहाई पक्षी प्रजातियाँ जंगलों के अलावा कहीं और नहीं रह सकती हैं। पक्षियों के शिकार या अवैध रूप से मारे जाने के कारण हर साल अकेले भूमध्यसागरीय क्षेत्र में लगभग 12 से 38 मिलियन पक्षी मारे जाते हैं। गौरैया को बगेरी के नाम पर शिकार बनाया जा रहा है। गौरैया सहित अन्य चिड़ियों के सामने मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन सबसे गंभीर खतरा साबित हो रहा है। शोध बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन एक उभरता हुआ और लगातार गंभीर खतरा है - जो वर्तमान में वैश्विक रूप से खतरे में पड़ी 33 प्रतिशत प्रजातियों को प्रभावित कर रहा है - और यह अक्सर मौजूदा खतरों को और बढ़ा देता है। इन्ही कारणों से घर आँगन की गौरैया गाँव- शहर में दिखनी बंद हो गयी है। पटना शहर में गौरैया, शहर के बाहर गंगा नदी पर बने गंगा पथ पुल के ऊपर-नीचे अच्छी संख्या में दिख रही है। चिड़ियों के वेटलैंड, नदी, पोखर आहार का केंद्र है। ये यहाँ आती है और आहार के साथ-साथ पास में बसेरा बना लेती हैं।

गौरैया की घर वापसी के लिए हमें प्रयास को तेज करने होंगे। आहार-आवास की व्यवस्था, बैठने के लिए पेड़ लगाने होंगे इससे तापमान को बढ़ने से रोका जा सकता है और जलवायु परिवर्तन पर भी अंकुश लगेगा। इन्सान को अपने जीवनशैली में बदलाव करना होगा, पुराने दौर को अपने जीवन में ढालना होगा। कंक्रीट के जंगल को तोड़ नहीं सकते तो उसको हरियाली से पाट देना होगा। घर-घर गौरैया के लिए दाना-पानी रखना होगा, कृत्रिम घोंसला या घर निर्माण के दौरान चिड़ियों के लिए उनके अनुकूल घर बनाना होगा। यकीनन गौरैया संरक्षण पहल से तस्वीर बदलेगी साथ ही गौरैया के संरक्षण से दूसरी चिड़ियों का भी संरक्षण होगा।

संक्षिप्त समाचार

मई के तीसरे सप्ताह तक बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच होगी पूरी

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जैक बोर्ड की मैट्रिक (10वीं) और इंटर (12वीं) की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। उत्तर पुस्तिकाओं को इकट्ठा किया जा रहा है और इसके बाद मार्च के अंतिम सप्ताह से कॉपियों की जांच शुरू होगी। बोर्ड की योजना के अनुसार, मई के दूसरे या तीसरे सप्ताह तक सभी उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी होने की संभावना है। यानी, शिक्षकों द्वारा छात्रों की कॉपियों का मूल्यांकन कर उन्हें अंक दिए जाएंगे। इसके बाद, 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम मई में जारी किए जा सकते हैं। हालांकि, इंटरमीडिएट (12वीं) की आर्ट्स और कामर्स स्ट्रीम का रिजल्ट जून में जारी होने की संभावना है। बताते चलें कि झारखंड में इंटरमीडिएट (12वीं) की परीक्षा 3 मार्च तक पूरी हो गई थी, जबकि मैट्रिक (10वीं) की परीक्षा पेपर लीक होने के कारण 8 मार्च तक जारी रही। फिलहाल प्रैक्टिकल की परीक्षा चल रही है। 25 मार्च के बीच सभी स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

श्रम विभाग बाल श्रमिक रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाए : डीसी

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल ने श्रम विभाग के अधिकारियों को जिले में बाल श्रम के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने श्रम अधिकारियों से कहा कि एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार करें और बाल श्रमिकों से काम लेने वालों खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। वे मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक कर रहे थे। उन्होंने श्रम विभाग की योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। इनमें भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण योजना, निर्माण श्रमिक सुरक्षा किट योजना, 15,000 रुपये की सहयोग राशि वाली मातृत्व सहायता योजना, मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृत्ति योजना (5,000 से 50,000 रुपये की सहयोग राशि), अंत्येष्टि सहायता योजना (10,000 रुपये), झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु-दुर्घटना सहायता योजना (2 लाख से 4 लाख रुपये सहायता राशि), चिकित्सा सहायता योजना, विवाह सहायता योजना और विभिन्न पेंशन योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को इन योजनाओं के बारे में बताकर उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने इस बात पर भी जोर दिया कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हित में श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि उन्हें सही लाभ मिल सके।

घायल युवक की इलाज के अभाव में हुई मौत

लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के बराठपुर निवासी सुमेल उरांव के पुत्र सुखदेव उरांव की मौत इलाज के अभाव में हो गई। शव का पोस्टमार्टम सोमवार को सदर अस्पताल में किया गया। जानकारी अनुसार सुखदेव उरांव गत दिनों कुडू थाना क्षेत्र के कड़ाक के समीप हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हुआ था, जिसका इलाज चल रहा था। पर परिजन पैसे के अभाव में घायल युवक का बेहतर इलाज नहीं करा सके। जिससे युवक की मौत हो गई। युवक कुछ वर्षों से रायपुर में रह रहा था। गत एक माह पूर्व उसकी स्कूटी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं एक अन्य सह सवार की मौत पूर्व में ही हो चुकी है।मृतक के परिजनों का कहना है कि युवक का आयुष्मान कार्ड नहीं था, वहीं गरीबी के कारण वे युवक का समुचित इलाज नही करा सके।

रानेश्वर के रंगालिया गांव से युवक लापता

दुमका/रानेश्वर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रानेश्वर थाना क्षेत्र के रंगालिया गांव के एक 19 वर्षिय युवक लापता हो गया है। युवक की मां अपने पुत्र की तलाश में दर दर की ठोकरे खा रही हैं। लापता युवक की माता लुगुमनी मोहाली बता रही है कि उनकी 19 वर्षिय पुत्र धीरेन मोहलो दिल्ली में काम करता है। करीब एक महीना पूर्व वह घरवाले को फोन कर बताया था कि वह कुंभ मेला में है। कई दिन बाद घर लौटेंगे। लेकिन अब पुत्र से कोई सम्पर्क नहीं हो रहा है। वह घर भी वापस नहीं लौटा है। परिवार सदमे में है। माता लुगुमनी मोहलो पुत्र की सकुशल घर वापसी की इंतजार में है।

दुष्कर्म मामले में जांच करने पहुंची एफएसएल की टीम

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सिसवन थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म के एक मामले में जांच करने एफएसएल की टीम पहुंची। टीम की सदस्य रत्ना राभा के साथ महिला थाना कि एसआई भारती कुमारी, के साथ घटनास्थल पहुंच जांच के लिए सैंपल लिया। एफएसएल कि टीम ने घटनास्थल हर पहलू पर जांच किया। घटनास्थल से आवश्यक अनुसंधान संबंधित साक्ष्य बरामद की गई है। हत्या के राजफाश के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान का सहारा लिया जा रहा है।मौके पर सिसवन थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, एसआई राजकुमार पासवान सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

आपसी में मारपीट कई घायल

सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों में धर्मेंद्र महतो तथा राम दर्शन महतो शामिल है।सभी घायलों को सिसवन के रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनकी मरहम पट्टी की गई। वही सिसवन थाना क्षेत्र के गयासपुर मठिया गांव में हुई मारपीट की घटना में सोमारु शाह गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल अवस्था में उन्हें सिसवन के रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनकी मरहम पट्टी की गई।

फरार आरोपियों के घर कुर्की जब्ती

सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। स्थानीय थाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी कुर्की वारंट के अनुपालन को लेकर मारपीट के मामले में दो फरार नामजद आरोपियों के घर से कुर्की जब्ती की कार्रवाई की है।सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल एवं चौकीदारों की टीम द्वारा दोनों आरोपी के किशुन बारी गांव स्थिति गोरख महतो के पुत्र पवन महतो तथा दीपक महतो घर से घर में उपलब्ध सामग्री को जब्त कर थाना लाया गया है। इस दौरान पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के घर से चौकी, पंखा, कुर्सी आदि सामानों को जब्त किया गया है।

एनटीपीसी ने शुरू किया सिलाई प्रशिक्षण

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नेशनल थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत महिला स्वावलंबन कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण आरंभ करवाया गया है। प्रशिक्षण केंद्र में सेवा प्रदाता एजेंसी इंफोटेक कविवर नेपाली पथ बेतिया द्वारा 15 दिवसीय सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण आरंभ करवाया गया है। प्रशिक्षण का उदघाटन कांटी थर्मल स्टेशन के हेड ऑफ प्लांट मधु एस ने किया। वहीं मौके पर महाप्रबंधक तापस शाहा, एजीएम एचआर महेश कुमार सुथर, डीजीएम एच संजीत कुमार, उप प्रबंधक एचआर सुकांता मंडल एवं इंफोटेक के निदेशक ज्ञानेंद्र शरण, सीएसआर कार्यपालक नेहा मिंज,इंफोटेक की काआर्डिनेटर शबा खानम प्रशिक्षक बबी कुमारी भी मौजूद रहे।

प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने पर हर्ष

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखण्ड के रमपुरवा गांव निवासी भागवत ठाकुर निराला को लगातार दुसरी बार जदयू अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्यकताओं ने बताया कि पार्टी की ओर से भागवत ठाकुर को जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर चुनाव से पूर्व बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। इस संबंध में श्री ठाकुर से बात करने पर उन्होंने उक्त मिली कामयाबी के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश प्रसाद कुशवाहा, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी एवं सांसद सुनील कुमार के प्रति आभार जताया।

दर्जनों गांव में पांच घंटे बिजली आपूर्ति ठप

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ग्रामीण क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांव में पांच घंटे बिजली आपूर्ति बंद होने के चलते उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। हालाकि दिन के करीब साढ़े दस बजे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। क्षेत्र के चेगौना, मलदहिया, सुगौली, मुजौना, पीपरा, बनवरिया, जमुनिया, कौलाची, शेरहवा, महेशपुर समेत अन्य गांवों में बिजली सुबह से बंद थी। ग्रामीण चंदन कुमार, दीपू कुमार,रवि मणि तिवारी, राकेश मणि तिवारी, अशोक दीक्षित, संजीव कुमार, उमेश साह, मंजूर मियां, किशन बैठा, प्रिंस गुप्ता आदि ने बताया कि सोमवार को सुबह से हीं बिजली नही थी। दिन के करीब 11 बजे बिजली आई। ग्रामीणों ने कहा कि अभी गर्मी के शुरूआत में ही बिजली का ये हाल है।

कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने के सुझाव हैं आमंत्रित : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक



मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की। इस दौरान सभी दलों के प्रतिनिधियों को प्रपत्र 6, 7 व 8 के संबंध में पूरी जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने कहा कि अगर किसी दल को मतदाता सूची से जुड़ी कोई परेशानी हो, वोटर कार्ड से जुड़ी कोई समस्या या चुनाव प्रणाली से रिलेटेड कोई बात हो तो संबंधित विषय को रेखांकित कर सकते हैं। अथवा अगली बैठक में उस विषय पर चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत कैसे किया जाए इस विषय पर सुझाव आमंत्रित है।बैठक में अलग-अलग दलों की तरफ से नाम डिलिटेशन व एक ही व्यक्ति का दो स्थानों पर वोटर कार्ड होने संबंधी आदि विषयों को उठाया गया। इस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आयोग की तरफ से वोटर कार्ड को आधार से जोड़े जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ऐसे में उपरोक्त विषय स्वतः ही खत्म हो जायेगी। कहा कि आयोग अगले तीन महीनों में डुप्लीकेट एपिक संबंधी त्रुटियों का सुधार कार्य पूर्ण कराने को आवश्यक कार्रवाई कर रही है। कहा कि 1 जनवरी 2025,1 अप्रैल 2025,1 जुलाई 2025 व 1 अक्टूबर 2025 को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम शामिल करा सकते हैं। नाम शामिल करने के लिए प्रपत्र 6 में रंगीन फोटो व आयु तथा निवास प्रमाण पत्र के साथ अग्रिम आवेदन किया जा सकता है। इस कार्य में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। मौके पर सभी दलों के प्रतिनिधियों को इलेक्शन से जुड़े अलग-अलग एप्स की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया(मार्क्सिस्ट), आजसू पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय जनता दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

हिन्दू नववर्ष यात्रा 29 मार्च और रामनवमी शोभा यात्रा 7 अप्रैल को

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जमशेदपुर केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त अनन्य मितल एवं एसएसपी किशोर कौशल से उनके कार्यालय में मुलाकात कर हिन्दू नववर्ष यात्रा, बसंती दुर्गा पूजा, चैती छठ एवं रामनवमी महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि चूंकि पूर्वी सिंहभूम अति संवेदनशील जिलों में शामिल है इसलिए जिला प्रशासन मानगो मुंशी मुहल्ला, गांधी मैदान मानगो, गोलमुरी, जुगसलाई, धातकीडीह बिष्टूपुर जैसे अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी नजर रखे, ताकि शहर मे कोई अप्रिय घटना नहीं घट सके। जमशेदपुर में इस वर्ष 175 रामनवमी अखाड़ा एवं 12 जगहों पर वासंती दुर्गा पूजा एवं 5 स्थानों से हिन्दू नववर्ष यात्रा निकाले जाने की संभावना है। समिति ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि सभी विसर्जन घाटों की मरम्मत, नदी की सफाई, यातायात की सुगम व्यवस्था के साथ-साथ हिन्दू नववर्ष यात्रा एवं रामनवमी शोभा यात्रा सह विसर्जन की कड़ी सुरक्षा प्रदान की जाए।

श्री बंशीधर राजकीय महोत्सव का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया उदघाटन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री बंशीधर नगर मंदिर में की पूजा-अर्चना



● झारखंड वासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली व उन्नति की कामना की ● मुख्यमंत्री को गढ़वा पहुंचने पर पदाधिकारियों ने की स्वागत

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिला स्थित श्री बंशीधर नगर पहुंचे। अनुमंडल कार्यालय स्थित हैलिपैड पर मुख्यमंत्री के पहुंचने पर पलामू के आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाईएस रमेश, गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय आदि ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। साथ ही मुख्यमंत्री को स्थानीय प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ आनर दिया गया। श्री बंशीधर राजकीय महोत्सव के उदघाटन के पूर्व मुख्यमंत्री सीधे श्री बंशीधर मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री बंशीधर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंड वासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली व उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री ने श्री राधा वंशीधर जी युगल सरकार की विधिवत चरण दर्शन व पूजन किया। मंदिर में दो दिवसीय विशेष पूजन व अनुष्ठान के लिए काशी व देश के विभिन्न स्थानों से पधारे विद्वान आचार्यों की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचोपचार विधि से पूजन संपन्न कराया। विशेष पूजन व अनुष्ठान के आचार्य श्रीकांत मिश्र ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव, विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह, राजपरिवार के सदस्य पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव उर्फ राजा बच्चा का पट्टाभिषेक कर बहुमान किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन के मंदिर पहुंचने पर विधायक-सह- मंदिर के ट्रस्टी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने उनका स्वागत किया। दर्शन पूजन के बाद श्री देव ने मुख्यमंत्री को श्री बंशीधर जी की तस्वीर प्रदान कर स्वागत किया। मौके पर पलामू आईजी सुनील भाष्कर, डीआइजी वाईएस रमेश, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा, गढ़वा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, मंदिर के पुजारी चंद्रशेखर तिवारी, आचार्य श्रीकांत मिश्र, सत्यनारायण मिश्र, मंदिर ट्रस्ट के राजेश प्रताप देव, राजपाल प्रताप देव, युवराज प्रताप देव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंदिर के समीप स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर व संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

जनता दरबार में उपायुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की सुनी फरियाद

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त ने सभी की शिकायते सुनी व जल्द निबटारा का आश्वासन दिया। जनता दरबार में पाटन के ग्राम चेतमा से आये आवेदनकर्ता ने ग्राम चेतमा में तालाब निर्माण कराने का अनुरोध किया। उन्होंने उपायुक्त से कहा कि तालाब निर्माण हो जाने से सिंचाई में काफी सहूलियत होगी। इससे कई ग्रामीणों को फायदा होगा। इसी तरह चैनपुर के ग्राम भड़गांवा से आये फरियादी जोगन मांझी ने डीसी से मलेरिया कार्यालय पलामू में छिड़काव कर्मी के पद पर पुनः बहाल करने को लेकर अनुरोध किया। वहीं नौडीहा बाजार के सिलदा खूर्द से आये फरियादी ने पैक्स अध्यक्ष द्वारा ससमय धान क्रय नहीं किये जाने के संबंध में आवेदन दिया। सदर प्रखंड के रजवाडीह ग्राम से आयी महिला शिकायतकर्ता ने कहा कि अबुआ आवास के तहत वे अपना घर का निर्माण करा रही है। जिस चापाकल से पानी का इस्तेमाल कर घर बनवा रही है उस चापाकल में उसके देवर ने बोर कर पंप से पानी निकाल रहा है। इससे उसे पानी लेने में समस्या उत्पन्न हो रही है। इसी तरह चैनपुर के सलतुआ से आयी एक महिला फरियादी ने अंचल कार्यालय से म्यूटेशन नहीं किये जाने के संबंध में आवेदन दिया। जनता दरबार में आये आवेदनों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, राशन संबंधित मामले, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले शामिल थे।उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।



छेड़खानी को लेकर अभिभावकों ने जमकर काटा बबाल

पुलिस दो छात्रों से कर रही पूछताछ

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नानोसती में छात्रा के साथ छेड़खानी के सूचना पर पहुंचे गुस्साए ग्रामीणों ने बुधवार को विद्यालय परिसर में जमकर बवाल काटा। छात्रा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इलाज के बाद जीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।आरोपी छात्रो पर कार्रवाई करने के लिए मांग करने लगे। इससे विद्यालय परिसर में अफरा तफरी मच गया। गुस्साए ग्रामीणों को देखते हुए प्राचार्य माला कुमारी ने दोनों छात्रों को विद्यालय के कमरे में बंद कर दिया। इससे लोगों के आक्रोश का डंस झेलना पड़ा। पठन पाठन पूरी तरफ बंद हो गई।प्राचार्य ने लोगों के हुजुम को देखते हुए पुलिस को सूचना दी।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी ने पहुंचकर दोनों छात्रों को हिरासत में ले लिया। इसी विद्यालय के दो इंटर के छात्र ने छात्र के साथ अभद्र टिप्पणी किया।छात्र ने इसकी शिकायत प्राचार्य से किया। तथा घर के लिए निकल गई। घर पहुंचते ही अपनी आप बीती अपने माता-पिता एवं आसपास के लोगों को बताई एवं वेहोश हो गई।

23 को आयोजित होगा नंदनगढ़ महोत्सव

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले के लौरिया प्रखंड में 23 मार्च को नौ वर्षों के बाद नंदनगढ़ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। तैयारी में किसी तरह की चूक या कमी नहीं हो इसको लेकर जिला अधिकारी दिनेश कुमार राय ने कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार व नरकटियागंज एसडीएम सूर्य नारायण प्रसाद को कई आवश्यक निर्देश दिया है। डीएम ने बताया कि महोत्सव का आयोजन लौरिया के साहू जैन हाई स्कूल के प्रांगण में होगा। कार्यक्रम के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे भोजपुरी सिने जगत के कलाकार कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावे कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोविड के कारण महोत्सव का आयोजन नही हो पा रहा था। जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि महोत्सव का आयोजन निर्बाध गति से होता रहे।



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 24 को झारखंड विधानसभा का करेगी घेराव : रूचिर तिवारी

अपने हक व अधिकार की लड़ाई के लिए आम जनता से की अपील



मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आगामी 24 मार्च को रांची विधानसभा घेराव को ले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि झारखंड विधानसभा का चुनाव संपन्न होने के बाद भी राज्य सरकार ने किया हुआ अपना वायदा पूरा नहीं किया। डालटनगंज के भाजपा के विधायक व सांसद निकम्मा बनकर बैठे हुए हैं। पलामू जिला के मंत्री भी सिर्फ अफसर तक ही सीमित रह गए हैं। आम जनता को रोजगार देने, खेती की व्यवस्था को सुदृढ़ करने व शहरी पेयजल योजना के कमी का निजात दिलाने, खास महल भूमि का फ्री होल्ड कराने, घर बनाने के लिए बालू को सुलभ व फ्री करने, कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करने सहित जनहित में एक भी काम नहीं किया जा रहा है। पलामू सहित झारखंड खनिज संपदाओं से भरे होने के बावजूद चारागाह का अड्डा बना हुआ है। छात्र व नौजवानों को रोजगार व रोजगारी भत्ता के नाम पर सरकार कुछ नहीं कर रही है। ऐसी स्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद पूरे पलामू प्रमंडल सहित झारखंड के कोने- कोने से हजारों नौजवानों के साथ 24 मार्च को रांची विधानसभा का घेराव करेंगी। उन्होंने किसानों, मजदूरों, छात्रों व नौजवानों को हजारों की संख्या में 24 तारीख को अपने हक व अधिकार की रक्षा के लिए रांची चलने का आह्वान किया। कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विधानसभा गेट में ताला लगाने का काम करेगी। मौके पर वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, समसुद्दीन अंसारी, अभय कुमार भूइंया, प्रेमचंद तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, आलोक कुमार तिवारी, योगेंद्र सिंह, रामजीत राम प्रभु कुमार शर्मा, श्रद्धानंद तिवारी अजेश कुमार चौहान सहित अन्य लोग शामिल थे।

गुठनी- दरौली-मांझी पथ के भूमि अधिग्रहण हेतु रघुनाथपुर प्रखंड परिसर में विशेष कैंप का आयोजन

सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गुठनी- दरौली-मांझी पथ के चौड़ीकरण हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए रघुनाथपुर तथा सिसवन प्रखंड में रैय्यतों से वार्ता कर सतत लीज पर भूमि अधिग्रहण करने का निर्देश पूर्व में जिला पदाधिकारी सिवान के द्वारा दिया गया था।जिसको लेकर बुधवार को रघुनाथपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में रैयतों से वातार्लाप हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में अनुमंडल पदाधिकारी सिवान, सदर, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सिवान, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचला अधिकारी रघुनाथपुर उपस्थित रहें। सभी उपस्थित पदाधिकारी गणों के द्वारा गुठनी- दरौली-मांझी पथ के चौड़ीकरण के निमित्त भू-अर्जन से प्रभावित होने वाले रैय्यतों से विशेष कैंप में वार्ता कर सतत लीज की पूरी प्रक्रिया समझाई गई।इस संबंध में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सिवान ने आश्वासन देते हुए कहा कि सभी प्रभावित होने वाले रैयतों को मुआवजा की राशि नियमानुसार उनके खातों में शीघ्र हस्तांतरित कर दी जाएगी। किसी भी तरह की परेशानी होने पर संबंधित अंचलाधिकारी अथवा जिला भू अर्जन कार्यालय से वे संपर्क कर सकते हैं। वही अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर ने भी प्रभावित होने वाले रैयतों को सभी संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।



पंजीकृत उद्यमियों का नेशनल स्मॉल स्केल इंडस्टरीज कॉरपोरेशन में पंजीकरण शिविर संपन्न

चाईबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। ट्राइबल इंडियन चैंबर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चाईबासा के कार्यालय आरपी इंटरप्राइजेज सिकुरसाइ चाईबासा में एक दिवसीय नेशनल स्मॉल स्केल इंडस्टरीज कॉरपोरेशन के तहत पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नेशनल स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज जमशेदपुर से मोहम्मद जीशान अपने सहयोगियों जिनमें इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर के निरीक्षक सुमित सिंह एवं अमित कुमार, नेशनल स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज कारपोरेशन से रिंटू नाथ के साथ शामिल हुए। उन्होंने सभी ट्राइबल चेंबर के उद्यमियों का व्यापार एवं कार्यालय का भौतिक सत्यापन किया और साथ ही साथ सभी उद्योगों का पंजीकरण हेतु कागजात संलग्न किया। इसके साथ ही ट्राइबल इंडियन चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उद्यमी नेशनल स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज कारपोरेशन के तहत निबंधीत हो गए। जिसके तहत भारत सरकार द्वारा कई तरह की सुविधाएं उद्यमियों को प्रदान की जाएगी। समारोह का संचालन ट्राइबल इंडियन चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव अनमोल पिंगुवा एवं कोषाध्यक्ष महेंद्र लागूरी के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष रामेश्वर बीरूवा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव रिमिल पाड़िया, उपाध्यक्ष हरीश कुंकल एवं करीब 25 के संख्या में आदिवासी उद्यमी उपस्थित थे।

इस्पात उत्पादों पर 200 दिनों के लिए

12 प्रतिशत सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश



नई दिल्ली, एजेंसी। वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने घरेलू इस्पात उत्पादकों को आयात में वृद्धि से बचाने के उद्देश्य से कुछ इस्पात उत्पादों पर 200 दिन के लिए 12 प्रतिशत का अनंतिम सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश की है।

पिछले साल दिसंबर में व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने फैब्रिकेशन, पाइप निर्माण, निर्माण, पूंजीगत सामान, ऑटो, ट्रैक्टर, साइकिल और इलेक्ट्रिकल पैनल सहित विभिन्न उद्योगों में उपयोग किए जाने वाले गैर-मिश्र धातु और मिश्र धातु स्टील फ्लैट उत्पादों के आयात में अचानक वृद्धि की जांच शुरू की थी। भारतीय इस्पात संघ की शिकायत के बाद यह जांच की गई।

निदेशालय ने अपनी जांच में प्रारंभिक रूप से पाया है कि भारत में इन उत्पादों के आयात में हाल ही में अचानक, तीव्र और महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जिससे घरेलू उद्योग/उत्पादकों को गंभीर क्षति पहुंचने का खतरा है।

निदेशालय ने 18 मार्च को जारी अधिसूचना में कहा है कि ऐसी गंभीर परिस्थितियां मौजूद हैं, जहां अनंतिम सुरक्षा उपायों के लिए आवेदन में किसी भी प्रकार की देरी से ऐसी क्षति होगी, जिसकी मरम्मत करना कठिन होगा। अनंतिम सुरक्षा उपायों को तत्काल लागू करने की आवश्यकता है।

डीजीटीआर ने एक अधिसूचना में कहा है, प्राधिकरण विचाराधीन उत्पाद के आयात पर अंतिम निर्धारण होने तक 200 दिनों के लिए 12 प्रतिशत की दर से अनंतिम सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश करता है। शुल्क लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेगा।



कर्ज घटने और सरकारी प्रोत्साहन से निजी क्षेत्र में निवेश का नया दौर

क्रिसिल रिपोर्ट का दावा

नई दिल्ली, एजेंसी। देश का निजी क्षेत्र एक दशक पहले की तुलना में अब निवेश करने की बेहतर स्थिति में है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, निजी कंपनियों की वित्तीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे उन्हें नए निवेश करने में आसानी होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, निजी कंपनियों ने कुछ वर्षों में कर्ज लगातार कम किया है।

इससे उनका खाता-बही मजबूत हुआ है। यह कम पूंजीगत खर्च, बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए सरकारी पहल, नए शेयर जारी करने और बेहतर क्षमता उपयोग के कारण हुआ है। कंपनियों के कर्ज की तुलना में नेटवर्थ अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह वित्त वर्ष 2015 में 1.05 गुना से घटकर 2025 में अनुमानित 0.50 गुना हो गया है। इससे कंपनियों के पास विस्तार के लिए नया कर्ज लेने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है।

एनपीए घटने से कर्ज मिलने में सुविधा- बैंकों का एनपीए घटने से उद्योगों को कर्ज मिलने में सुविधा हो रही है। 2017 से 2021 के बीच सरकारी बैंकों के 3.3 लाख करोड़ से अधिक के पुनर्पूंजीकरण से उन्हें खाता-बही को साफ करने और पूंजीगत ताकत में सुधार करने में मदद मिली है। बैंकों का सकल एनपीए मार्च, 2018 के 11.2 फीसदी से घटकर मार्च, 2025 में 2.5 फीसदी रह गया है।


सरकारी नीतियों से मिल रहा प्रोत्साहन- रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी नीतियों ने भी निजी निवेश को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना, मेक इन इंडिया पहल, एफडीआई नीतियों, कॉरपोरेट कर में कटौती, बुनियादी ढांचे का विकास और डिजिटल सार्वजनिक ढांचे ने निवेश के माहौल को बेहतर बनाने में योगदान दिया है।

जर्मनी में एपल को बड़ा झटका

भ्रष्टाचार-रोधी अपील में हार, सिरी के गलत इस्तेमाल पर 9.5 करोड़ डॉलर का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी। जर्मनी के संघीय न्यायालय ने एपल कंपनी की बाजार स्थिति पर हुई बहस के बाद मंगलवार को अपना फैसला सुनाया। इसमें कंपनी एक विनियामक मूल्यांकन पर भ्रष्टाचार-रोधी अपील हार गई है। इसके बाद आईफोन निर्माता कंपनी पर जर्मनी में सख्त नियंत्रण के लिए दरवाजे खुल सकते हैं। संघीय न्यायाधीशों ने जर्मन कार्टेल कार्यालय ने एपल को 2023 में प्रतिस्पर्धा के लिए सर्वोपरि क्रॉस-मार्केट महत्व वाली कंपनी के रूप में नामित करने का समर्थन किया। इसके साथ ही, एपल जर्मनी की बढ़ती सूची में गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट और फेसबुक की मालिक मेटा के साथ शामिल हो गया।



लंदन में गोपनीय सुनवाई

सिरी के गलत इस्तेमाल पर जुर्माना

लंदन की एक अदालत ने अपने एन्क्रिप्टेड क्लाउड स्टोरेज सिस्टम में बैक डोर बनाने के लिए ब्रिटिश सरकार के जनादेश के खिलाफ एपल की अपील से संबंधित एक गोपनीय सुनवाई की। मीडिया को इस कार्यवाही से बाहर रखा गया। एपल ने फरवरी में ब्रिटेन द्वारा जारी तकनीकी क्षमता नोटिस के जवाब में ब्रिटेन में नए यूजरों के लिए क्लाउड डाटा के लिए अपने उन्नत डाटा सुरक्षा एन्क्रिप्शन को ही अक्षम कर दिया।

एपल ने अपने वर्चुअल असिस्टेंट सिरी के माध्यम से जासूसी करने के आरोप में 9.5 करोड़ डॉलर का जुर्माना भरने पर सहमति जताई है। ऑकलैंड में संघीय अदालत 5 साल पुराने इस मामले का समाधान करेगी। इसमें उस पर कई आरोप लगाए गए हैं।

भारत में रेलवे किराया पड़ोसी देशों से कम

नई दिल्ली, एजेंसी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत में रेल किराया पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों से कहीं कम है। उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान की तुलना में अब तक रेल हादसों में 90 प्रतिशत की कमी आई है। 2025-26 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर बहस का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर कोविड महामारी की कठिनाइयों से उभरकर अपने खर्चों को पूरा करने में सक्षम हो गया है।



महाकुंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर बोलने की अनुमति नहीं दिए जाने को लेकर विपक्ष के शोरगुल के बीच मंत्री ने कहा कि रेलवे ने स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए हैं और त्यौहारों के मौसम में कई विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सुरक्षा पर ध्यान दिए जाने के कारण, लालू प्रसाद के मंत्रालय संभालने के समय की तुलना में दुर्घटनाओं में 90 प्रतिशत की कमी आई है।

लालू प्रसाद के कार्यकाल की तुलना में रेल हादसे घटे- उन्होंने कहा, लालू प्रसाद के कार्यकाल में एक वर्ष में लगभग 234 दुर्घटनाएं और 464 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, यानी प्रति वर्ष लगभग 700। ममता बनर्जी के कार्यकाल में 165 दुर्घटनाएं और 230 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या प्रति वर्ष 395 हो गई और मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यकाल में 118 दुर्घटनाएं और 263 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, जिससे दुर्घटनाओं की कुल संख्या 381 हो गई। वैष्णव ने यह भी कहा कि कवच का बड़े पैमाने पर 10,000 इंजनों और 15,000 किलोमीटर पर परिचालन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया- वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया और नई तकनीक और निवेश लाया, और अब यह घटकर 30 दुर्घटनाएं और 43 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, जो पहले की अवधि से 90 प्रतिशत कम है और 2014-15 की तुलना में 80 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि रेलवे ने 2020 से किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की है और तब से किराए में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वैष्णव ने कहा, अगर हम पड़ोसी देशों से तुलना करें तो हमारे यहां किराया बहुत कम है। 350 किलोमीटर की यात्रा के लिए भारत में किराया 121 रुपये, पाकिस्तान में 436 रुपये, बांग्लादेश में 323 रुपये और श्रीलंका में 413 रुपये है। मंत्री ने कहा कि यूरोपीय देशों में कीमतें पांच गुना से भी अधिक हैं।


बीएचईएल ने तीन साल में 300 प्रतिशत रिटर्न दिया

● पिछले 6 महीने में शेयर में 20 प्रतिशत गिरावट आई ● कंपनी का मार्केट कैप 71,974 करोड़ रुपये है

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर मार्केट में पिछले तीन दिनों से तेजी जारी है। हालांकि पिछले 6 महीने में मार्केट में काफी गिरावट आई है। इस 6 महीनों में सेंसेक्स 9 फीसदी से ज्यादा गिर गया है। इस दौरान कई शेयर में भी उतार-चढ़ाव आता रहा। इसी बीच एक सरकारी कंपनी का शेयर मल्टीबैगर बन गया है। इसने तीन साल में ही करीब 300 फीसदी रिटर्न दिया है। यानी एक लाख रुपये के निवेश पर तीन लाख रुपये का फायदा किया है। इस कंपनी का नाम भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड है। इसे भेल के नाम से भी जाना जाता है। बीएचईएल के शेयर में पिछले कई दिनों ने तेजी बनी हुई है। बुधवार को दोपहर 12 बजे यह शेयर 1.37 फीसदी की तेजी के साथ 206.70 रुपये पर कारोबार कर रहा था। हालांकि पिछला कुछ समय इस शेयर के लिए भारी उतार-चढ़ाव वाला रहा है। इस साल यह कुछ नुकसान में रहा है। वह इसलिए क्योंकि इस दौरान शेयर मार्केट में भी काफी गिरावट रही है।

6 महीने में बड़ा नुकसान

इस शेयर ने 6 महीने में निवेशकों का बड़ा नुकसान किया है। ऐसा इसलिए भी हुआ क्योंकि इस दौरान शेयर मार्केट में भी गिरावट रही। 6 महीने में यह शेयर करीब 20 फीसदी गिर गया। हालांकि बात अगर पूरे एक साल की करें तो इस दौरान इसकी गिरावट 5 फीसदी से कुछ ज्यादा रही। इस शेयर में जुलाई 2024 के बाद से गिरावट आई शुरू हुई।



तीन साल में किया धमाल- इस शेयर के लॉन्ग टर्म रिटर्न को देखें तो इसने धमाल मचा दिया है। अब से तीन साल पहले इस शेयर की कीमत करीब 51 रुपये थी। अब करीब 207 रुपये है। ऐसे में तीन साल में इस शेयर में जबरदस्त तेजी आई है। इन तीन वर्षों में इस शेयर का रिटर्न करीब 300 फीसदी रहा है। अगर आपने तीन साल पहले इस कंपनी में एक लाख रुपये निवेश किए होते तो वह रकम बढ़कर आज चार लाख रुपये हो चुकी होती। यानी आपको मात्र तीन साल में एक लाख रुपये के निवेश पर तीन लाख रुपये का फायदा हो चुका होता।

5 साल में धांसू रिटर्न

बात अगर 5 साल की करें तो इतने समय में इसने निवेशकों की झोली भर दी है। इतने समय में इसका रिटर्न 800 फीसदी से कुछ ही कम रहा है। 5 साल पहले इस शेयर की कीमत करीब 23 रुपये थी। अब करीब 207 रुपये। ऐसे में इसने इन 5 वर्षों में करीब 780 फीसदी रिटर्न दिया है। यानी इस शेयर ने 5 साल में एक लाख रुपये को करीब 9 लाख रुपये में बदल दिया है।

कितना है मार्केट कैप

बीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक कंपनी का मार्केट कैप 71,974 करोड़ रुपये है। कंपनी हैवी इलेक्ट्रिक इक्विपमेंट बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी है। कंपनी को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (दिसंबर तिमाही) में 134.70 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। यह पिछले साल की समान तिमाही के 60.31 करोड़ रुपये से दोगुने से ज्यादा है। इस तिमाही में कंपनी की कुल आय 32.21 फीसदी बढ़कर 7277.09 करोड़ रुपये हो गई।

नोएडा एयरपोर्ट: देरी के लिए लगा हर रोज 10 लाख का जुर्माना



नोएडा, एजेंसी। इन दिनों नोएडा एयरपोर्ट खूब चर्चा में है। चर्चा की वजह इस पर लगा जुर्माना है। दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रोजेक्ट में देरी को आधार बना कर प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहना रही पर 10 लाख रुपये रोज के हिसाब से जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना तब तक लगता रहेगा जब तक एयरपोर्ट चालू नहीं हो जाता। इस बीच कंपनी ने ऐयरपोर्ट की लेटेस्ट रिपोर्ट को लेकर एक वीडियो जारी किया है।

कितना काम हुआ है

नोएडा एयरपोर्ट के ऊपर से ड्रोन की सहायता से बनाए गए इस वीडियो में दिखाया जा रहा है कि एयरपोर्ट पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के लिए हवाई यातायात नियंत्रण टावर बनाने का काम कर रहा है। पैसेंजर टर्मिनल और बाकी ज़रूरी चीज़ें भी बन रही हैं। लेकिन अभी तक कोई भी हिस्सा पूरा नहीं हुआ है। हर ओर कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। कहीं फर्निशिंग का काम भी किया जा रहा है।

शीघ्र ही मिलेगा एरोड्रम लाइसेंस

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अगला जरूरी काम है एयरोड्रम लाइसेंस मिलना। यह लाइसेंस मई में मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट पर सबसे पहले देश के अंदर की मतलब कि घरेलू उड़ानें शुरू होंगी। उसके बाद कुछ महीनों में विदेश की उड़ानें भी शुरू हो जाएंगी। हवाई अड्डे से व्यवसायिक उड़ानें शुरू करने के बारे में राज्य सरकार और केंद्र सरकार से बातचीत चल रही है।

जुर्माने की बात पर नहीं मिला जवाब

प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए जुर्माने की बात पर उन्होंने कहा कि अभी तक उन्हें इस बारे में कोई औपचारिक पत्र नहीं मिला है। इसकी जानकारी उन्हें मीडिया से ही मिली है। उनका कहना है कि इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में उत्तर प्रदेश सरकार, एआइ, डीजीसीए और बीसीएएस ने बहुत मदद की है, जिसके लिए वे उनके आभारी हैं। उनका कहना है कि वाईआईएपीएल एक ऐसा शानदार एयरपोर्ट बनाने के लिए तैयार है, जो सुरक्षा, सुविधा और यात्रियों की सेवा के मामले में दुनिया में सबसे अच्छा हो। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लक्ष्य है कि यात्रियों को एयरपोर्ट पर अच्छा अनुभव हो।

डेडलाइन फेल

नोएडा एयरपोर्ट को शुरू करने के कई डेडलाइन फेल होते दिख रहे हैं। पहले बताया गया था कि इसे साल 2024 के अंत तक शुरू कर देना है। लेकिन कोविड काल में इसके कंस्ट्रक्शन वर्क पर असर पड़ा। उसके बाद निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं की वजह से कंपनियों को तीन महीने की छूट दी गई थी। इस छूट के बावजूद भी एयरपोर्ट के निर्माण का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। कंपनी की ओर से अप्रैल की संशोधित समय सीमा पर भी एयरपोर्ट पर उड़ान शुरू होते नहीं दिख रहा है।

मिडिल क्लास की पहुंच से दूर हुआ सोना!

बढ़ती कीमत ने बढ़ाई ज्वेलर्स की परेशानी, शादियों का सीजन भी रहा सूना

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने की कीमत आसमान छूने लगी है। सोमवार को इसमें 1300 रुपये की तेजी आई। इसके साथ ही 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1300 रुपये उछलकर 90,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। सोने की कीमत बढ़ने से यह लोअर और मिडिल क्लास की पहुंच से दूर होने लगा है। वहीं इसका असर ज्वेलर्स पर भी दिखाई दे रहा है। सोना महंगा होने से ज्वेलर्स पर ग्राहक खरीदारी के लिए कम आ रहे हैं। नोएडा के एक ज्वेलर ने बताया कि पिछले एक महीने से सोने के आभूषणों की बिक्री काफी कम हो गई है। शादी के सीजन में भी सोने की ज्वेलरी की बहुत ज्यादा बिक्री नहीं हुई। वहीं एक अन्य ज्वेलर ने बताया कि इस समय सोने के आभूषण खरीदने वाले कम और बेचने वाले ज्यादा आ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण सोने की कीमत में आई तेजी है।



कारोबार पर पड़ रहा असर- सोने की खरीदारी कम होने से ज्वेलर्स का धंधा मंदा पड़ गया है। ज्वेलर्स के मुताबिक शादी में भी सोने की बहुत ज्यादा बिक्री नहीं हुई। सबसे ज्यादा मांग 18 कैरेट सोने की रही। हालांकि 22 कैरेट का सोना भी कुछ ज्यादा बिका, लेकिन मात्रा के अनुसार कम।

मिडिल क्लास की बड़ी हिस्सेदारी

आईआईएम (अहमदाबाद) की ओर से साल 2022 में किए गए एक सर्वे के मुताबिक 2 से 10 लाख रुपये की सालाना आय वाले लोग सबसे ज्यादा सोना खरीदते हैं। कुल सोने की बिक्री में इसकी हिस्सेदारी 50 फीसदी से ज्यादा होती है। सोना महंगा होने से सबसे ज्यादा असर भी लोअर और मिडिल क्लास पर पड़ा है। वह मिडिल क्लास जो सोना खरीदने में आगे रहता था, अब उसने हाथ पीछे खींच लिए हैं। कुछ ज्वेलर्स ने बताया कि उनकी शॉप पर आने वाले ग्राहकों में मिडिल क्लास के लोगों की संख्या काफी है। सोना महंगा होने से अब काफी कम ग्राहक आ रहे हैं।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 19-03-2025 21:57 Page 1

मंईया सम्मान योजना पर छलका महिलाओं का दर्द

महिलाओं ने बीडीओ को घेरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

करौं (देवघर)। जिन मंईयां की बदौलत सरकार सत्ता में आयी, आज वह ठुकराई जा रही है। मंईयां बहनों का कहना है कि पहली किस्त मिल गयी तो दूसरी और तीसरी देने में इतनी आना कानी किस बात की है। नाम का स्पेलिंग गलत है तो आवेदन के समय ही सब देख लेना चाहिए था। एकाउंट नंबर गलत है अथवा आधार से खाता लिंक नहीं है तो पहला किस्त कैसे मिल गया। यह सब बहाना बाजी है।

महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू की है। जिसका उद्देश्य राज्य भर में महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा और कल्याण को बढ़ाना है।

इसके लिए महिला लाभार्थियों को प्रति माह दो हजार पांच सौ की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में जमा कर दिया जाता है, लेकिन प्रखंड में पहली किस्त मिलने के बाद 4502 महिलाएं योजना का लाभ पाने से वंचित हो गयी हैं।

लाभ पाने की आस में महिलाएं प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने को विवश हैं। प्रत्येक दिन जांच कराने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है।

जिला से प्राप्त सूची के अनुसार कुल 18,318 में से 13,816 महिलाओं को पिछले तीन किस्त की राशि सात हजार पांच सौ रुपये का भुगतान हुआ।

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए रोजाना दर्जनों महिलाएं प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही है। महिलाएं पदाधिकारी से मुलाकात भी कर रही है। लेकिन सम्मान योजना के लाभ से वे सभी अभी भी वंचित है।

बुधवार को दो दर्जन महिलाओं ने बीडीओ का घेराव किया एवं राशि नहीं आने का कारण पूछा।

कहा कि सैकड़ों अयोग्य इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। जबकि योग्य लाभुकों को इससे वंचित रखा जा रहा है। इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

कंप्यूटर ऑपरेटर रिंकू कुमार पंडित ने बताया कि आनलाइन करते समय दिए गए राशन कार्ड में स्वयं आवेदिका का राशन कार्ड में नाम नहीं होने के कारण सम्मान राशि नहीं गई।

वहीं आवेदिका का जो नाम (स्पेलिंग सहित) राशन कार्ड में दर्ज है, वहीं नाम आधार कार्ड में नहीं होने के कारण भी सम्मान राशि नहीं गई।

आवेदिका का बेंक खाता आधार से डीबीटी लिंक नहीं रहने के कारण भुगतान में विलंब हो सकता है। अपने खाते में आधार डीबीटी लिंक कराना जरूरी है।

ऑनलाइन के समय प्रज्ञा केंद्र वाले ने राशनकार्ड नंबर गलत इंट्री कर दिया। जिसमें आवेदिका का नाम नहीं है। जिसक कारण सम्मान राशि नहीं गया है। सही राशन कार्ड नंबर मंइयां योजना का पोर्टल खुलने के बाद सुधार कराएं।

स्कूलों में सिलेंडर और चूल्हा की उपलब्धता की मांगी जानकारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना के तहत सभी स्कूलों में एलपीजी सिलेंडर और चूल्हा उपलब्ध कराए गए हैं। अभी भी कई स्कूलों में इसकी उपलब्धता नहीं है। ऐसे स्कूलों में एलपीजी सिलेंडर और चूल्हा उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिक शिक्षा निदेशक सह झारखंड मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के निदेशक शशि रंजन ने सभी जिलों के जिला शिक्षा अधीक्षकों से ऐसे स्कूलों की सूची मांगी है। उन्होंने बकायदा इसका फारमेट भी जारी किया है।

उनके अनुसार, बाद में इसके लिए राशि उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। सभी जिलों से रिपोर्ट मिलने के बाद इसके लिए राशि की मांग केंद्र से की जाएगी। इसे लेकर पैब की होनेवाली बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जा सकता है।

आरबीआई से एक हजार करोड़ रुपये ऋण उपलब्ध कराने का आग्रह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। तमाम अटकलों को दरकिनार करते हुए राज्य सरकार ने रिजर्व बैंक से एक हजार करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। इस राशि का प्रयोग किसी योजना के लिए नहीं, बल्कि तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने में किया जाएगा।



राज्य सरकार ने अपने पत्र में एक बार फिर ओपन मार्केट बारोइंग (खुले बाजार से कर्ज) का विकल्प चुनाव है। फिलहाल एक हजार करोड़ रुपये की मांग की गई है जो किसी योजना से संबंधित नहीं है, बल्कि अचानक आनेवाली किसी जरूरत को पूरा करने में इस्तेमाल होगी।

झारखंड में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.36 लाख करोड़ रुपये का बजट बनाया गया था और सरकार का अब तक दावा यही रहा है कि योजनाओं को पूरा करने के लिए कहीं से कोई ऋण नहीं लिया जाएगा। योजनाओं के लिए सरकार अपने संसाधनों से उपाय करने की बातें करती रही है।

इस बीच, वित्तीय वर्ष के 11 माह पूरे भी हो गए हैं और अभी तक राज्य सरकार के सामने कोई अर्थसंकट नहीं आया है। परिस्थितयां सामान्य रहीं तो आगे भी राज्य सरकार को कहीं से ऋण लेने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। बहरहाल, जो ऋण की मांग गई है वह अचानक आनेवाली जरूरतों को पूरा करने के लिए मांगी गई है।

राज्य सरकार की ओर से वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने रिजर्व बैंक को पत्र लिखकर राशि की मांग की है। केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए निर्धारित कर रखा है कि वे अपने ग्रास डोमेस्टिक प्रोडक्ट के हिसाब से 3.5 फीसदी तक कर्ज ले सकते हैं। इस प्रकार झारखंड 14 हजार करोड़ रुपये तक कर्ज ले सकता है।

ओलावृष्टि से दर्जन भर घरों के उड़े छप्पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पोटका। धिरोल पंचायत के बांगो, नूतनडीह, महुलटांड़ आदि जगहों में आए तूफान एवं ओलावृष्टि से एक दर्जन घरों के छप्पर उड़ चुके हैं। जो पूरी तरह से बेघर हो गए हैं।

एक दर्जन से ज्यादा परिवार को आंशिक क्षति पहुंची है। पिछले 24 घंटे से एक हजार घरों में बिजली भी नहीं है। इस तूफान से कई खंभे टूट चुके हैं। जिसके कारण अब तक बिजली विभाग द्वारा राहत कार्य शुरू नहीं किया गया है। तूफान से पीड़ित परिवार राहत की आस लगाए पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि की ओर टकटकी लगाए देख रहे हैं।

पंचायत के उप मुखिया रामेश्वर सरदार ने कहा कि पीड़ित परिवारों का मुआयना कर रहा हूं कई ऐसे एकल विधवा परिवार हैं। जिनके घर पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

कई किसानों के 40 से 50 क्विंटल धान पानी में भीग चुके हैं। किसानों के पास खाने को दाना नहीं है। चावल, कपड़े भीग चुके हैं। पीड़ित परिवार अपने आंशुओं को दबाए हुए हैं, बिखरे आसियाने को समेटने में जुटे हुए हैं।

उप मुखिया रामेश्वर सरदार ने कहा कि तत्कालीन पीड़ित परिवारों को चिह्नित करते हुए तिरपाल, अनाज आदि मुहैया कराने की आवश्यकता है। साथ ही प्राथमिकता के आधार पर इन्हें प्रधानमंत्री या अबुआ आवास उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

धिरोल पंचायत के नूतनडीह में विष्णु सरदार, रिंकू सरदार, पुकुलु सरदार, राजेश सरदार, लखीराम सरदार, बांगो गांव में रोहित सरदार रोगा उरांव, अधीर गोप, अभिराम सरदार, मंजू गोप तथा एकल विधवा करमती उरांव, थूल्ली उरांव, मिठू गोप सुशेन गोप तथा आवास विहीन परिवारों में प्रकाश उरांव,अनिल गोप मंजूस गोप, टीकाराम गोप, शिवचरण गोप धनंजय गोप आदि पूरी तरह से बेघर हो चुके हैं। इन पूरे गांव के 1000 परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। इसके साथ-साथ सब्जी के फसल को भी ओलावृष्टि से आंशिक क्षति पहुंची है।

अब 22 की बजाय 16 कोचें लेकर चलेंगी ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। धनबाद की सबसे लोकप्रिय ट्रेनों में शुमार ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस 25 से एलएचबी रैक से चलेगी। हावड़ा से 26 मार्च से बदलाव प्रभावी होगा। रेलवे ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। एलएचबी कोच धनबाद कोचिंग डिपो पहुंच चुके हैं। कैरेज एंड वैगन विभाग के कर्मचारियों ने रैक निर्माण शुरू कर दिया है।



पारंपरिक आइसीएफ रैक के बदले एलएचबी रैक से चलने से यात्रा पहले से आरामदायक होगा, मगर कोच कम हो जाएंगे। अभी 22 कोच के साथ चलने वाली ट्रेन में मात्र 16 कोच ही जुड़ेंगे। इससे लगभग 362 सीटें कम हो जाएंगी। महिला समेत 14 के बजाय नए रैक में जनरल के केवल छह कोच जोड़े जाएंगे। आरक्षित श्रेणी के मौजूदा चार के बदले छह कोच जुड़ेंगे। इस बदलाव से सेकेंड सीटिंग की आरक्षित यात्रा करने वालों को पहले से अधिक सीटें उपलब्ध होंगी। पर जनरल कोच कम होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ेगी।

धनबाद से हावड़ा के बीच ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस 1964 में शुरू हुई थी। इससे पहले एक मार्च 1955 में धनबाद से हावड़ा के बीच कोलफील्ड एक्सप्रेस चलाई गई थी। दोनों ट्रेन एक-दूसरे की पूरक हैं। एक सुबह तो दूसरी शाम में चलती हैं। कोलफील्ड एक्सप्रेस एलएचबी रैक में पहले ही बदल चुकी है। अब 61 साल की हो चुकी ब्लैक डायमंड की भी सूरत बदलेगी।

बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को लेकर बयानबाजी तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड की राजनीति में एक बार फिर बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को लेकर बयानबाजी तेज हो चुकी है। लोकसभा में लगातार भाजपा से गोड्डा सांसद संथाल परगना में हो रही बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को उठा रहे हैं। वहीं, विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा बांग्लादेशी मुद्दे पर झारखंड सरकार को घेरा जा रहा है। अब पलटवार करते हुए झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने कहा, अगर राज्य से एक भी बांग्लादेशी घुसपैठ मिल गया तो राजनीति से दे दूंगा इस्तीफा।

झारखंड में बजट सत्र जारी है। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष ने राज्य में ठफ्ठ लागू कराने की बात कर दी। साथ ही साथ उन्होंने आरोप लगाया कि संथाल परगना में बढ़ती बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण डेमोग्राफिक चेंज हो रहा है, जिससे आदिवासी समाज शोषण का शिकार हो रहे हैं। इस पर जमकर हंगामा हुआ।

बाबूलाल मरांडी के समर्थन में पूर्व मंत्री रणधीर सिंह ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी पर व्यंग्य करते हुए उन्हें ही बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान कह दिया। यहां तक कि झारखंड में एनआरसी लागू कर उन्हें झारखंड से बाहर करने की बात कह दी है। ज्ञात हो पिछले दिनों इरफान अंसारी ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के गिरिडीह दौरे पर तंज कसते हुए कहा था, वह छत्तीसगढ़ से आए हैं और उनकी राजनीति समाप्त हो चुकी है।

बाबूलाल मरांडी और रणधीर सिंह के बयान के बाद सदन का माहौल गरमा गया है। मौके पर पलटवार करते हुए झारखंड सरकार में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा, विपक्ष कमजोर हो चुका है। इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। लेकिन अगर आपसी भाईचारे को खत्म करने की कोशिश की जाएगी तो यह बर्दास्त नहीं किया जाएगा। झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास के लिए कार्य कर रही है।बाबूलाल मरांडी को चेतवानी देते हुए इरफान अंसारी ने कहा, अगर राज्य में एक भी बांग्लादेशी घुसपैठ मिल गया तो राजनीति से इस्तीफा दे दूंगा।

अंधेरे में रहे तुरामडीह कॉलोनी के लोग

जमशेदपुर। तेज आंधी-वर्षा के चलते यूसिल तुरामडीह कालोनी समेत कंपनी का पावर करीब 18 घंटे तक बाधित रहा। सुबह 11 बजे कंपनी समेत कॉलोनी में बिजली बहाल हुई। इस दौरान यूसिल तुरामडीह माइंस समेत मिल में कामकाज ठप रहा। इससे यूसिल को करोड़ों का नुकसान हुआ है। बिजली गुल होने के चलते तुरामडीह कॉलोनी के लोगों ने रातभर अंधेरे में गुजारा। जानकारी के अनुसार कॉलोनी परिसर में कई स्थानों पर पेड़ बिजली के तार पर गिरने के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

परिसीमन में आदिवासी सीटें घटने की आशंका से झामुमो ने खेला बड़ा दांव

सुरक्षित सीटों पर है झामुमो का दबदबा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड में अगले वर्ष 2026 में परिसीमन प्रस्तावित है। इसके तहत नए सिरे से लोकसभा और विधानसभा सीटों का पुनर्निर्धारण होगा। इस प्रक्रिया की सुगबुगाहट होते ही राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का भी दौर आरंभ हो गया है।

इसकी झलक विधानसभा में देखने को मिल चुकी है, जब कल्याण विभाग के अनुदान बजट के दौरान हेमंत सरकार के मंत्रियों ने भाजपा के खिलाफ नए सिरे से मोर्चा खोल दिया। आशंका प्रकट की गई कि परिसीमन के तहत सीटों के निर्धारण में आदिवासी सीटों की संख्या घटाई जा सकती है। ऐसे में राज्य में आदिवासी सुरक्षित लोकसभा और विधानसभा पर जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधित्व को झटका लग सकता है। अभी राज्य में लोकसभा के पांच और विधानसभा की 28 सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं और आदिवासी सीटों पर पूरी तरह सत्तारूढ़ झामुमो और कांग्रेस का दबदबा है।

पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में सभी पांच आदिवासी सुरक्षित सीटों पर झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने कब्जा जमाया था, जबकि विधानसभा चुनाव के दौरान 28 में से 27 सीटें गठबंधन को अपने पाले में लाने में सफलता मिली थी। सिर्फ एक आदिवासी सुरक्षित विधानसभा सीट सरायकेला भाजपा के पास है। इस सीट पर झामुमो से भाजपा में आए पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने जीत हासिल करने में सफलता पाई थी।

ऐसी परिस्थिति में परिसीमन में सीटों की प्रकृति में बदलाव का सीधा असर पड़ेगा। इसके बहाने सत्तारूढ़ गठबंधन भाजपा पर आदिवासी विरोधी के आरोप को और धार देने की तैयारी में है तो इसका सीधा लाभ भी उसे प्राप्त होगा। ऐसी परिस्थिति भाजपा को असहज करने को काफी होगी। अभी से ही सीटें कम होने की आशंका प्रकट कर हेमंत सरकार ने एक बड़ा राजनीतिक दांव खेल दिया है। देखना होगा कि भाजपा इसपर क्या रुख अपनाती है।

दूसरी ओर संताल परगना को झारखंड से अलग करने की गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मांग को भी सत्तारूढ़ गठबंधन मुद्दा बनाकर बढ़त लेने की तैयारी में है। विधानसभा चुनाव में 18 सीटों वाले इस महत्वपूर्ण प्रमंडल में इसका परिणाम भाजपा को भुगतना पड़ा है।

संताल परगना में सिर्फ एक विधानसभा सीट भाजपा के खाते में आई। एक बार फिर सांसद द्वारा सदन में इस मांग को उठाने के बाद विवाद तूल पकड़ सकता है।

झामुमो ने इसे लेकर विधानसभा चुनाव के दरम्यान आक्रामक प्रचार अभियान चलाया था कि झारखंड का बंटवारा नहीं होने देंगे। एक बार फिर इस भावनात्मक मुद्दे के इर्द-गिर्द राजनीति होने पर सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा भाजपा को घेरने की तैयारी की जा रही है।

श्वेत क्रांति से गौ पालकों की बदल रही तकदीर

सैकड़ों लोग गाय पालन कर बने आत्मनिर्भर

प्रखण्ड में बह रही दूध की नदियां

हजारों रुपये बिक रही प्रति ट्रैक्टर गोबर खाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कैरो (लोहरदगा)। जिले के कैरो प्रखंड में दूध की नदियां बह रही है। यहां के सैकड़ों गौ-पालक दूध की बिक्री कर खुद के साथ अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं।

श्वेत क्रांति से लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है। गौ-पालन में क्षेत्र के लोगों की दिलचस्पी भी बढ़ी है। कैरो प्रखंड के गांव-गांव से प्रतिदिन 10 से 15 हजार लीटर दूध बाहर के बाजार में बिक्री के लिए भेजा जाता है।

दूध बिक्री कर गौ-पालक 10 से 15 हजार रुपये प्रति माह की आमदनी कर रहे हैं। इसके अलावे गोबर की भी अच्छी-खासी कीमत मिल जाती है।

कैरो प्रखंड क्षेत्र के लोगों के जीवन में श्वेत क्रांति बदलाव ला रही है। क्षेत्र के लोग दूध बिक्री कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो रहे हैं। कैरो प्रखंड से प्रतिदिन रांची, लोहरदगा सहित अन्य जिलों में दूध भेजने का काम किया जा रहा है।

दूध के कारोबार से जुड़े गौ-पालकों को इससे काफी अच्छी आमदनी हो रही है। प्रति लीटर दूध का दाम 40 से 50 रुपये लीटर तक मिलता है। कैरो प्रखंड के सैकड़ों गौ-पालकों का श्वेत क्रांति से तकदीर बदल रही है।

दूध बिक्री कर किसान परिवार के लोग अपने परिवार का जीविकोपार्जन करने के साथ बच्चों



को बेहतर शिक्षा भी दे रहे हैं।

कैरो प्रखंड मुख्यालय सहित उतका, नायाटोली, गाराडीह, गुड़ी, हनहट, सढ़ाबे आदि स्थानों में दूध संग्रहण केंद्र खोला गया है। जहां गौ-पालक दूध की बिक्री कर सकते हैं।

गौ-पालन से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। जिससे काफी हद तक क्षेत्र से पलायन पर भी रोक लगा है।

कैरो प्रखंड इन दिनों दूध का हब बना हुआ है। कैरो प्रखंड से प्रतिदिन 10 से 15 हजार लीटर दूध लोहरदगा, रांची सहित अन्य जिले भेजे जा रहे हैं। जहां से राजधानी सहित अन्य शहरों के होटलों में दूध भेजा जाता है।

गौ-पालक दूध बिक्री कर बेहतर आमदनी कर रहे हैं। गौ-पालकों का कहना है कि अगर बेहतर तरीके से गाय पालन किया जाए तो और भी अधिक आमदनी होगी।

दूध का व्यवसाय में अच्छी खासी आमदनी होती है।

दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जपला। पलामू जिला के जपला छतरपुर मुख्य पथ स्थित हुसैनाबाद थाना के गमहर बिगहा गांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई।

इस हादसे में एक बाइक पर सवार 37 वर्षीय शशि रंजन मेहता की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक शशि रंजन मेहता वनांचल हॉस्पिटल संचालक धर्मेंद्र मेहता के भाई हैं। वह होली मिलकर संढा गांव से जपला आ रहे थे। इसी बीच घटना घटी। घटना शुक्रवार की रात की है। घटना को लेकर होली का त्योहार मातम में बदल गया।

मौत की सूचना मिलने के बाद शशि रंजन मेहता के घर में कोहराम मच है, जबकि गांव में मातम छाया है।

पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में ग्रामीणों ने शव के साथ सुबह से जपला छतरपुर मुख्य पथ को नहर मोड़ के समीप जाम कर दिया है।

पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि प्रतिदिन बाइक सवारों को तेज रफ्तार हाईवा ट्रैक्टर और चार पहिया वाहन रौंद कर फरार हो जाते हैं। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के सिवा कुछ नहीं करती।

पूर्व विधायक ने इस घटना में दोषी बाइक चालक पर कार्रवाई करने और मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग की है। जाम स्थल पर अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने लोगों को आश्वासन दिया कि उन्होंने जपला छतरपुर रोड में तीन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए उच्चाधिकारियों को लिखा है। मानक के मुताबिक स्पीड ब्रेकर बनाया जाएगा। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि दो बाइकों की टक्कर की वजह से यह घटना घटी है। दोनों बाइकों को जब्त कर लिया गया है।

एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज मेदिनीनगर में कराया जा रहा है। उसके बयान के बाद आगे की कार्रवाई भी की जाएगी।अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम हटा लिया गया है।

अब 2.5 एकड़ क्षेत्र में भी बना सकते हैं तालाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राज्य में अब लघु सिंचाई योजना के तहत 2.5 एकड़ क्षेत्र में भी तालाब बनेंगे। इस योजना के लिए पहले भूमि की सीमा पांच एकड़ थी।

बुधवार को विधानसभा में जल संसाधन विभाग के बजट पर बोलते हुए विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने यह जानकारी दी। चर्चा के बाद बजट को पास कर दिया गया।

भाजपा विधायक अमित कुमार महतो का कटौती प्रस्ताव वापस हो गया। अपने बजट भाषण के प्रारंभ में जल संसाधन विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने माना कि राज्य में पानी और खेती की स्थिति खराब है।

नए वित्त वर्ष के लिए 19 अरब, 11 करोड़ 71 लाख छह हजार की राशि का बजट रखते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में खेती को व्यापार के अनुकूल बनाना होगा।

किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सिंचाई सुविधा का विकास किया जा रहा है। लघु सिंचाई की योजना से जो तालाब बनेंगे उनपर सोलर आधारित पंप लगाए जाएंगे।

इससे 40-50 से लेकर 100 एकड़ की जमीन सिंचित होगी। पेयजल के लिए बांधों से अंडरग्राउंड पाइप लाइन भी लगाए जाएंगे।

विभागीय मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि पथरीले इलाकों में ज्यादा चेकडैम बनाए जाएंगे। उन्होंने सदस्यों की उस मांग का समर्थन किया जिसमें ज्यादा संख्या में कच्चे चैकडैम बनाने की बात कही गई है। जल संसाधन विभाग के बजट पर चर्चा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने भी मंत्री को एक सूचना देने की बात कही।

अध्यक्ष ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में अजय बराज योजना का सबसे अधिक क्षेत्र सिंचित होना है।

लेकिन संयुक्त बिहार के समय बना इस योजना को राज्य बनने के 25 साल बाद भी उपयोग में नहीं लाया जा सका है।

अजय बराज योजना के डीपीआर से जुड़े मुद्दों को विधायक उदयशंकर सिंह ने भी उठाया। विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि देवघर जिले की पुनासी डैम परियोजना अबतक अधूरी है।

जल संसाधन विभाग के बजट पर कटौती प्रस्ताव पेश करते हुए भाजपा विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि इसमें कुछ भी नया नहीं है।

उन्होंने कहा कि पिछली बार जो बजट तय किया गया था उसका मात्र 80 प्रतिशत ही खर्च हो पाया। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि राज्य के किसानों को समृद्ध करने के लिए पहाड़ों और पठारों से निकलने वाले वर्षा जल को संरक्षित किया जाए।

अमित यादव ने सुझाव दिया कि खदानों में जमा पानी का उपयोग भी सिंचाई के लिए किया जाए।

बजट पर बात रखते हुए विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि पक्के बांधों की तुलना में कच्ची संरचना में ज्यादा पानी टिकता है।

भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र झरिया में तालाबों को भरकर बिल्डिंग बनाई जा रही है। इसके अलावा कोल खदानों से निकला मलबा भी तालाबों में डाल दिया जाता है। इसपर रोक लगनी चाहिए। जल संसाधन विभाग के बजट पर विधायक सुखराम उरांव, राजेश कच्छप, निर्मल महतो, नमन विक्सल कोगेंडी, संजय सिंह यादव, मंगल कालिंदी और राज सिन्हा ने भी अपने विचार रखे।

दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा

ई-निविदा सूचना सं.: एसईआर-ओएचई-एएसएन-बीजेई-डीएचएन-2x25के वी, दिनांक 18.03.2025. भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना), 11 कॉनवेंट लेन, बेलियाघाटा, कोलकाता-700015, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** 3000 एमटी लोडिंग लक्ष्य पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के आसनसोल-आद्रा-भोजूडीह-धनबाद अनुभाग हेतु इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम का 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में उन्नयन के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 124,73,26,055.03। **बोली सुरक्षा:** रु. 63,86,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत :** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि :** एलओए के जारी होने की तारीख से 24 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खोले जाने की तारीख से 120 दिन। **प्रश्नों को स्वीकार करने की अंतिम तारीख:** 16.04.2025। **बोली-पूर्व बैठक:** 16.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **बोली सुरक्षा के लिए मूल बैंक गारंटी (यदि लागू हो) भौतिक रूप में जमा करने की तारीख:** 05.05.2025। **निविदा जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** (1) जमा करने की अंतिम तारीख 06.05.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। (2) निविदा दिनांक 06.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट का विवरण जहां निविदा का सम्पूर्ण ब्यौरा देखे जा सकते हैं: www.ireps.gov.in** (PR-1249)

पूर्व रेलवे

एनआईटी सं. 371_2024-25, 372_2024-25 और 373_2024-25, दिनांक 18.03.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी /एसबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है **(वरिष्ठ डीईएन/1/ हावड़ा के क्षेत्राधिकार के लिए): क्रम सं. 1, एनआईटी सं. 371_2024-25, कार्य का विवरण** : एईएन/टीआर-हावड़ा के अधीन एसएसई/पी.वे/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में हावड़ा यार्ड की उन्नति के सिलसिले में पी.वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,18,80,090.79, **बयाना राशि:** रु. 2,09,400/-, **क्रम सं. 2, एनआईटी सं. 372_2024-25, कार्य का विवरण** : एईएन/ट्रैक/हावड़ा के अधीन एसएसई/पी.वे/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में टीकेपीआर कोचिंग कॉम्प्लेक्स में लाइन नं. 2, 3, 17 और 40 का उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण और फ्लाई ओवर लाइन पर ट्रैक स्ट्रक्चर की उन्नति एवं अन्य महत्वपूर्ण अनुषंगी कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,30,85,195.08, **बयाना राशि:** रु. 2,15,400/-, **क्रम सं. 3, एनआईटी सं. 373_ 2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधीन बीईक्यू स्टेशन (पीएफ नं. 3 एवं 4) पर और यूपीए स्टेशन (पीएफ नं. 1 एवं 2) पर पीएफ की ऊँचाई बढ़ाते हुए पीएफ सतह की उन्नति । **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,92,21,392.44, **बयाना राशि:** रु. 2,46,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु) । **समापन अवधि :** 06 (छह) माह (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आबेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 07.04.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-685/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली टी20 सीरीज के लिए टीम घोषित की

डिवाइन-केर की वापसी



ऑकलैंड, एजेंसी। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के साथ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। स्वास्थ्य लाभ को लेकर अवकाश पर गई सोफी डिवाइन और आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर मेली केर की टीम में वापसी हुई हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार टीम में सूजी बेट्स को चुना गया है। बेट्स टी-20 सीरीज में 33 की औसत और 112.50 की स्ट्राइक रेट से 99 रन बनाए और शीर्ष स्कोरर रहीं। पिछले वर्ष महिला टी-20 विश्वकप के बाद डिवाइन के पद छोड़ने के फैसले के बाद बेट्स अंतरिम कप्तान के रूप में टीम की अगुआई करना जारी रखेंगी। हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ली ताहुहू और बल्लेबाज बेला जेम्स की भी क्वाड्रिसेप स्ट्रेन के बाद टीम में वापसी हुई हैं। टी-20 विश्वकप चैंपियन शुक्रवार को ईडन पार्क में ऑकलैंड, टौरंगा और वेलिंगटन में तीन टी-20 मैचों में ट्रांस-तस्मान प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करेगी। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, 'हम इस सीरीज के लिए सोफ, मेली और ली को वापस पाकर रोमांचित हैं, वे टीम में अमूल्य अनुभव और नेतृत्व लेकर आए हैं। अपनी वापसी पर डिवाइन ने कहा, 'कुछ समय के लिए खुद को फिर से स्थापित करना और फिर से ध्यान केंद्रित करना अच्छा रहा। मैं लड़कियों के साथ फिर से खेलने के लिए वास्तव में उत्सुक हूं। न्यूजीलैंड 21 मार्च को ऑकलैंड के ईडन पार्क में अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा।

न्यूजीलैंड महिला टीम: - सुजी बेट्स (कप्तान), ईडन कार्सन, सोफी डिवाइन, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, फ्रैन जोनास, जेस केर, मेली केर, रोजमेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर और ली ताहुहु।

इंडियन क्रिकेटर्स को फैमिली से जुड़े नियमों में राहत नहीं



नई दिल्ली, एजेंसी। 16 मार्च को विराट कोहली ने परिवार को ज्यादा समय तक साथ रखने की बात कही थी। उन्होंने कहा, मुश्किल दौर से गुजर रहे प्लेयर्स के लिए परिवार वाले संतुलन लाते हैं। कोहली के बयान का पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने भी समर्थन किया था। खास सिचुएशन में ही इस फैसले को बदला जाएगा सचिव ने कहा, इस मामले में किसी भी तरह के बदलाव पर केवल फॉर्मल प्रोसेस के माध्यम से ही विचार किया जाएगा। विदेश दौरों के दौरान खिलाड़ियों के साथ परिवार के रहने की अवधि बढ़ा दी गई है। लेकिन इसमें कुछ खास परिस्थितियों में ही ढील दी जाएगी। नियम सभी लोगों पर सामान रूप से लागू सैकिया बोर्ड सचिव सैकिया ने क्रिकबज से कहा, बीसीसीआई मानता है कि लोगों की अलग-अलग राय हो सकती है, क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। हमारी नीति सभी टीम सदस्यों - खिलाड़ियों, कोच, प्रबंधकों, सहायक कर्मचारियों और इसमें शामिल सभी लोगों पर समान रूप से लागू होती है। सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए इसे लागू किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह नीति हाल ही में नहीं बनाई गई है और न ही इसे अचानक पेश किया गया है। यह नीति रातोंरात तैयार नहीं की गई है। यह दशकों से लागू है, हमारे अध्यक्ष रोजर बिन्नी के खेलने के दिनों से यह लागू की गई थी। नई नीति पिछली नीति का संशोधन है, जिसमें प्रैक्टिस मैच, मैच शेड्यूल, दौरे, सामान, टीम की आवाजाही और अन्य गतिविधियों में खिलाड़ियों की उपस्थिति के बारे में बताया गया है। इसका उद्देश्य टीम की एकजुटता और एकता है।

अदाणी और पीजीटीआई लॉन्च करेंगे इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप

अहमदाबाद, एजेंसी। अदाणी ग्रुप अब भारतीय प्रोफेशनल गोल्फ में अपनी शुरुआत करने जा रहा है। इस मकसद से अदाणी समूह अदाणी इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसे भारत में पुरुषों की प्रोफेशनल गोल्फ की आधिकारिक संस्था पीजीटीआई के साथ मिलकर आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य गोल्फ को अधिक लोगों तक पहुँचाना, इसे मेनस्ट्रीम स्पोर्ट में शामिल करना और नए भारतीय गोल्फ चैंपियन तैयार करना है।

यह इनॉगरल टूर्नामेंट, जिसमें 1.5 करोड़ की पुरस्कार राशि होगी, 1 से 4 अप्रैल 2025 के बीच जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजॉर्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के साथ 11 वर्षों के बाद पीजीटीआई अपनी वापसी करेगा। अदाणी एंटरप्राइज़ लिमिटेड के डायरेक्टर, प्रणव अदाणी ने कहा,हमें कपिल देव और पीजीटीआई के साथ मिलकर भारतीय प्रोफेशनल गोल्फ को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है। हमारा लक्ष्य भारत से विश्व स्तरीय गोल्फ चैंपियन तैयार करना है। हम इस खेल को अधिक सुलभ बनाने, ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने और खिलाड़ियों को बेहतरीन ट्रेनिंग एवं खेलने के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अध्यक्ष और क्रिकेट लीजेंड, कपिल देव ने अदाणी इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2025 के लॉन्च के साथ भारत में पेशेवर गोल्फ को समर्थन देने के लिए अदाणी ग्रुप का धन्यवाद करते हुए कहा,दुनिया के प्रमुख बिज़नेस ग्रुप, अदाणी ग्रुप का सहयोग पीजीटीआई को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। इससे भारत में और अधिक बेहतरीन गोल्फ खिलाड़ी तैयार होंगे, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे। मुझे उम्मीद है कि इस टूर्नामेंट के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को खेलते देखने आएंगे। अदाणी इनविटेशनल गोल्फ चैम्पियनशिप 2025 को पीजीटीआई के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए, पीजीटीआई के सीइओ श्री अमनदीप जोहल ने कहा,यह एसोसिएशन दौरे के कद को बढ़ाएगा। हम अदाणी ग्रुप के आभारी हैं, जिन्होंने भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए खेल के अधिक अवसर पैदा करने के पीजीटीआई के विजन को समझा और हमारे खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराए। आकर्षक पुरस्कार राशि, जयपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजॉर्ट में बेहतरीन खेल सुविधाओं और खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले शीर्ष खिलाड़ियों के साथ, अदाणी इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2025 एक रोमांचक और यादगार गोल्फ प्रतियोगिता होने की उम्मीद है। 29 मार्च 2025 को बेल्वेडियर गोल्फ एंड कंट्री क्लब, अहमदाबाद में एक प्री-टूर्नामेंट इवेंट आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर पीजीटीआई के 5 प्रमुख प्रोफेशनल गोल्फर एक गोल्फ क्लिनिक का संचालन करेंगे, जहां अदाणी इंटरनेशनल स्कूल के 50 बच्चों को गोल्फ की बुनियादी जानकारी दी जाएगी।



इस आयोजन में पीजीटीआई अध्यक्ष और क्रिकेट लीजेंड कपिल देव भी मौजूद रहेंगे और अदाणी ग्रुप व पीजीटीआई की साझा गोल्फ विकास योजना के बारे में बताएंगे, ताकि गोल्फिंग प्रतिभा विकसित की जा सके और भारतीय गोल्फ को आगे बढ़ाया जा सके। अदाणी ग्रुप और पीजीटीआई मिलकर बेल्वेडियर गोल्फ एंड कंट्री क्लब, अहमदाबाद में एक गोल्फ ट्रेनिंग अकादमी भी शुरू करेंगे। यह अकादमी भारत में नए गोल्फ खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने और इस खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद करेगी।

आईपीएल

पंजाब किंग्स जीत के साथ करना चाहेगी आईपीएल की शुरुआत, हेड कोच बोले-टीम पूरी तरह से तैयार

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब किंग्स का इन दिनों अपने होम ग्राउंड मुल्लांपुर स्टेडियम में कैंप लगा हुआ है, जहां टीम के खिलाड़ी अभ्यास करने में जुटे हुए है। अभ्यास सत्र से पहले प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें हेड कोच ने कहा कि इस आईपीएल की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेंगे। पंजाब किंग्स टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण हैं और टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किसी भी टीम को चुनौती देने का दम खम रखती है। यह कहना है टीम के हेड कोच रिकी पोंटिंग का है,उन्होंने यह बात मंगलवार को पीसीए क्रिकेट स्टेडियम मुल्लांपुर में एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। उनके साथ टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर भी मौजूद रहे। अय्यर ने कहा कि ही मैं दो दिन पहले ही टीम के साथ जूडा हूं लेकिन टीम के साथ अनुभव अच्छा है इसके साथ ही टीम में कई युवा खिलाड़ी है अपना बेहतर देने के लिए प्रयास कर रहे है।



मुझे नंबर-3 पर खेलना पसंद - चैंपियंस ट्रॉफी भारत को नंबर 4 पर खेलते हुए भारत को जीतने में श्रेयस अय्यर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने आईपीएल में कौन से नंबर पर बल्लेबाजी करने के सवाल पर कहा कि टी-20 मुकाबलो में नंबर-3 पर खेलना पसंद करता हूँ,लेकिन अंतिम फैसला कोच पर निर्भर करता है कि मुझे किस नंबर पर खिलाना है,इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वनडे में नंबर-4 पर खेलता रहा हूँ,लेकिन मैंने हमेशा बैटिंग टीम की जरूरत के हिसाब की है। ऐसे में टीम के कोच मुझे जिस पोजीशन पर खेलने के लिए कहेगें उसपर बैटिंग करने के लिए तैयार हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किंग्स टीम में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल है जो किसी भी पोजीशन पर खेल सकते है ऐसे में हमारा फोकस सिर्फ मैच जीतने पर है।

हेड कोच के पास अनुभव - हैंड कोच रिकी पोंटिंग के बारे में बताते हुए टीम के कप्तान ने कहा कि रिकी के साथ मैंने अलग-अलग फ्रैंचाइजी में 3-4 साल इकट्ठे काम किया है ऐसे में रिकी के पास अनुभव की कोई कमी नहीं है इसके साथ ही उनके पास खिलाड़ियों की परख भी बहुत अच्छी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह मैच के अनुसार अपनी रणनीति में बदलाव करते रहते है। ऐसे में हमारे पास कई युवा ऑलराउंडर टीम में है जिसका प्रयोग मैच व विकेट के अनुसार किया जाएगा।

मैक्सवेल, शशांक, आशुतोष तीनों बेहतर - श्रेयर अय्यर ने कहा कि टीम में हर खिलाड़ी को अपनी अपनी भूमिका के बारे में पता है। वहीं टीम में कई खिलाड़ी है जो मैच को जीतने में दम रखते है। टीम में मैक्सवेल, शशांक, आशुतोष तीनों बेहतर खिलाड़ी है इन्हें पता है कि मैच में स्थिति के हिसाब से कैसे गियर चेंज करना है। बाकी टीम धर्मशाला में अपना कैंप लगा चुकी है और अब मुल्लांपुर में कैंप में टीम कड़ा अभ्यास कर रही है।

टी20 अब ऐसे स्तर पर पहुंच गया है जहां हम 300 रन बना सकते हैं: गिल

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सीजन की शुरुआत से पहले, गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल का मानना ??है कि खेल की गति उस बिंदु पर पहुंच गई है जहां बल्लेबाजी करने वाली टीम के लिए मैच में 300 का स्कोर हासिल करना संभव है। आईपीएल 2024 एक ऐसा सीजन था जहां बल्लेबाजी के रिकॉर्ड नई ऊंचाइयों को छू गए, जैसे कि पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रनों का पीछा किया या सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर 287/3 बनाया, साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ प्रतियोगिता में अब तक का सबसे बड़ा पावर-प्ले स्कोर 125/0 बनाया। गिल ने कहा, खेल की गति इस बिंदु पर पहुंच गई है कि ऐसा लगता है कि हम एक मैच में 300 रन बना सकते हैं। पिछले साल, हम कुछ मौकों पर बहुत करीब पहुंच गए थे। इम्पैक्ट प्लेयर नियम रोमांच बढ़ाता है और आईपीएल को और भी मनोरंजक बनाता है। आईपीएल के सबसे अच्छे पहलुओं में से एक यह है कि हर दिन, एक नया खिलाड़ी स्टार के रूप में उभरता है। आप लगातार कम आंके गए प्रतिभाओं को असाधारण प्रदर्शन करते हुए देखते हैं। टूर्नामेंट की संरचना, लगातार मैचों और यात्रा के साथ, खिलाड़ियों को व्यस्त रखती है। यदि आप जीत रहे हैं, तो गति आपको लगातार तीन, चार या पांच जीत के साथ आगे ले जाती है। हालांकि, चोटें चीजों को मुश्किल बना सकती हैं। गिल ने जियोहॉटस्टार से कहा, जब एक या दो प्रमुख खिलाड़ी घायल हो जाते हैं, तो उपयुक्त प्रतिस्थापन ढूंढना एक चुनौती बन जाता है। इन बाधाओं के बावजूद, आईपीएल सबसे रोमांचक क्रिकेट आयोजन बना हुआ है, और हर सीजन खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए कुछ नया लेकर आता है।



भारत की 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीत में उप-कप्तान रहे गिल ने आईपीएल देखने की अपनी शुरुआती यादों और मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले सचिन तेंदुलकर के प्रति अपनी प्रशंसा और उनसे मिलने को याद किया। मुझे याद है कि मैं अपने पिता के साथ पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में तीन से चार मैच देखने गया था। आईपीएल के दूसरे या तीसरे साल में, मुंबई इंडियंस अभ्यास के लिए वहां आई थी। उस समय मैं लगभग नौ या दस साल का था। मेरे पास सचिन सर और ग्लेन मैक्सवेल के साथ एक फोटो भी है। मैं उनके अभ्यास के दौरान उन्हें गेंद फेंक रहा था। ये आईपीएल की मेरी कुछ शुरुआती यादें हैं। मैं बेहद नर्वस था, लेकिन मैं सचिन सर के बारे में पहले से ही जानता था। उन्हीं की वजह से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया। मेरे पिता उनके सबसे बड़े प्रशंसक हैं। हालांकि मेरे पिताजी को पोस्टरों में कभी ज्यादा दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन हमारे गांव में सचिन के पोस्टर लगे हुए थे। जीटी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और गिल ने अपनी टीम की ताकत के बारे में बात की, जिसने 2022 में अपने पहले ही मुकाबले में आईपीएल जीता था।

लवलीना और असम के अन्य मुक्केबाजों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक रहे कलिता:अजय सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि हाल में निलंबित किए गए बीएफआई महासचिव हेमंत कलिता ओलंपिक कांस्य विजेता लवलीना बोरगोहेन को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक रहे हैं। सिंह ने यहां एक आपात प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि तोक्यो ओलंपिक में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना ग्रेटर नोएडा में बृहस्पतिवार से शुरू हो रही घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहती हैं लेकिन कलिता ने उन्हें टूर्नामेंट से हटने के लिए कहा है जो असम मुक्केबाजी संघ में सचिव के पद पर काबिज हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन द्वारा की गई जांच में कलिता वित्तीय कुप्रबंधन के दोषी पाए गए हैं। सिंह ने कहा, 'असम मुक्केबाजों को महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से हतोत्साहित कर रहा है। लवलीना ने प्रतियोगिता के समर्थन में एक वीडियो रिकॉर्ड किया है। लेकिन अधिकारियों को फोन आया है कि हेमंत कलिता ने उन्हें भाग नहीं लेने के लिए कहा है। असम मुक्केबाजी में लवलीना का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए वह अपनी भागीदारी पर पुनर्विचार कर रही हैं।



कलिता ने आरोप का तुरंत जवाब नहीं दिया है। वह जल्द ही होने वाले बीएफआई चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों में से एक थे, लेकिन उनका नामांकन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि उन्हें संस्था में अलग भूमिकाओं में दो कार्यकाल पूरा करने के बाद 'कूलिंग ऑफ पीरियड से गुजरना होगा।

जसप्रीत बुमराह क्या पूरी तरह फिट हो गए?

मुंबई इंडियंस के हेड कोच महेला जयवर्धने ने स्टार पेसर की हेल्थ को लेकर शेयर किया ताजा अपडेट

नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने अपनी टीम के जसप्रीत बुमराह की स्थिति के बारे में खुलकर बात की। भारतीय तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया में जनवरी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान लगी पीठ संबंधी चोट के कारण अब भी मैदान से बाहर हैं। जसप्रीत बुमराह ने अब तक अपनी पूरी फिटनेस हासिल करने में कोई खास प्रगति नहीं की है। दो सप्ताह पहले जब भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था, तब भी मुंबई इंडियंस का यह तेज गेंदबाज मैदान से बाहर था।

महेला जयवर्धने ने कहा कि मुंबई इंडियंस बुमराह के बारे में अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। वह अभी बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी रिकवरी की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। महेला जयवर्धने ने बुधवार 19 मार्च 2025 को मुंबई में संवाददाताओं से कहा, 'जसप्रीत एनसीए में हैं और अभी-अभी उन्होंने वहां प्रॉसेस शुरू किया है। उनके बारे में उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार रहेगा। उनकी प्रगति पर दिन-प्रतिदिन नजर रखी जाएगी। उनका न होना एक चुनौती है और दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज होना हमारे लिए हमेशा फायदेमंद होता है।' महेला जयवर्धने कहा, 'हमें इंतजार करना होगा या किसी और को आगे आने का मौका तलाशना होगा। मैं इसे इसी तरह देखता हूं। यह हमें कुछ चीजें आजमाने और यह देखने का मौका देता है कि चीजें कैसे काम करती हैं। सीजन का शुरुआती हिस्सा हमें ऐसा करने का मौका देता है।' जसप्रीत बुमराह ने 2013 से अपना पूरा आईपीएल क्रिकेट मुंबई इंडियंस के लिए खेला है। पिछले कुछ वर्षों में 133 मैच में 165 विकेट लिए हैं। खेलना शुरू करने के बाद से उन्होंने सिर्फ एक ही आईपीएल सीजन मिस किया है। वह सीजन 2023 का था, तब उन्हें पीठ में चोट लगी थी।



चहल और धनश्री के तलाक पर फैसला आज, एलिमनी में इतने करोड़ रुपए देंगे युजवेंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के तलाक मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार दंपति को तलाक के बाद 6 महीने की कूलिंग पीरियड से छूट दी गई है। माननीय न्यायालय ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और अलग रह रही उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की तलाक याचिका पर 20 मार्च तक फैसला करने के लिए पारिवारिक न्यायालय को निर्देश दिया है क्योंकि पंजाब किंग्स के क्रिकेटर 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र में भाग लेंगे।

बार एंड बेंच ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक पारिवारिक न्यायालय के फैसले को पलट दिया है, जिसमें हिंदू विवाह अधिनियम के तहत क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के तलाक के लिए वैधानिक कूलिंग-ऑफ अवधि को माफ करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति माधव जामदार की पीठ ने पारिवारिक न्यायालय को आगामी आईपीएल में चहल की भागीदारी को ध्यान में रखते हुए कल तक तलाक याचिका पर फैसला करने का भी निर्देश दिया है।

बार एंड बेंच के अनुसार दिसंबर 2020 में शादी करने वाला यह जोड़ा जून 2022 से अलग रह रहा है। इस साल फरवरी में ही उन्होंने बांद्रा पारिवारिक न्यायालय के समक्ष तलाक की याचिका दायर करने का फैसला किया था। दंपति ने कूलिंग-ऑफ अवधि को माफ करने के लिए याचिका के साथ एक आवेदन भी दायर किया। धारा 13बी(2) के अनुसार, पारिवारिक न्यायालय तलाक के लिए आपसी याचिका पर उसके दाखिल होने की तिथि से छह महीने बाद ही विचार कर सकता है। समझौते और पुनर्मिलन की संभावनाओं को तलाशने के लिए दंपति को कूलिंग-ऑफ अवधि दी जाती है। लेकिन चहल और धनश्री के 2 साल से अधिक समय से एक-दूसरे से अलग रहने के कारण बॉम्बे हाईकोर्ट को नहीं लगा कि इस मामले में कूलिंग-ऑफ क्लॉज लागू होता है। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13बी के तहत याचिका दायर की गई थी जिसमें आपसी सहमति से तलाक का सुझाव दिया गया था। मामला तब जटिल हो गया जब 20 फरवरी को अदालत ने चहल और धनश्री के बीच सहमति अवधि के संबंध में आंशिक अनुपालन का हवाला देते हुए 6 महीने की वैधानिक कूलिंग अवधि को माफ करने से इनकार कर दिया। सहमति अवधि के अनुसार चहल अपनी अलग हो चुकी पत्नी को 4 करोड़ 75 लाख रुपए का स्थायी गुजारा भत्ता देने के लिए सहमत हुए थे। हालांकि, क्रिकेटर ने अब तक केवल 2 करोड़ 37 लाख और 55 हजार रुपए का भुगतान किया है। शेष राशि का भुगतान न किए जाने को न्यायालय ने गैर-अनुपालन का मामला माना, इसलिए शांत रहने की याचिका खारिज कर दी गई।





पारिवारिक परामर्शदाता की रिपोर्ट की जांच करने के बाद पारिवारिक न्यायालय ने निर्णय लिया जिसमें गैर-अनुपालन के मामले को उजागर किया गया था। बुधवार को बॉम्बे उच्च न्यायालय ने पाया कि दंपति पहले ही ढाई साल से अलग रह चुके हैं, एक तथ्य जिसने सहमति शर्तों के अनुपालन के पक्ष में फैसला सुनाया, क्योंकि इसमें शेष राशि के भुगतान का प्रावधान था। पारिवारिक न्यायालय को आगामी आईपीएल सत्र के कारण गुरुवार (20 मार्च) तक तलाक याचिका पर निर्णय लेने के लिए कहा गया है।

संक्षिप्त समाचार

शहरी सुधार की जमीन बनाएगा अर्बन चैलेंज फंड, हुडको ने किया आंध्र प्रदेश सरकार से हुआ समझौता

नईदिल्ली, एजेंसी। नई दिल्ली शहरी विकास के लिए इस साल बजट में घोषित की गई अर्बन चैलेंज फंड योजना के प्रति राज्यों ने उत्साह दिखाया है और इसके लिए फंडिंग की जिम्मेदारी संभालने वाले हुडको को भरोसा है कि यह कार्यक्रम शहरों को बुनियादी रूप से मजबूत करेगा। अर्बन चैलेंज फंड योजना के तहत शहरों में विकास के प्रोजेक्टों के लिए केंद्र सरकार 25 प्रतिशत की सहायता देगी और इतना ही पैसा राज्यों को देना है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत राशि शहरी निकाय बैंक कर्ज, बांड अथवा पीपीपी मॉडल के जरिये खुद जुटाएंगे। हुडको के सीएमडी संजय कुलश्रेष्ठ ने मंगलवार को कहा कि यह योजना राज्यों को सुधार के लिए प्रोत्साहित करने वाली है। कई राज्यों ने शुरुआती स्तर पर इसके प्रति रुचि प्रदर्शित की है और वे पानी-बिजली की ऑडिटिंग और मीटरिंग जैसे जरूरी सुधार भी कर रहे हैं। कुलश्रेष्ठ के मुताबिक यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है और इसके नतीजे कई वर्षों में दिखेंगे। हुडको के जरिये इस योजना का वित्त पोषण किया जाएगा। पीएम आवास योजना (शहरी और ग्रामीण), स्मार्ट सिटी, अमृत, स्वच्छ भारत मिशन तथा जल जीवन मिशन जैसे कई महत्वपूर्ण केंद्रीय कार्यक्रमों में शामिल हुडको को इस साल बजट में घोषित की गई औद्योगिक श्रमिकों के लिए आवासीय योजना की भी जिम्मेदारी दी गई है।

एक ट्रैक पर नहीं दौड़ेंगी नमो भारत और मेट्रो? एनएमआरसी ने जताई आपत्ति

नईदिल्ली, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक ही ट्रैक पर नमो भारत ट्रेन (रैपिड रेल) और मेट्रो चलने को लेकर अटकाव आ गया है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने दोनों को एक ही ट्रैक पर चलाने को लेकर असहमति जताई है। ऐसे में इस रूट पर मेट्रो चलने में देरी होगी। एनएमआरसी का पक्ष है कि दोनों का संचालन अलग-अलग ट्रैक पर होना चाहिए। पिछले दिनों मंत्रालय स्तर पर हुई बैठक में यह पक्ष एनएमआरसी अधिकारियों की तरफ से रखा गया। तर्क दिया गया कि मेट्रो का संचालन 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से होता है, जबकि नमो भारत ट्रेन 100 किलोमीटर प्रति घंटे या इससे भी तेज चलती है। ऐसे में मेट्रो या नमो भारत दोनों का संचालन एक साथ हो पाना मुश्किल है। अब अंतिम निर्णय मंत्रालय स्तर पर लिया जाएगा। इस रूट की डीपीआर मंजूरी की प्रक्रिया केंद्र सरकार के स्तर पर अटकी हुई है। एक्वा मेट्रो के नोएडा के सेक्टर-51 स्टेशन से नॉलेज पार्क-5 तक नई लाइन पर मेट्रो लाइन का काम शुरू किया जाना प्रस्तावित है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट होते हुए यह मेट्रो रूट गुजरेगा। वहीं, गाजियाबाद में चल रही नमो भारत ट्रेन को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ा जाना है। दोनों रूट, ग्रेटर नोएडा वेस्ट से गुजरने हैं। ग्रेनो वेस्ट से नॉलेज पार्क-5 तक दोनों के लिए एक ही ट्रैक बनाया जाए। एक्वा मेट्रो की डीपीआर मंजूरी के लिए केंद्र में मंत्रालय स्तर पर है। इसको ब्लू लाइन मेट्रो के सेक्टर-61 स्टेशन से जोड़ा जाएगा।

पाताल में भी दौड़ेगी मेट्रो ! दिल्ली में सबसे गहरी सुरंग बनकर तैयार

नईदिल्ली, एजेंसी। मेट्रो के चौथे फेज में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मंगलवार को बड़ी उपलब्धि हासिल की। दिल्ली में बन रही गोल्डन लाइन पर सबसे गहरी सुरंग बनाने का काम डीएमआरसी ने पूरा कर लिया है। इग्नू स्टेशन (छतरपुर मंदिर की तरफ से) के पास बनी इस सुरंग से बोरिंग मशीन मंगलवार को बाहर निकली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार मौजूद रहे। डीएमआरसी के मुख्य प्रवक्ता अनुज दयाल के अनुसार दिल्ली मेट्रो के चौथे फेज में तुगलकाबाद से एयरोसिटी के बीच गोल्डन लाइन पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस लाइन पर छतरपुर मंदिर से इग्नू तक सबसे गहरी सुरंग बनाने के लिए मशीन को उतारा गया था।



इस सुरंग की औसत गहराई लगभग 27 मीटर है। इस सेक्शन में सबसे कम गहराई 15 मीटर जबकि सबसे अधिक गहराई 39 मीटर है। इसके चलते यह दिल्ली मेट्रो की अभी तक बनी सभी लाइनों में सबसे गहरी सुरंग है। इस सेक्शन पर छतरपुर से इग्नू के बीच एक सुरंग के बनने का काम बीते 25 फरवरी को पूरा हो गया था। दूसरी टनल का काम पूरा होने के साथ ही इस सेक्शन पर दोनों तरफ सुरंग तैयार हो गई है। इससे पहले मैजेंटा लाइन पर हौजखास में लगभग 30 मीटर की गहराई पर तीसरे फेज में सुरंग बनाई गई थी। डीएमआरसी के अनुसार गोल्डन लाइन पर बनी इस सुरंग में लगभग 1048 रिंग लगाए गए हैं, जिनका आंतरिक व्यास 5.8 मीटर है। सुरंग का निर्माण ईपीबीएम (अर्थ प्रेशर बैलेंसिंग मेथड) की सिद्ध तकनीक का उपयोग करके किया गया है। इन टनल रिंग को मुंडका में स्थापित मशीनीकृत कास्टिंग यार्ड में तैयार किया गया है। इस सुरंग को बनाने में खड़ी ढलान के साथ-साथ कठोर चट्टानों सहित विभिन्न भू-विज्ञान की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसके कारण स्क्रू ऑगर क्षतिग्रस्त हुआ और अभियान के दौरान उसे बदला गया। डीएमआरसी के अनुसार मौजूदा वायडक्ट और निर्मित इमारतों के नीचे सुरंग के निर्माण के दौरान सभी आवश्यक सुरक्षा सावधानियां बरती गईं। आस-पास की इमारतों पर लगे अत्यधिक संवेदनशील उपकरणों से जमीनी गतिविधियों पर नजर रखी गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं कोई धंसाव न हो। मंगलवार सुबह इग्नू स्टेशन पर 1460 मीटर लंबी सुरंग खोदने के बाद टनल बोरिंग मशीन बाहर निकली। 97 मीटर लंबी एक विशाल टीबीएम का उपयोग करके यह सफलता हासिल हुई।

चौथे फेज के तहत कुल छह लाइन पर 112.42 किलोमीटर नेटवर्क बनाने का काम चल रहा है। जनकपुरी से आश्रम मार्ग, मजलिस पार्क से मौजपुर और एयरोसिटी से तुगलकाबाद पर लगभग 65 किलोमीटर नेटवर्क बनना है जिसका 60 फीसदी से ज्यादा निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बीते 5 जनवरी को जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन पर मैजेंटा लाइन का परिचालन शुरू हो चुका है। दो अतिरिक्त कॉरिडोर लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक और इंद्रप्रस्थ से इंद्रलोक के बीच बनने हैं जिनके टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।

सीमा हैदर ने दिखाई बेटी की पहली झलक



नईदिल्ली, एजेंसी। पबजी वाले प्यार की खातिर चार बच्चों के साथ अवैध रूप से नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से भारत आई पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर ने एक क्यूट सी बच्ची को जन्म दिया है। सीमा ने करीब दो वर्ष पहले गौतमबुद्ध नगर के रबूपुरा निवासी सचिन मीणा के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार शादी की थी। सीमा हैदर की यह पांचवीं संतान है, जबकि सचिन मीणा से पहली बेटी है।

बेटी के जन्म के बाद सीमा और सचिन ने फेसबुक पर दस सेकेंड का एक वीडियो बनाकर अपलोड किया है। वीडियो में सीमा अस्पताल के बिस्तर पर लेटी हुई दिखाई दे रही हैं। उनके बगल में नवजात बच्ची भी लेटी है। पांचवीं बार मां बनीं सीमा के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी।

बता दें कि, सीमा हैदर को लेबर पेन के बाद सोमवार सुबह ग्रेटर नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों की देखरेख में सीमा ने मंगलवार सुबह करीब 4 बजे एक बेटी को जन्म दिया। सीमा के वकील विक्रम सिंह मीणा ने बताया कि जच्चा और बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

मंगलवार दोपहर दोनों को अस्पताल से छुट्टी देकर घर भेज दिया गया। घर पहुंचते ही सीमा और उनकी नवजात बेटी का फूलों और ढोल नंगाड़ों से स्वागत किया गया। सभी का कहना था कि घर में लक्ष्मी का आगमन हुआ है। सचिन ने कहा कि वह पहली बार पिता बने हैं। सनातन धर्म में बेटी लक्ष्मी का रूप होती है। वह अपनी बेटी समेत पांचों बच्चों की बेहतर देखभाल करेंगे। सीमा के पास पाकिस्तानी नागरिकता है। ऐसे में कई लोग सवाल कर रहे कि भारत में जन्मी बेटी को कहां की नागरिकता मिलेगी। सीमा कानूनी प्रक्रिया का सामना कर रही हैं।

कोरोना में अधिक फीस लेने वाले यूपी के निजी स्कूलों की जांच के लिए बनी समिति

नईदिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के 17 निजी स्कूलों की वित्तीय स्थिति की जांच के लिए दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में दो सदस्यीय समिति गठित की। इन स्कूलों ने कोविड-19 महामारी के दौरान ली गई 15 प्रतिशत अतिरिक्त फीस को समायोजित करने या वापस करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है।



चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। आदेश में कहा गया है, इस मुद्दे पर प्रत्येक मामले में तथ्यों और खातों की जांच की आवश्यकता है।

इन परिस्थितियों में हम दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस जीपी मित्तल और चार्टर्ड अकाउंटेंट आदिश मेहरा की सदस्यता वाली एक समिति गठित करते हैं जो खातों की जांच करेगी और निर्दिष्ट अवधि के दौरान संबंधित स्कूलों की वित्तीय स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

गौरतलब है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निजी स्कूलों को निर्देश दिया था कि वर्ष 2020-2021 के दौरान जब महामारी अपने चरम पर थी तो अभिभावकों द्वारा भुगतान की गई फीस का 15 प्रतिशत समायोजित करें या इसे वापस करें। इस आदेश को चुनौती देते हुए 17 निजी स्कूलों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। बहरहाल, पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने प्रत्येक निजी स्कूल के तथ्यों और वित्तीय परिस्थितियों पर विचार किए बिना व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है और इसे लागू रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती। हाईकोर्ट के आदेश के बाबत चीफ जस्टिस ने कहा, आपको प्रत्येक मामले पर गौर करना होगा। निजी स्कूलों ने दलील दी कि महामारी के दौरान कुछ स्कूलों में कर्मचारियों और शिक्षकों के वेतन में कटौती के अलावा मानव संसाधन का नुकसान भी हुआ।

जजों के खिलाफ लोकपाल की सुनवाई मामले में रंजीत कुमार न्यायमित्र नियुक्त

नईदिल्ली, एजेंसी। हाई कोर्ट के जज के खिलाफ शिकायत पर लोकपाल के सुनवाई करने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट स्वत-संज्ञान लेकर इस मामले पर सुनवाई कर रहा है।

जज के खिलाफ शिकायत सुनने पर नाराजगी जताई

सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील रंजीत कुमार को इस मामले में न्यायमित्र नियुक्त किया है। इससे पहले सुनवाई में जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय ओक की पीठ ने सुनवाई के दौरान लोकपाल के हाई कोर्ट के जज के खिलाफ शिकायत सुनने पर नाराजगी जताई।

सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी को लोकपाल के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा था कि यह बहुत ही परेशान करने वाला है और न्यायपालिका की स्वतंत्रता से संबंधित है। पीठ ने उन न्यायाधीश के नाम का खुलासा करने पर भी रोक लगा दी है, जिनके खिलाफ लोकपाल ने शिकायत सुनी।

यमुना सिटी में किसानों के बच्चों और स्थानीय युवाओं को मिलेगी जॉब, नौकरी के लिए पोर्टल शुरू

नईदिल्ली, एजेंसी। यमुना विकास प्राधिकरण ने एयरपोर्ट समेत अन्य परियोजनाओं के लिए जमीन देने वाले किसान परिवारों के बच्चों और सदस्यों को नौकरी देने के लिए एक रोजगार पोर्टल बनाया है। जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को इसका लोकार्पण किया। इसके जरिये आवेदन करने वालों को उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाएगी। स्थानीय लोगों को भी रोजगार का अवसर मिलेगा। नोएडा एयरपोर्ट से अगले कुछ महीने में विमानों की उड़ान प्रस्तावित है। एयरपोर्ट के संचालन के लिए ऑपरेशन एवं हैंडलिंग से जुड़े कुछ कर्मचारियों की हायरिंग हो चुकी है, जबकि कुछ में इंटरव्यू की प्रक्रिया चल रही है। एयरपोर्ट पर कैट-9 के संचालन के लिए 84 लोगों को नौकरी पर रखा जाना था। इनमें से 45 को रखे जा चुके हैं। शेष के लिए वैकेंसी निकाली जाएगी। इसके संचालन के लिए कम से कम 15 वर्ष का अनुभव जरूरी है। इसके अलावा फायर समेत एयरपोर्ट से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए भर्ती करने की तैयारी चल रही है। इन पदों पर उन युवाओं को वरीयता दी जाएगी, जिन्होंने मुआवजे के दौरान रोजगार सहायता के लिए मिलने वाली सवा पांच लाख राशि नहीं ली थी। युवा यमुना प्राधिकरण की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रोजगार पोर्टल में आवेदन कर सकते हैं। प्राधिकरण के माध्यम से इन युवाओं को कंपनियों में भेजा जाएगा और उनका इंटरव्यू कराया जाएगा। कंपनियों में 40 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को नौकरी पर रखा जाएगा। अभी तक गौतमबुद्ध नगर के किसी भी प्राधिकरण ने युवाओं को नौकरी के लिए कोई प्रयास नहीं किए। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि युवा पोर्टल पर अपना डेटा फीड कर रोजगार हासिल कर सकेंगे। इसके अलावा शहर में कौशल विकास केंद्र भी बनाए जाएंगे। वहां युवाओं को विभिन्न प्रशिक्षण का कौशल मिलेगा। साथ ही, पोर्टल के माध्यम से इनकी मॉनिटरिंग भी की जाएगी।



अमेरिका में नाइट्रोजन गेस सुंघाकर दी सजा-ए-मौत, 1996 में महिला की हत्या का था दोषी

वाशिंगटन , एजेंसी। अमेरिका के लुइसियाना में 1996 में एक महिला की हत्या करने के दोषी पाए गए शख्स को नाइट्रोजन गैस के जरिए मौत की सजा दी गई। यह अमेरिका में नाइट्रोजन गैस से दी गई मौत की सजा का पांचवां मामला था और इससे पहले के चार मामलों से सभी अलाबामा से जुड़े हुए थे। अधिकारियों के अनुसार 46 वर्षीय जेसी हॉफमैन जूनियर को लुइसियाना स्टेट पेनिटेंटियरी में शाम 6:50 बजे मृत घोषित किया गया। नाइट्रोजन गैस की सप्लाई 19 मिनट तक जारी रही और हॉफमैन ने नाइट्रोजन सूंघकर दम तोड़ दिया।



जेसी हॉफमैन को 28 वर्षीय मैरी मौली इलियट की हत्या का दोषी ठहराया गया था। यह हत्या हॉफमैन ने 1996 में न्यू ऑरलियन्स में की थी जब वह 18 साल का था। अपराध के बाद से हॉफमैन ने अपनी अधिकांश वयस्क जिंदगी दक्षिण-पूर्वी लुइसियाना की एक जेल में बिताई। मंगलवार को उसी जेल में उसे नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा दी गई। इस महीने की शुरुआत में हॉफमैन के वकील फांसी रोकने की आखिरी कोशिश के रूप में सुप्रीम कोर्ट गए थे लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। उनका कहना था कि यह मौत की सजा देने का तरीका क्रूर है लेकिन लुइसियाना के अधिकारियों ने कोर्ट में कहा कि नाइट्रोजन गैस से सजा देने में व्यक्ति को कोई कष्ट नहीं होता। सुप्रीम कोर्ट ने 5-4 के बहुमत से लुइसियाना के अधिकारियों के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद मंगलवार को हॉफमैन को नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा दी गई। मंगलवार की दोपहर जेल के बाहर कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था लेकिन इस विरोध का हॉफमैन को दी गई मौत की सजा की योजना पर कोई असर नहीं पड़ा। इस हफ्ते अमेरिका में तीन और लोगों को मौत की सजा दी जाएगी। इन तीनों को इंजेक्शन के जरिए मौत दी जाएगी। बुधवार को एरिजोना में एक व्यक्ति को मौत की सजा दी जाएगी और गुरुवार को फ्लोरिडा और ओक्लाहोमा में दो और लोगों को सजा दी जाएगी।

एक भूल पड़ी भारी ! 1997 के बाद खसरे का सबसे बड़ा विस्फोट

डब्ल्यूएचओ बोला-सतर्क हो जाइए, यह कोविड से भी खतकनाक

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। विश्व स्वास्थ्य संगठन की नई रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप में 1997 के बाद से खसरे के मामलों में सबसे बड़ी वृद्धि हुई है। साल 2024 में 127,350 मामले दर्ज किए गए जो 2023 की तुलना में लगभग दोगुना है। डब्ल्यूएचओ यूरोप के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. हंस हेनरी पी. क्लुगे ने कहा, खसरा वापस आ गया है, और यह एक गंभीर चेतावनी है। अगर टीकाकरण दरें उच्च नहीं रहीं, तो कोई भी सुरक्षित नहीं रहेगा। पिछले साल 38 लोगों की खसरे से मौत हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की नई रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप में 1997 के बाद से खसरे के मामलों में सबसे बड़ी वृद्धि हुई है। साल 2024 में 127,350 मामले दर्ज किए गए जो 2023 की तुलना में लगभग दोगुना है। डब्ल्यूएचओ यूरोप के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. हंस हेनरी पी. क्लुगे ने कहा, खसरा वापस आ गया है, और यह एक गंभीर चेतावनी है। अगर टीकाकरण दरें उच्च नहीं रहीं, तो कोई भी सुरक्षित नहीं रहेगा। पिछले साल 38 लोगों की खसरे से मौत हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ यूरोप के मुताबिक, खसरा लगभग पूरी तरह से टीकाकरण से रोका जा सकता है । दो खुराकें 99त्न से अधिक सुरक्षा प्रदान करती हैं, लेकिन पर्याप्त संख्या में लोग टीका नहीं लगवा रहे हैं। संक्रमण को नियंत्रित रखने के लिए 95त्न आबादी को टीका लगवाना जरूरी है। बोस्निया, मोंटेनेग्रो, उत्तरी मकदूनिया और रोमानिया में 2023 में 80त्न से कम बच्चों को टीका लगाया गया था। इनमें कुछ देशों में यह दर 50त्न से भी कम है। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित देश रोमानिया (30,692 मामले) है। टीकाकरण दर घटने का एक कारण गलत जानकारी भी है। ब्रिटेन में 2002 में पूर्व चिकित्सक एंड्रयू वेकफील्ड ने झूठा दावा किया कि एमएमआर (खसरा, गलसुआ, रूबेला) वैक्सीन ऑटिज्म का कारण बनती है।

वादा किया, वादा निभाया: ट्रंप ने क्रू-9 के अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी का किया स्वागत, मस्क को कहा धन्यवाद

कैलिफोर्निया, एजेंसी। भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 286 दिनों के बाद धरती पर वापस लौट आई हैं। सुनीता से साथ बैरी विल्मोर और दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर यान तड़के 3.27 बजे अमेरिका के फ्लोरिडा में समुद्र तल पर उतारा। मिशन की सफलता पर डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क को धन्यवाद कहा है।

व्हाइट हाउस ने मंगलवार को बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नासा के क्रू-9 अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स, निक हेग, बुच विल्मोर और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बूनोव की वापसी को प्राथमिकता दी।

ट्रंप ने अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी का किया था वादा

व्हाइट हाउस ने लिखा कि वादा किया, वादा निभाया, राष्ट्रपति ट्रंप ने नौ महीनों से अंतरिक्ष में फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने का वादा किया था। आज वे सुरक्षित रूप से गल्फ ऑफ अमेरिका में लौट आए, इसके लिए एलन मस्क, स्पेसएक्स और नासा का धन्यवाद!



वहीं एलन मस्क ने नासा और स्पेसएक्स टीम को उनकी सफलता पर बधाई दी और इस मिशन को प्राथमिकता देने के लिए ट्रंप को धन्यवाद कहा। एलन मस्क ने लिखा कि, स्पेसएक्स और नासा टीम को एक और सफल अंतरिक्ष यात्री वापसी पर बधाई! इस मिशन को प्राथमिकता देने के लिए डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद! बता दें कि सुनीता विलियम्स अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर नौ महीने 14 दिन तक रहीं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उन्हें पृथ्वी पर लौटने पर 17 घंटे का वक्त लगा। अंतरिक्ष यान के पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया था। इस दौरान करीब सात मिनट के अंतरिक्ष यात्रियों से संपर्क टूट गया। अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर आए ड्रैगन कैप्सूल ने पैराशूट के साथ समुद्र में लैंडिंग की। कैप्सूल के पानी में उतरने के करीब 10 मिनट तक सुरक्षा जांच का काम पूरा किया गया।

विवाद के बीच कनाडा में संप्रभुता पर जोर

टोरंटो, एजेंसी। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मंगलवार को एक अहम घोषणा की। इसमें उन्होंने कहा कि कनाडा ऑस्ट्रेलिया से अरबों डॉलर की एक नई रडार प्रणाली खरीदेगा और आर्कटिक क्षेत्र में सैन्य अभियानों को बढ़ाएगा। यह कदम कनाडा के उत्तरी क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाया जा रहा है, ताकि इस विवादित क्षेत्र पर कनाडा की संप्रभुता को साबित किया जा सके।

प्रधानमंत्री कार्नी ने बताया कि 6 अरब कनाडाई डॉलर (लगभग 4.2 अरब अमेरिकी डॉलर) की यह रडार प्रणाली कनाडा और अमेरिका की सीमा से लेकर आर्कटिक क्षेत्र तक प्रारंभिक चेतावनी रडार कवरेज प्रदान करेगी। यह रडार ओवर-द-होराइजन रडार के नाम से जानी जाएगी। कार्नी इस घोषणा को नुनावुत क्षेत्र की राजधानी इकालुइट में स्थित एक सैन्य अड्डे से करेंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि कनाडा सरकार आर्कटिक क्षेत्र में सैन्य प्रशिक्षण और संचालन को बढ़ावा देने के लिए 420 मिलियन कनाडाई डॉलर (294 मिलियन अमेरिकी डॉलर) खर्च करेगी। इसके तहत अधिक सैन्य कर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही पीएम कार्नी ने इसके बाद अपनी यात्रा को ग्रीनलैंड से पूरा किया। बता दें कि ग्रीनलैंड में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने की धमकी दी थी, जिससे कनाडाई लोगों में गुस्सा फैल गया था और इस मुद्दे ने कनाडा की राजनीति को प्रभावित किया था।



सेल की सभी इकाइयों में बीएसएल सबसे उत्कृष्ट घोषित

वर्ष 2023- 24 का सेल कॉरपोरेट एक्सीलेंस अवार्ड जीता, बीएसएल कर्मियों ने भी गाड़े उत्कृष्टता के झंडे






बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो इस्पात संयंत्र ने निष्पादन वर्ष 2023-24 के लिए सेल कॉर्पोरेट एक्सीलेंस अवार्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'सर्वोत्कृष्ट एकीकृत इस्पात संयंत्र' का खिताब जीतने का गौरव हासिल किया है। सेल कॉर्पोरेट ऑफिस द्वारा दिया जाने वाला यह पुरस्कार सालाना होता है जिसमें संगठन के विभिन्न संयंत्रों द्वारा किए गए प्रदर्शन का मूल्यांकन 14 प्रमुख मापदंडों पर किया जाता है। उत्पादकता, व्यापारिक लाभ, उत्पादन की गुणवत्ता, पर्यावरणीय नियमों का पालन, नवाचार की प्रक्रिया, दीर्घकालिक व्यापारिक रणनीतियाँ, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, भविष्योन्मुख व्यापारिक रणनीति, भावी विस्तारीकरण योजना की गति, उत्पाद श्रृंखला संवर्धन जैसे 14 महत्वपूर्ण मापदंडों में सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संयंत्र को यह अवार्ड दिया जाता है. निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इन सभी मापदंडों में बीएसएल को सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु यह प्रतिष्ठित एवं सम्मानजनक पुरस्कार पहली बार दिया जा रहा है. आगामी 24 मार्च को यह पुरस्कार एक नै दिल्ली में एक भव्य समारोह में सेल के सभी निदेशकों और उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में सेल अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश द्वारा बीएसएल को प्रदान किया जाएगा। सेल कॉर्पोरेट एक्सीलेंस अवार्ड के व्यक्तिगत श्रेणियों में भी बोकारो इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है। वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के लिए बीएसएल कर्मियों को निम्नलिखित श्रेणियों में उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुए हैं:

1. श्री योगेश प्रसाद साहू (एचएम इलेक्ट्रिकल) को 'कॉस्ट चैंपियन' का पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस श्रेणी में कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र में लागत-प्रबंधन और समुचित संसाधन उपयोग के आधार पर पुरस्कार दिया जाता है, और श्री योगेश ने इस क्षेत्र में अपनी उच्च कार्यक्षमता दिखाई है।
2. श्री दीप कुमार सक्सेना (एसएमएस-2 एवं सीसीएस विभाग) को 'इनोवेशन एक्सपर्ट' के रूप में सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन कर्मचारियों को दिया जाता है जिन्होंने कंपनी के भीतर नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा दिया और नवीनतम तकनीकों को अपनाया। श्री सक्सेना ने संयंत्र के कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए नए और रचनात्मक उपायों को अपनाया।
3. श्री अभिषेक साहू (कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग) को 'रोल मॉडल (दिव्यांगजन)' श्रेणी में पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार उन कर्मचारियों को दिया जाता है जो अपनी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद कार्यस्थल पर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं और उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहते हैं।
4. श्री परिचय भट्टाचार्जी (सीआरएम-3 विभाग) को 'डिजिटल मास्टरमाइंड' के रूप में सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार से उन कर्मचारियों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने डिजिटल तकनीकों का कुशलतापूर्वक उपयोग किया है और संगठन की डिजिटलीकरण प्रक्रिया को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाया है। श्री परिचय ने संयंत्र के डिजिटल परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
5. श्रीमती हिना परवीन को 'विमेन ट्रैल ब्लेजर' श्रेणी में उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार महिलाओं के नेतृत्व और उनके कार्यक्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए दिया जाता है। इन पुरस्कारों और सम्मानों की घोषणा पर समस्त बीएसएल परिवार गौरवान्वित है. इस उपलब्धि पर निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने पुरस्कार विजेताओं और समस्त बोकारो इस्पात परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी है.



होली के दौरान किए गए अवैध निमार्णों को बीएसएल ने हटाया

बीएसएल के सुरक्षा विभाग की टीम टाउनशिप क्षेत्र में लगातार गश्ती कर अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अवैध निमार्णों को हटा रही है. इस कड़ी में होली के दौरान टाउनशिप के नया मोड़, सिटी सेंटर, को-ऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ इत्यादि में विशेष अभियान चला कर अवैध निमार्णों को पूरी तरह धवस्त कर अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी भी दी गई. इस अभियान के अंतर्गत नया मोड़- को-ऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ के सामने स्थित त्रिपाठी पेट्रोल पम्प के समीप अवैध रूप से बनाए गए एक दुकान तो तोड़ा गया तथा इस दुकान से सटे बाँस-बल्ली से निमार्णाधीन एक अन्य दुकान को भी तोड़ा गया. इसी अभियान के तहत को-ऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ के दाहिने ओर लगभग 25 मीटर की दूरी पर अवैध रूप से निर्माण कार्य के प्रयास को भी विफल किया गया. अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बीएसएल का अभियान लगातार जारी रहेगा.

बीएसएल के परिक्षेत्रीय गांव बांधगोड़ा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

बीएसएल के सीएसआर विभाग के द्वारा बीएसएल के परिक्षेत्रीय गांव बांधगोड़ा में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में परिक्षेत्रीय गांव बांधगोड़ा के कुल 162 मरीजों का परीक्षण तथा इलाज किया गया. कैंप में बोकारो जनरल हॉस्पिटल के सामान्य चिकित्सक डॉ असित, डॉ नितेन्द्र, डॉ ए पी गुप्ता तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ममता, डॉ विजया एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूजा, डॉ अमृता तथा दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा, डॉ नीलम, डॉ उज्जवल के साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुशील ने मरीजों का परीक्षण तथा इलाज किया. सभी मरीजों के बीच आवश्यकतानुसार दवा का वितरण भी किया गया. निःशुल्क चिकित्सा शिविर में बी एस एल के सी एस आर विभाग से महाप्रबंधक (सी एस आर) श्री बी बनर्जी के साथ श्री एस सी तिवारी, श्री संजीव, श्री गौरव, श्री संतोष उपस्थित थे. परिक्षेत्रीय गांव बांधगोड़ा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन में पिरामल स्वास्थ्य इस्पात संजीवनी मेडिकल टीम के सदस्यों का अहम् योगदान था.

संक्षिप्त समाचार

ऑटो चालकों से जबरन वसूली की थाना में शिकायत

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो रेलवे स्टेशन में स्टैंड संचालक के द्वारा ऑटो चालकों से जबरन पैसे वसूली करने का मामला सामने आया है। ऑटो चालकों को कथित रूप से जान से मारने की धमकी दिए जाने के बाद झारखंड डीजल ऑटो ड्राइवर एसोसिएशन ने बालीडीह थाने में जाकर लिखित शिकायत दी है। इस मामले में धमकी देने वालों पर कार्रवाई की मांग की गई है। ऑटो चालकों ने बताया कि आरपीएफ और जीआरपी के द्वारा स्टेशन के बाहर नो पार्किंग जोन में सवारी उतार कर वापस लौट जाने



पर किसी प्रकार की राशि नहीं देने की बात कही गई थी। लेकिन स्टैंड का ठेका लेने वाले ठेकेदार उसके कर्मियों के द्वारा जबरन गाड़ियों से पीछा कर पैसे की वसूली की जाती है और नहीं देने पर तस्वीर खींचकर रात में अकेले अपने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इससे पूर्व डीआरएम एआरएम से भी बात की गई थी, उनके द्वारा भी बाहर में किसी तरह की स्टैंड संचालक के द्वारा पैसे की वसूली नहीं किए जाने की बात कही थी लेकिन जबरन रंगदारी वसूल जा रहा है 10 की जगह 15 रुपए की वसूली की जा रही है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का त्रै-मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, वहां की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने



रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह एवं त्रै-मासिक वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। साथ हीं जांच प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजा जाता है। इस अवसर पर मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा एवं अन्य संबंधित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कोल कंपनियां पीएसयू वन क्षेत्र की करें सुरक्षा, लगाएं पौधा : विजया जाधव

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने वन अग्नि से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक की। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार समेत सभी अंचलों के अंचलाधिकारी, विभिन्न एजेंसियों/कंपनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने जिले में संचालित विभिन्न कोल कंपनियों, विभिन्न पब्लिक सेक्टर यूनिट (पीएसयू) प्रबंधनों को उनके अधिग्रहित भूमि के 05 किमी के दायरे में आने वाले वन क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर ठोस पहल करने को कहा। इस दिशा में जो कार्य होना चाहिये वह नहीं दिख रहा है। उन्होंने पौधरोपण करने, इसके लिए प्लान तैयार करने आदि की बात कहीं। वहीं, इस दिशा में अविलंब सुधार को कहा। बैठक में उपस्थित जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कोल



कंपनियों/पीएसयू के प्रतिनिधियों को अधिनियम के तहत उनके कार्य - दायित्व के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने जिले में आय - दिन वन क्षेत्रों में हो रही आगजनी की घटना पर चिंता जताई। कहा कि प्रतिदिन 18 - 20 मामले सामने आ रहें है, विभाग उपलब्ध संसाधनों में बेहतर कार्य कर रहा है। लेकिन, इस दिशा में कोल कंपनियों/पीएसयू को भी आगे आना होगा। अधिग्रहण क्षेत्र के 05 किमी के दायरे के वन क्षेत्र की सुरक्षा - संरक्षण की जिम्मेवारी कंपनियों की है, वन प्रमंडल - जिला प्रशासन इसमें सहयोग करेगा। जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों के बीच जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने, महुआ चुनने के लिए वन क्षेत्र में आग नहीं लगाने, पौधारोपण करने आदि के संबंध में जागरूक करने को कहा। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

अधिग्रहित भूमियों के दाखिल- खारिज मामलों के निष्पादन में अपेक्षित प्रगति लाएं : उपायुक्त

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त विजया जाधव ने आधारभूत संरचनाओं एवं राजस्व से संबंधित विभिन्न मामलों की समीक्षा बैठक की। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो सह डीसीएलआर निष्पादित करने अथवा संबंधित डीसीएलआर को अग्रसारित करने को कहा। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित डीसीएलआर बेरमो एवं डीसीएलआर चास को भी उनके अंतर्गत आने वाले अंचलों से संबंधित मामलों की नियमित समीक्षा कर कार्य में प्रगति लाने को कहा। परियोजनाओं से संबंधित लंबित पारिवारिक सदस्यता/वंशावली/एलपीसी के आवेदनों पर भी अंचलाधिकारियों को



मुकेश मछुआ, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी अंचलों के अंचलाधिकारी, तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता, विभिन्न एजेंसियों/कंपनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त ने आधारभूत संरचना एवं राजस्व की पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों एवं संबंधित विभाग/अंचलों द्वारा उसके अनुपालन की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की। मामलों में धीमी प्रगति पर सभी अंचलधिकारियों को विभिन्न एजेंसी/कोल कंपनियों से भूमि संबंधित कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने भूमि सत्यापन/भूमि सीमांकन एवं अधिग्रहित भूमियों का दाखिल - खारिज कार्य के निपटारे में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। सभी अंचलाधिकारियों को समय निर्धारित कर दोनों पक्षों को तामिला कराते हुए स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई करें। साथ ही, नियमित बैठक कर एजेंसी/कोल कंपनियों से जरूरी दस्तावेज/आवेदन आदि प्राप्त कर मामलों की सुनवाई कर कार्रवाई कर निष्पादित करने को कहा। समीक्षा क्रम में एजेंसियों को भी अंचल कार्यालयों से समन्वय स्थापित कर कार्य प्रगति में सहयोग करने, ससमय जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में उपायुक्त ने जिले में संचालित विभिन्न कोल कंपनियों/ पीएसयू/ सड़क निर्माण एजेंसियों आदि के आधारभूत संरचना से संबंधित कुल 45 मामलों की कार्य प्रगति पर समीक्षा किया। जिसमें सीसीएल बी एंड के एरिया का 15 मामला, सीसीएल ढ़ोरी का 01 मामला, डीवीसी का 02 मामला, बीएसएल का 01 मामला, ओएनजीसी के 25 मामला एवं गेल इंडिया का 01 मामला शामिल था। वहीं, उपायुक्त ने भू-हस्तांतरण/ लीज बंदोबस्ती से संबंधित लंबित 36 मामलों की भी प्रगति का समीक्षा किया। अंचलाधिकारियों- डीसीएलआर को भूमि चिन्हित कर हस्तांतरण की कार्रवाई को करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीसीसीएल/ सीसीएल के 17 मामलों, ओएनजीसी के 04 मामलों, इंलेक्ट्रिसिटी के 03 मामलो, गेल का 01 मामला, रेलवे का 02 मामला एवं अन्य 09 मामलों की प्रगति कार्य की समीक्षा कर जरूरी दिशा- निर्देश दिया।

शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने के लिए करें प्रेरित : उपायुक्त

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को हर मतदान केंद्र में बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने, मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की अच्छे से जांच कर लेने और यदि किसी मतदाता का नाम छूट गया हो तो उसे प्रशासन के संज्ञान में लाने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि स्पेशल समरी रिवीजन (एस.एस.आर.) के तहत 18 वर्ष के होने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़ जाए। वहीं मतदाता सूची से नाम हटाने में सतर्क रहें। युवा मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने तथा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने



के लिए प्रेरित करें। प्रपत्र 6, 7, 8 की जानकारी रखें। सभी बीएलओ के पास पर्याप्त मात्रा में विभिन्न प्रपत्र उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बूथ बदलने, बिल्डिंग की स्थिति, मतदान केंद्र में कम वोटिंग प्रतिशत, नए वोटर कार्ड का डिस्ट्रीब्यूशन, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर इत्यादि से संबंधित कोई भी शंका, शिकायत या सुझाव लिखित रूप में प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा उसका समाधान कर लिया जाएगा। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने सुझाव दिए। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, डीएसओ प्रदीप कुमार शुक्ला के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुकेश कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र त्रिवेदी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अरविंद कुमार सैनी, आजसू के रतीलाल महतो, आम आदमी पार्टी के नीतीश कुमार गुप्ता व राजेश कुमार, बहुजन समाज पार्टी के अभय कुमार, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदीप पाल, सीपीएम के हरे कृष्णा निषाद मौजूद थे।

चयनित तीन अभ्यर्थियों को डीसी ने सौंपा नियुक्ति पत्र

मनरेगा के तहत अनुबंध पर हुई है नियुक्ति, प्रखंडों में किया पदस्थापित

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गरांटी योजना (मनरेगा) के तहत बुधवार को उपायुक्त विजया जाधव ने अनुबंध पर नियुक्ति के लिए चयनित तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। मौके पर नोडल पदाधिकारी मनरेगा पंकज दूबे उपस्थित थे। उपायुक्त ने जिन तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा है। उन्में 02 कनीय अभियंता (जेई) एवं 01 लेखा सहायक (अकाउंटेंट अस्सिसटेंट) शामिल हैं। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले क्रमशः *गोमिया निवासी घनश्याम रजक (जेई), रांची निवासी अविनाश कुमार (जेई) एवं चास झ पिंड्राजोरा निवासी निरोज कुमार महता (अकाउंटेंट अस्सिसटेंट) हैं। जिनका पदस्थापन क्रमशः बेरमो, जरीडीह एवं कसमार प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में किया गया है। उपायुक्त ने सभी नव कर्मियों को शुभकामनाएं दी।

दो अफीम तस्कर गिरफ्तार, 72 लाख रुपए बाजार मूल्य का डोडा पाउडर बरामद

खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अवैध अफीम के खिलाफ खूंटी पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। कार्रवाई के दौरान मुरहू पुलिस ने हेठगोवा हॉकी मैदान के समीप जंगल से दो तस्करों को डोडा से पाउडर बनाते गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने 33 बोरा में लगभग 449 किलो डोडा जब्त किया है। डोडा से पीसा हुआ लगभग 35 किलो डोडा पाउडर, डोडा पीसने वाला मशीन, तराजू, 22हजार नकद बरामद किया गया है।

बरामद डोडे की बाजार मूल्य बहत्तर लाख बताई जा रही है। गिरफ्तार तस्करों में विपिन मुंडा और रवि मुंडा शामिल है। डीएसपी वरुण रजक ने प्रेस कांफ्रेंस कर गिरफ्तारी का खुलासा करते हुए बताया कि मुरहू इलाके में डोडा को पीसकर पाउड़र बनाकर उसकी तस्करी किये जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर इंस्पेक्टर किशुन दास और मुरहू थानेदार रामदेव यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए हेठगोवा इलाके में छापेमारी की गई। इसी दौरान हॉकी मैदान के समीप सटे जंगल मे छिपकर डोडा को पीसकर पाउडर बना रहे थे। टीम ने पाउडर बनाते दो लोगों को गिरफ्तार किया और उसके निशानदेही पर जंगल मे छिपाए गए 33 बोरा में डंप डोडा को जब्त किया गया। मौके से पुलिस ने डोडा पीसने वाली मशीन, नकद, तराजू समेत मोबाईल जब्त किया। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर विपिन मुंडा और रवि मुंडा दोनो हेठगोवा गांव के ही रहने वाले हैं और लगातार अफीम एवं डोडा की तस्करी में जेल जा चुके है। उन्होंने बताया कि दोनो के खिलाफ मुरहू थाना में आधा दर्जन एनडीपीएस के मामले दर्ज है। डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ में पुलिस को कई जानकारियां मिली हैं।

बयानों के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि जल्द ही अन्य तस्करों एवं अफीम खरीदारों का खुलासा हो सकता है। छापेमारी दल में डीएसपी वरुण रजक, मुरहू प्रभारी रामदेव कुमार यादव, पुअनि विमल कुमार, कंचन कुमार सहित जवान एवं खूंटी और मुरहू के जैप 4 के जवान शामिल थे।

चास नगर निगम के वार्ड 27 में बुनियादी सुविधा का अभाव

स्थानीय लोगों में निगम और जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर निकाय की स्थापना इसलिए हुई थी कि शहरी क्षेत्रों और मोहल्लों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराई जा सके तथा सौंदर्यीकरण की जिम्मेवारी भी नगर निकाय को ही दी गई। निकायों को इसके लिए सरकार अरबों रुपए देती हैं। इसके बावजूद भी अगर निकाय क्षेत्र में रहने वाले बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हों तो फिर क्या ही कहा जाएं। चास नगर निगम के वार्ड 27 की दयनीय स्थित एक बानगी है। वार्ड 27 के बाबा नगर तेलीडीह टांड चास में नाली और स्ट्रीट लाइट नहीं है। नाली नहीं रहने से जल निकासी की समस्या उत्पन्न ही गई है। बिजली के खंभे पर लगाए गए बल्व फ्यूज हो गए हैं। मोहल्ला में लगाया गया चापाकल खराब पड़ा है। डस्टबीन नहीं लगाया गया है। इसलिए मौहल्ले में इधर-उधर कचरा पसरा रहता है। कचरा उठाव तक की व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में स्थानीय निवासी विजय प्रसाद सिंह ने कहा कि बाबा नगर में रहने वाले लोगों ने चास नगर निगम के अपर नगर आयुक्त को मांग पत्र के माध्यम से समस्याओं से अवगत कराया और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था एवं कचरा उठाव की मांग की गई है। स्थानीय निवासी गीता देवी ने कहा, यहां तक कि विधायक व उपायुक्त को भी वार्ड में व्याप्त समस्याओं की जानकारी दी गई है। बताया गया कि उन समस्याओं को पांच हजार की आबादी झेलने को विवश है। एक अन्य ने बताया कि नगर निगम की और



से मोहल्ला में डस्टबीन स्थापित नहीं किया गया है। इसलिए यहां इधर-उधर कचरा फैला रहता है। जल की निकासी तक की व्यवस्था नहीं है। पीसीसी पथ नहीं होने के कारण लोगों वाहनों से आने जाने में परेशानी होती है। इस संबंध में निगम का कोई भी संबंधित अधिकारी बात करने को तैयार नहीं है। उनके पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि वार्ड 27 को बुनियादी सुविधा कब तक मुहैया हो सकेगी।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com